दैनिक नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...
अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 11 | देश-विदेश
बिलासपुर, मंगलवार, 03 मार्च 2026 | शुक्ल पक्ष-पूर्णिमा, | विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 अंक -313 | पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

विष्णुदेव साय को देश के सर्वश्रेष्ठ मुख्यमंत्री का खिताब

रायपुर/नवप्रदेश। नव प्रदेश छत्तीसगढ़ को अविभाजित मध्य प्रदेश से विरासत में मिली नक्सली समस्या का समाधान करने के लिए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को देश का सर्वश्रेष्ठ मुख्यमंत्री घोषित किया गया है। एक राष्ट्रीय मीडिया संस्थान ने पूरे देश में सर्वे कराने के बाद विष्णु देव साय को सबसे अच्छे मुख्यमंत्रियों की सूची प्रथम स्थान दिया है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ को द्वितीय और असम में मुख्यमंत्री हिमंत विश्वसरमा को तृतीय स्थान मिला है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह को भी उनके कार्यकाल के दौरान देश का सर्वश्रेष्ठ मुख्यमंत्री घोषित किया गया था। इस तरह दूसरी बार छत्तीसगढ़ को यह गौरव प्राप्त हुआ है। आज जैसे ही विष्णुदेव साय को देश का सर्वश्रेष्ठ मुख्यमंत्री घोषित किया गया उन्हें बधाई देने वालों का मुख्यमंत्री निवास में तांता लग गया। नतीजतन राजधानी रायपुर में फूलों का टोटा हो गया। अपने लाड़ले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को लोगों ने फूलों के हार से लाद दिया। छत्तीसगढ़ को मिले इस सम्मान पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने फोन पर विष्णुदेव साय को शुभकामनाएं दी। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने भी विष्णुदेव साय को बधाई दी है। अलबत्ता अजय चंद्राकर ने इस पर भी तंज कसा है और कहा है कि ऐसे पुरस्कार सेटिंग के चलते मिलते हैं। (एचएन)

हमारे विपक्ष के नेता अजय चंद्राकर : डॉ. चरणदास महंत

भाजपा हाईकमान ने भेजा अजय चंद्राकर को नोटिस

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के दौरान बजट पेश होने के साथ ही भाजपा के वरिष्ठ विधायक अजय चंद्राकर ने अपनी ही सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। उससे साय सरकार सकते में आ गई है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने तो सत्र के दौरान ही यह टिप्पणी कर दी थी कि विपक्ष के असली नेता तो अजय चंद्राकर ही है। उनकी इस टिप्पणी को छत्तीसगढ़ भाजपा ने गंभीरता से लिया और भाजपा हाईकमान से अजय चंद्राकर की शिकायत कर दी कि वे लगातार सरकार को घेरते हैं जिससे सरकार की छवि धूमिल हो रही है और पार्टी कार्यकर्ताओं में भी इसका गलत संदेश जा रहा है। इस पर भाजपा हाई कमान ने अजय चंद्राकर को नोटिस जारी कर उनसे स्पष्टीकरण मांगा है और कहा है कि क्यों न उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए। भाजपा आला कमान से नोटिस मिलने के बाद अजय चंद्राकर ने कहा है कि वे इसका जवाब दे देंगे लेकिन सरकार को आईना दिखाना बंद नहीं करेंगे क्योंकि पार्टी के एक वफादार सिपाही होने के नाते यह उनका कर्त्तव्य है। भले ही भाजपा चाहे तो उन्हें पार्टी से बाहर क्यों न कर दें। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार में मंत्री पद न दिए जाने के बाद से अजय चंद्राकर सरकार से नाराज चल रहे हैं और सरकार को कटघरे में खड़ा करने का कोई मौका नहीं चूक रहे हैं। साय सरकार का इतना विरोध तो विपक्षी पार्टी कांग्रेस के नेता भी नहीं कर पा रहे है जितना अकेले अजय चंद्राकर करते रहे हैं। अब देखना होगा कि भाजपा हाई कमान उनके खिलाफ क्या कार्रवाई करती हैं। (एचएन)

छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाले के आरोप से चैतन्य बघेल, लखमा समेत सभी आरोपी बरी, भावुक भूपेश बोले-सत्यमेव जयते

सत्य परेशान हो सकता है लेकिन पराजित नहीं : कवासी लखमा

सौम्या चौरसिया सहित अन्य अधिकारी और कारोबारी भी छूटे

अंततः बृजमोहन अग्रवाल कांग्रेस शरणं गच्छामि...

पार्टी की प्राथमिक सदस्यता और सांसद पद से दिया इस्तीफा

अब कांग्रेस की टिकट पर लड़ेंगे रायपुर से उपचुनाव

न्यूज गैलरी

खाद्य सामग्रियों के नमूने भेजे गए

महासमुंद/नवप्रदेश। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने सघन जांच अभियान के तहत 28 फरवरी को महासमुंद, बागबाहरा एवं तुमगांव क्षेत्र के विभिन्न प्रतिष्ठानों में दबिश देकर निरीक्षण एवं नमूना जांच की।विभागीय टीम ने तेंदूकोना स्थित विजय किराना स्टोर्स से बेसन एवं मैदा के नमूने संकलित कर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा है। वहीं महासमुंद के भवानी मिष्ठान से कलाकंद, सेव, बूंदी लड्डू एवं पेड़ा के नमूने, तुमगांव स्थित शिवा होटल से मैदा, पनीर, बूंदी एवं कलाकंद के सर्विलांस नमूने भेजे। तुमगांव स्थित साईं होटल एवं ज्ञानी फैमिली ढाबा का भी सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संचालकों को साफ-सफाई, खाद्य सुरक्षा मानकों के पालन एवं गुणवत्तापूर्ण सामग्री के उपयोग को लेकर कड़े निर्देश दिए गए। विभाग ने निर्देश दिया है कि त्योहारों के दौरान मिलावट करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी और आम जनता को सुरक्षित एवं शुद्ध खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

मासिक बैठक में मेशन मजदूर संघ की कार्यों की नई दर का निर्धारण

महासमुंद/नवप्रदेश। मेंशन मजदूर संघ तुमगांव शाखा की मासिक बैठक में अध्यक्ष राजेंद्र धीवर की अध्यक्षता में 1 मार्च को संपन्न हुई। बैठक में उपस्थित पदाधिकारी और सदस्यों के बीच आपसी सहमति से क्षेत्र में चल रहे कार्यों की नई दर का निर्धारण सर्वसम्मति से किया गया। संघ द्वारा निर्धारित कार्य दर के अनुसार ही सभी पेटी ठेकेदारों से कार्य करने की अपील करते हुए अध्यक्ष राजेंद्र धीवर, उपाध्यक्ष तिलक बंजारे, सचिव भोजराम सिन्हा ने कहा कि कार्य दर में समानता होने से किसी भी प्रकार के काम के लिए कोई वाद विवाद की स्थिति निर्मित नहीं होगी। सभी को कार्य में गुणवत्ता के साथ मजदूरों के भुगतान के प्रति सजग रहना होगा। मजदूर संघ सबके हित के लिए समर्पित संस्था है, जहां मकान निर्माता और निर्माणकर्ता के बीच आपसी सामंजस्य बनाकर कार्य पूर्ण हो, इसके लिए संस्था के पदाधिकारी और सदस्य भी जागरूक रहकर कार्य करते हैं।

महर्षि विद्या मंदिर में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर हुई प्रतियोगिताएं

महासमुंद/नवप्रदेश। महर्षि विद्या मंदिर मचेवा में 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विद्यालय के प्राचार्य राजेश कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में हुआ।कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य के स्वागत उद्बोधन से प्रारंभ हुई। उन्होंने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को विज्ञान की उपयोगिता एवं मानव जीवन में उसकी अहम भूमिका के बारे में जानकारी दी। साथ ही विद्यार्थियों को विज्ञान के क्षेत्र में नए एवं रचनात्मक नवाचार (क्रिएटिव इनोवेशन) करने के लिए प्रेरित किया। पश्चात विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, भाषण (स्पीच) प्रतियोगिता एवं साइंस विद फन गतिविधि प्रमुख रहीं।

युवक से 15 लीटर महुआ शराब जब्त

महासमुंद/नवप्रदेश। बसना पुलिस ने ग्राम तोषगांव में एक युवक के कब्जे से महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि तोषगांव निवासी दिलीप ओगरे (32) के कब्जे से देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब 15 लीटर (कीमत 3 हजार रुपए) जब्त कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

अज्ञात वाहन ने पैदल जा रहे व्यक्ति को मारी ठोकर, एक की मौत

महासमुंद/नवप्रदेश। तुमगांव से ग्राम कांपा की ओर पैदल जा रहे एक व्यक्ति की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतक अज्ञात पुरूष उम्र करीबन 30 से 35 वर्ष 26 फरवरी को पैदल तुमगांव से ग्राम कांपा की ओर जा रहा था। रात करीब 10 बजे अमावस तिराहा के पहले एनएच 53 तुमगांव पहुंचने पर पीछे से अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया। दुर्घटना में गंभीर चोट आने से उसकी मौत हो गई। मामले में अज्ञात चालक के खिलाफबीएनएस की धारा 106(1), 184 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

शासकीय प्राथमिक और माध्यमिक शाला पंडरीपानी के बच्चों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

नगरी/नवप्रदेश। शासकीय प्राथमिक माध्यमिक शाला पंडरीपानी माल के बच्चों में संतुलित विकास एवं व्यापक दृष्टिकोण विकसित करने के उद्देश्य से शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के द्वारा शिक्षक स्टाफके साथ मिलकर बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण में राजधानी रायपुर का भ्रमण करवाया गया ।सर्वप्रथम नया रायपुर स्थित पुरखौतीन मुक्तांगन पहुंचे जहां स्वल्पाहार कर छत्तीसगढ़ की संस्कृति से जुड़ी विभिन्न प्रकार के नृत्य एवं अन्य गतिविधियों का बच्चों के द्वारा बच्चों के द्वारा अवलोकन किया गया ।

शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम में बच्चों को छत्तीसगढ़ की संस्कृति को जानने का मिला मौका

धरसीवां / कूंरा । पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कुंरा के मिडिल से हायर सेकंडरी के बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत छत्तीसगढ़ की संस्कृति को जानने का मिला मौका। संस्था की प्राचार्या सुजाता बव्हल ने बताया कि शासकीय योजनाओं के अंतर्गत बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत शिक्षको द्वारा विभिन्न चरणों में कक्षावार विभिन्न स्थलों जैसे -कवर्धा जिले में छत्तीसगढ़ के खजुराहो भोरमदेव, मड़वा महल, छेरकी महल, पुरातत्व संग्रहालय भोरमदेव, नया रायपुर में ट्राइबल म्यूजियम, स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट, पुरखौती मुक्तांगन, पारले-जी बिस्किट फैक्टरी, घासीदास संग्रहालय, महासमुंद्र जिले के सिरपुर में लक्ष्मण मंदिर, गंधेश्वर महादेव मंदिर महानदी व्यू पॉइंट, सुरंग टीला, पुरातात्विक संग्रहालय व मां चंडी सिद्ध शक्तिपीठ आदि स्थानों का भ्रमण कराया गया जिसमे उन्हें प्रत्येक जगह शैक्षणिक दृष्टिकोण से गाइड किया जिसे बच्चों ने अपने नोटबुक्स में लिखा। यह शैक्षणिक भ्रमण बच्चों के लिए पूर्णतः निःशुल्क था। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को राज्य की सांस्कृतिक परंपराओं एवं धरोहरों को समझाना था। ट्राइबल म्यूजियम में बच्चों ने जनजातीय जीवन शैली को करीब से समझने के साथ साथ छत्तीसगढ़ की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहर का अवलोकन किया। पुरातात्विक संग्रहालय में बच्चों ने सदियों पुरानी परंपरा एवम शिल्प कला को जाना जो उनके समान्य ज्ञान के साथ साथ एंथ्रोपोलॉजी जैसे विषयों में उनकी रुचि उत्पन्न करने में सहायक होगा। हमारे राज्य के एयरपोर्ट को देखना एवम उसकी कार्य प्रणाली को समझना बच्चो को भविष्य में एयरक्राफ्ट इंजिनीरिंग के साथ साथ विभिन्न क्षेत्रों में जॉब के लिए अवसर के लिए ज्ञानवर्धक साबित होगा। पारले-जी बिस्किट सभी बचपन से खाते आये हैं परंतु स्वय अपनी आंखों से उनका प्रोडक्शन प्रॉसेस से लेकर पैकिंग को देखना उनमे भविष्य में वोकेशनल डेवलोपमेन्ट में नई दिशा देगा। भ्रमण के दौरान विद्यालय प्रशासन की ओर से सभी विद्यार्थियों को स्नैक्स, ब्रेकफास्ट एवम दोपहर का भोजन भी प्रदान किया गया।

होली पर हुड़दंग बर्दाश्त नहीं, नवापारा थाना में शांति समिति की हुई बैठक

भाईचारे के साथ मनाएं होली, नियम तोड़ने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

नवापारा राजिम / नवप्रदेश। नवापारा में होली पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में तहसीलदार विक्रांत सिंह राठौर और थाना प्रभारी दीपेश जायसवाल सहित जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

बैठक में टीआई दीपेश जायसवाल ने होली को रंगों और भाईचारे का त्योहार बताते हुए सभी से शालीनता और संयम के साथ पर्व मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि रंग-गुलाल के दौरान किसी भी प्रकार का बवाल न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। साथ ही रमजान माह को ध्यान में रखते हुए मुस्लिम समाज की भावनाओं का सम्मान करने और मस्जिदों में रंग-गुलाल न लगाने की अपील की गई।

संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी

थाना प्रभारी ने कहा कि होली के दिन नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस की लगातार पेट्रोलिंग रहेगी। हुड़दंग या शांति व्यवस्था भंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। शहर के संवेदनशील स्थानों बस स्टैंड, मैडम चौक, सदर बाजार, गंज मार्ग और नगर पालिका चौक पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा।

होलिका दहन में सुरक्षा और सावधानी के निर्देश

बैठक में नागरिकों से अपील की गई कि विद्युत तार, ट्रांसफॉर्मर या पैरावट के पास होलिका दहन न करें।

अवैध शराब बिक्री पर लोग हुए आक्रोशित

बैठक के दौरान शहर तथा ग्रामीणों क्षेत्र में बिक रहे अवैध शराब को लेकर लोगों में जमकर आक्रोश देखा गया। लोगों ने कहा कि शहर और गांव के गलियों में कोचिए अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहे हैं, लेकिन पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। लोगों ने पुलिस प्रशासन से मांग किया कि इन कोचियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई हो।बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने भी प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

बड़े होर्डिंग बने खतरा: छुईखदान बिजली ऑफिस के सामने हादसों का जोखिम

छुईखदान/नवप्रदेश। नगर के बिजली कार्यालय के सामने का चौक इन दिनों आमजन के बीच एक्सीडेंट चौक के नाम से चर्चित होता जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां लगाए गए अत्यधिक बड़े होर्डिंग/बोर्ड के कारण सड़क का दृश्य बाधित हो रहा है, जिससे सामने से आने वाले वाहन समय पर दिखाई नहीं देते। इसके चलते दुर्घटना की आशंका लगातार बनी हुई है।

यह स्थान बेहद महत्वपूर्ण है, जहां कवर्धा-राजनांदगांव मुख्य मार्ग के साथ-साथ उदयपुर जाने वाला मार्ग भी जुड़ता है। दिनभर इस चौक पर वाहनों की आवाजाही अधिक रहती है, लेकिन दृश्यता में कमी के कारण वाहन चालकों और पैदल राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई बार अचानक सामने आए वाहन के कारण टकराव की स्थिति बन चुकी है।नागरिकों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि चौक की तत्काल सुरक्षा जांच कराई जाए। साथ ही, दृश्यता में बाधा बन रहे होर्डिंग/बोर्ड को उचित स्थान पर स्थानांतरित किया जाए तथा यहां ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि संभावित दुर्घटनाओं पर रोक लग सके।

विधायक भावना बोहरा ने बहुप्रतीक्षित सड़क निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन

कवर्धा/नवप्रदेश। पंडरिया विधायक भावना बोहरा के निरंतर प्रयासों और डबल इंजन भाजपा सरकार में पंडरिया विधानसभा के वर्षों से बहुप्रतीक्षित मांग पूरी हो रही है। आज विधायक भावना बोहरा ने ग्राम जंगलपुर में 4 करोड़ 75 हजार रु की लागत से निर्मित होने वाले 4.10 किलोमीटर लंबे बहुप्रतीक्षित जंगलपुर-लालपुर सड़क निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन कर क्षेत्रवासियों को बधाई दी।

इस अवसर पर विधायक भावना बोहरा ने कहा कि आज का यह दिन हमारे वनांचल और आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

तालाब गहरीकरण कार्य का भाजपा जिला कोषाध्यक्ष ने किया शुभारंभ

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम बेमचा में वीबी जी राम जी योजना के तहत रोजगार गारंटी कार्य का शुभारंभ भाजपा जिला कोषाध्यक्ष राहुल चंद्राकर ने कार्य स्थल पर विधिवत भूमिपूजन कर किया। इस दौरान प्रमुख रूप से जनपद सदस्य संगीता राहुल चंद्राकर, सरपंच देवेंद्र चंद्राकर, उप सरपंच सुनीता कहार, पंचगण थनवार यादव, रिकेश यादव, चोवालाल, रोजगार सहायक संतोष भारती तथा ग्रामीण जन उपस्थित रहे। योजना के तहत 10 लाख रुपए की लागत से तालाब का गहरीकरण किया जायेगा।

इस अवसर पर बीजेपी जिला कोषाध्यक्ष श्री चंद्राकर ने कहा कि देश के सभी गांवों, गरीबों और किसानों के चहुमुखी विकास एवं जरूरतमंदों को ग्राम स्तर पर रोजगार दिलाने के लिए ही केन्द्र सरकार द्वारा विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एण्ड आजीविका मिशन (ग्रामीण) अर्थात वीबी जी-राम-जी अधिनियम 2025 लागू किया गया है। 'हर हाथ को काम' मुहैया कराने के लिए इस अधिनियम में एक ग्रामीण परिवार को अब 125 दिनों के रोजगार की कानूनी गारंटी दी गई है। मनरेगा अधिनियम में रोजगार की यह गारंटी मात्र 100 दिन की थी। राहुल ने कहा कि वीबी जी-राम-जी योजना देश के सभी गांवों की तस्वीर बदल देगी है। यह गरीबों, खेतीहर मजदूरों, किसानों सभी के लिए बेहद लाभकारी है। इस योजना से गांवों के विकास को भी मजबूती मिलेगी। स्थाई संपत्ति का निर्माण होगा। जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था में क्रांतिकारी परिवर्तन आएगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

होली उत्सव पर वंदेमातरम समिति द्वारा हास्य कवि सम्मेलन रसरंग का आयोजन

महासमुंद/नवप्रदेश। वैज्ञानिक डॉ सीवी रमन की स्मृति में मनाए जाने वाले राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की अटल टिंकरिंग लैब में विविध वैज्ञानिक गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन प्राचार्य जीआर सिन्हा के मार्गदर्शन में हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, नवाचार और रचनात्मकता का विकास करना है। कार्यक्रम के अंतर्गत साइंटिफिक्र रंगोली, पोस्टर, निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने विज्ञान दिवस के कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया।साइंटिफिक्र रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम हिमांशी टंडन (कक्षा 11वीं ए), द्वितीय कशिश साहू (कक्षा 11वीं ए), तृतीय तनु चंद्राकर (कक्षा 9वीं सी), पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम प्रोविना दीवान (कक्षा 11वीं ए), द्वितीय डिंपल गोस्वामी (कक्षा 9वीं डी), तृतीय सिमरन बघेल (कक्षा 9वीं डी), निबंध प्रतियोगिता में प्रथम प्रशांत मल्होत्रा (कक्षा 11वीं बी), द्वितीय रागिनी साहू (कक्षा 11वीं ए), तृतीय भावना साहू (कक्षा 9वीं ए), भाषण प्रतियोगिता में प्रथम रागिनी साहू (कक्षा 11वीं ए), द्वितीय दुर्गेश साहू (कक्षा 11वीं ए), तृतीय भावना साहू (कक्षा 9वीं सी) रहे।

शिक्षा मंत्री को 'महिमा रिलिजन एंड महिमा ट्रेल' पुस्तक भेंट

महासमुंद/नवप्रदेश। पंजाब नेशनल के पूर्व महाप्रबंधक एवं पूर्व सर्किल हेड (रायपुर सर्किल) बिष्णु मोहन पांडा द्वारा रचित नवीन पुस्तक 'महिमा रिलिजन एंड महिमा ट्रेल' को भारत सरकार के शिक्षा मंत्री एवं कौशल विकास मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को भेंट की गई। इस अवसर पर पुस्तक की विषय वस्तु पर संक्षिप्त चर्चा भी हुई। यह पुस्तक महिमा धर्म की उत्पत्ति, उसके दार्शनिक आधार एवं सामाजिक योगदान पर विस्तार से प्रकाश डालती है। विशेष रूप से इसमें ओडिसा राज्य में स्थित महिमा आश्रमों/तुंगियों का संक्षिप्त किंतु तथ्यात्मक विवरण प्रस्तुत किया गया है। महिमा धर्म का उद्भव ओडिशा से हुआ तथा समय के साथ यह अन्य राज्यों तक विस्तारित हुआ। महिमा धर्म जाति-प्रथा, मूर्ति-पूजा एवं कर्मकांड का विरोध करते हुए मानव कल्याण को सर्वोपरि मानता है। इसका मूल सिद्धांत 'स्वार्थ से ऊपर मानवता' है, जो भारतीय आध्यात्मिक चिंतन को एक विशिष्ट दिशा प्रदान करता है। यह धर्म सामाजिक न्याय, समानता एवं समरस विश्व व्यवस्था के निर्माण के लिए सतत कार्यरत है। महिमा धर्म का मुख्यालय जोरण्डा, जिला ढेंकनाल में स्थित है।

शिवध्वज है आध्यात्मिक जागरण और विश्व कल्याण का प्रतीक: सरिता दीदी

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम बिरगुड़ी स्थित प्रभु स्मृति भवन में ब्रह्माकुमारीज के तत्वावधान में शिव ध्वजारोहण कार्यक्रम श्रद्धा, गरिमा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं संस्था से जुड़े सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष महेश गोटा थे। विशिष्ट अतिथियों में उपसरपंच अकबर कश्यप, राधेश्याम लाल नाग, नरेंद्र कश्यप, देव पुजारी यशवंत नाग, बुधार लाल ध्रुव, रूप लाल नाग सहित ब्रह्माकुमारी भावना बहन एवं फुलेश्वरी बहन शामिल रहे। सभी अतिथियों ने विधिवत पूजा-अर्चना एवं वंदना के साथ शिव ध्वज फहराकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

होली है... स्कूल में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने एक-दूसरे पर गुलाल लगाकर खेली होली, गले मिल कर दी रंगों के पर्व की बधाई

जिनियस पब्लिक स्कूल नगरी में पत्रकारों संग रंगों की उमंग

नगरी/नवप्रदेश। जिनियस पब्लिक स्कूल में होली पर्व दिन शनिवार को विद्यालय परिसर पर नन्हे-मुन्ने बच्चों ने उत्साहपूर्वक रंगों का त्योहार मनाया। छोटे-छोटे बच्चों ने एक-दूसरे के गालों पर गुलाल लगाकर प्रेम और सौहार्द का संदेश दिया तथा गले मिलकर होली की बधाई दी। विद्यालय परिसर बच्चों की खिलखिलाहट और रंगों की खुशबू से सराबोर हो उठा। मासूम चेहरों पर सजे रंग और मुस्कान ने पूरे वातावरण को आनंदमय बना दिया। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजनों से बच्चों में आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक मूल्यों का विकास होता है। नन्हे विद्यार्थियों का यह रंगोत्सव सभी के लिए आकर्षण का केंद्र रहा और विद्यालय में उल्लासपूर्ण वातावरण बना रहा।

साथ नगरी नगर के जिनियस पब्लिक स्कूल में होली के पावन अवसर पर पत्रकारों के सम्मान में भव्य होली मिलन समारोह का दिन रविवार आयोजन किया गया। वही कार्यक्रम में नगरी क्षेत्र के पत्रकार बंधुओं एवं न्यूज़ रिपोर्टरों को सादर आमंत्रित किया गया था।

समारोह की शुरुआत नगाड़ों की गूंजती थाप और मन मोहक फाग गीत गाते शिक्षक एवं पत्रकार दिखाई हुई, जिसने पूरे विद्यालय परिसर को उत्साह और उमंग से भर दिया। रंगों के इस उल्लासपूर्ण आयोजन में जिनियस परिवार के मुखिया मोहन सोनी, संतोष अगलावे, प्राचार्य एवं समस्त स्कूल स्टाफने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं

संगीत की मधुर धुनों पर नृत्य करते हुए आपसी सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा उपस्थित पत्रकारों को उपहार भेंट कर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई एवं होली की अग्रिम शुभकामनाएं प्रेषित की गईं। पत्रकारों ने आयोजन की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए विद्यालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मक संवाद एवं सहयोग की भावना को प्रोत्साहित करते हैं।

इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर मोहन सोनी ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में मोबाइल फोन का बच्चों पर अत्यधिक प्रभाव पड़ रहा है। आने वाले समय में जिनियस पब्लिक स्कूल द्वारा पालकों और विद्यार्थियों को जोड़ते हुए सकारात्मक शैक्षणिक एवं नैतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने की योजना बनाई जा रही है।

डिप्टी सीएम ने राम मंदिर निर्माण का किया भूमिपूजन

महासमुंद/नवप्रदेश। डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने जिले के ठाकुरदिया खुर्द में आयोजित राम मंदिर के भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर भूमिपूजन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मंदिर निर्माण की आधारशिला रखी गई। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्रीराम भारतीय संस्कृति और मर्यादा के प्रतीक हैं तथा राम मंदिर का निर्माण समाज की आस्था और एकता का प्रतीक है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि अयोध्या में निर्मित श्री राम मंदिर सनातन समाज के संकल्प और आस्था की अद्भुत मिसाल है। उसी प्रेरणा से गांव-गांव में धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों का विकास होना चाहिए। अयोध्या के भगवान राम के मंदिर से ईंट लेकर इस मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। अयोध्या का श्री राम मंदिर अपने आप में विशेष है वह सनातनी मान बिंदु है, कई आक्रान्ता आये और हमारे मंदिरों को छिन्न भिन्न कर दिया था, उस समय समाज के लोगों ने संकल्प लिया होगा और 500 साल बाद राम मंदिर फिर भव्य रूप में बनकर खड़ा है। आज इस मंदिर का निर्माण का प्रारम्भ अयोध्या से लाई ईंट से हो रहा जो बहुत अद्भुत है।

दैनिक नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

बिलासपुर, मंगलवार, 03 मार्च 2026 | शुक्ल पक्ष-पूर्णिमा, | विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 अंक- 313 | पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

सीएम के सलाहकार ने भूपेश को बताया सबसे बड़ा 'लाभार्थी', पूर्व सीएम का पलटवार- 'मेहनत का पैसा है, पनामा का माल नहीं'

छत्तीसगढ़ में धान के बोनस राशि पर घमासान

रायपुर (नवप्रदेश)। छत्तीसगढ़ की सियासत में धान की अंतर राशि के भुगतान ने उबाल ला दिया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मीडिया सलाहकार पंकज झा और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बीच सोशल मीडिया पर शुरू हुई जुबानी जंग ने प्रदेश का राजनीतिक पारा सातवें आसमान पर पहुंचा दिया है। विवाद की जड़ में पंकज झा का वह पोस्ट है, जिसमें उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को ही योजना का सबसे बड़ा 'लाभार्थी' बताकर तंज कसा है।

दरअसल, राज्य सरकार द्वारा किसानों के खातों में धान की अंतर राशि (बोनस) ट्रांसफर किए जाने के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मीडिया सलाहकार पंकज झा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट साझा किया।

उन्होंने भूपेश बघेल पर निशाना साधते हुए उन्हें इस योजना का सबसे बड़ा लाभार्थी करार दिया। इस बयान को कांग्रेस ने किसानों की मेहनत का अपमान बताते हुए सरकार को आड़े हाथों लिया है।

पूर्व सीएम भूपेश का तीखा जवाब, हां जी, हुए मालामाल!

पंकज झा के तंज पर पलटवार करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बेहद आक्रामक रुख अपनाया। उन्होंने एक्स पर लिखा- 'हां जी, हुए मालामाल! किसान हैं तो माल उगाया और बेचा तो माल आया! किसानों को मिल रहे पैसे से भाजपा को इतनी जलन क्यों है? यह 'पनामा' या 'तावड़े' का माल नहीं, किसानों की मेहनत का पैसा है।'

भाजपा के राज में किसान हुए परेशान

- **सुविधाओं का अभाव:** बघेल ने आरोप लगाया कि विष्णुदेव साय सरकार ने न तो पर्याप्त खाद दी और न ही बिजली, इसके बावजूद किसानों ने पसीना बहाकर धान उगाया।
- **आय दोगुनी का वादा:** उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने के वादे पर सवाल उठाते हुए पूछा कि क्या वास्तव में आय दोगुनी हुई?
- **भाजपा के 15 साल बनाम कांग्रेस:** बघेल ने कहा कि भाजपा के पिछले 15 सालों के शासन में किसान आत्महत्या कर रहे थे, जबकि उनकी सरकार ने किसानों को सम्मान और हक का पैसा दिया।

भूपेश बघेल ने 'माल' शब्द के इस्तेमाल पर जताई आपत्ति

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भाजपा नेताओं द्वारा किसानों की कमाई के लिए 'माल' शब्द के इस्तेमाल पर कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने साफ कहा कि इसे किसी घोटाले या अवैध धन से जोड़ना अनुचित है। यह किसानों के पसीने की कमाई है जिसे भाजपा 'माल' कहकर संबोधित कर रही है। भूपेश के पलटवार के बाद प्रदेश की राजनीति में धान खरीदी को लेकर फिर सियासत गरमा गई है।

आज बेबाक

बताओ तो भला होली में भी कोई ऐसी दीपावली मनाता है क्या? अमेरिका ने ईरान पर बमबारी कर दी तो ईरान ने भी आधा दर्जन देशों पर बमों की बरसात कर दी। पाकिस्तान और अफगानिस्तान भी एक दूसरे के खिलाफ आतिशबाजी कर रहे हैं। रुस और युक्रेन पहले से ही धूम धड़ाका कर रहे हैं। समझ में नहीं आता कि प्यार का समय कम है जहां लड़ते हैं लोग कैसे वहां..। इनसे अच्छे हैं हम प्रेम पुजारी जो दुनिया पर मंडराते विश्वयुद्ध के खतरे के बीच भी मस्ती में फाग गा रहे हैं- रंग बरसे भीगी चुनर वाली रंग बरसे...।

मिडिल ईस्ट में छिड़ी जंग: कुवैत में मचाया कोहराम, अमेरिकी फाइटर जेट को मार गिराया, अबू धाबी और बगदाद में मिसाइल हमला कर दहलाया

बमों की बौछार, मिसाइलों से प्रहार, मचा हाहाकार

नई दिल्ली(एजेंसी)। मध्य पूर्व में तनाव अब और बढ़ गया है। ईरान में हाहाकार है। अमेरिका और इजरायल ने मिलकर बहुत तबाही मचाई है। हजारों लोग मारे जा चुके हैं। ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई की भी मौत हो चुकी है। इसके बाद भी ईरान युद्ध के मैदान में डटा है।

वह लगातार अमेरिकी सैन्य ठिकानों और इजरायल पर अटैक कर बदला ले रहा है। इस बीच ईरान को हिजबुल्लाह का साथ मिल गया है। मिडिल-ईस्ट युद्ध की आग में जल रहा है। ईरान से लेकर इजरायल का आसमान धुआं-धुआं है। होली के मौके पर दुनिया बम-मिसाइल वाली दिवाली देख रही है। ईरान और इजरायल-अमेरिका में युद्ध जारी है।

खामेनेई की मौत के बाद पाकिस्तान में बवाल, कराची से लेकर पीओके तक भड़की हिंसा, 35 लोगों की मौत

कराची (ए.)। ईरान पर अमेरिकी-इजरायली हमलो और सुप्रीम लीडर अली खामेनेई की मौत के विरोध में पाकिस्तान के कई शहरों में हिंसक प्रदर्शन हो रहे हैं। कराची से लेकर पीएमओ तक भड़की इस हिंसा में अब तक 35 नागरिकों की मौत हो चुकी है। वहीं 100 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। माना जा रहा है कि हिंसक प्रदर्शन के दौरान गोली लगने से इन लोगों की मौत हुई है। हालांकि पाकिस्तान ने अभी तक इसकी पुष्टि नहीं की है। पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, हिंसक प्रदर्शन के दौरान कराची में 16 मौतें हुई हैं। इसके अलावा गिलगित में 7, स्कर्दू में 6 और इस्लामाबाद में भी 6 नागरिकों की मौत हुई है। सूत्रों के अनुसार, ये सभी नागरिक झड़पों के दौरान सुरक्षा बलों और अमेरिकी मरीन सुरक्षा टुकड़ी की कार्रवाई में हताहत हुए। हालात बिगड़ने पर देर रात पंजाब सरकार ने प्रांत के अस्पतालों में इमरजेंसी घोषित कर दी।

तहसील का चपरासी लग्जरी कार में नशीला टैबलेट बेचते गिरफ्तार

सूरजपुर/नवप्रदेश। सरगुजा आबकारी उड़नदस्ता टीम ने सूरजपुर जिले में तहसील कार्यालय में पदस्थ चपरासी को नशीले टैबलेट बेचते हुए गिरफ्तार किया चपरासी की कार से 608 नग नशीले टैबलेट बरामद किए गए हैं। ये टैबलेट प्रतिबंधित हैं। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई की गई है। जानकारी के मुताबिक, संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम को 1 मार्च की शाम सूरजपुर के तिलसिवां ग्राउंड में नशे के सौदागरों की तरफ से नशीले टैबलेट की सप्लाई करने की सूचना मिली थी।

सुरंगों में ड्रोन: इजरायल-यूएस को ललकारा

मध्य पूर्व में जारी बारूदी जंग के बीच ईरान ने अपनी सैन्य ताकत का एक ऐसा वीडियो जारी किया है, जिसने दुनिया भर के रक्षा विशेषज्ञों को चौंका दिया है। ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी ने एक 'प्रोपेगैंडा वीडियो' साझा किया है, जिसमें जमीन के सैकड़ों फीट नीचे बनी सुरंगों में ड्रोनों का विशाल जखीरा दिखाई दे रहा है। ईरान द्वारा जारी किए गए वीडियो में सुरंगों के भीतर कतारबद्ध ड्रोन, रॉकेट लॉन्चरों पर तैनात यूएवी और हथियारों से लैस विशाल नेटवर्क की झलक दिखाई दे रही है। वीडियो में दीवारों पर ईरानी झंडे और दिवंगत सर्वोच्च नेता अली खामेनेई की तस्वीरें नजर आ रही हैं। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि ईरान ने पहाड़ों के नीचे मीलों लंबी सुरंगों का जाल बिछा रखा है, जहां कतारबद्ध तरीके से घातक ड्रोन रखे गए हैं। ये ड्रोन अत्याधुनिक रॉकेट लॉन्चर्स पर तैनात हैं, जो किसी भी क्षण उड़ान भरने के लिए तैयार दिख रहे हैं। सुरंगों की दीवारों पर ईरानी झंडे और दिवंगत सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की बड़ी तस्वीरें लगी हुई हैं।

भारत में 2 दिन में 760 फ्लाइट कैंसिल

इजराइल-ईरान जंग के कारण बीते दो दिन में भारत में 760+ इंटरनेशनल फ्लाइट्स कैंसिल हो चुकी हैं। आज भी दिल्ली एयरपोर्ट पर 87 फ्लाइट कैंसिल रहीं। दिल्ली, मुंबई, कोच्चि, बेंगलुरु, चेन्नई, जयपुर, अहमदाबाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट्स पर हजारों यात्री फंसे हुए हैं। मिडिल ईस्ट के मौजूदा हालात को देखते हुए और अबू धाबी के बीएपीएस हिंदू मंदिर को 9 मार्च तक विजिटर्स के लिए बंद किया गया है। इधर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज इजराइल-ईरान जंग पर प्रतिक्रिया दी है। मोदी ने दिल्ली में कनाडा के पीएम मार्क कार्नी से मुलाकात के बाद कहा, पश्चिम एशिया में के हालात चिंताजनक हैं। भारत अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए सभी देशों के साथ मिलकर काम करेगा। हम बातचीत से समस्या का समाधान निकालने के पक्ष में हैं। इधर, जम्मू-कश्मीर में लगातार दूसरे दिन ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत पर विरोध प्रदर्शन हुए।

'भारत शांति और स्थिरता का पक्षधर', मिडिल ईस्ट में छिड़ी जंग पर बोले पीएम मोदी

मिडिल ईस्ट में छिड़ी जंग को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शांति और संवाद का रास्ता अपनाने की अपील की है. उन्होंने कहा कि हालात बेहद चिंताजनक है. मौजूदा संकट का समाधान केवल बातचीत और कूटनीतिक प्रयासों से ही संभव है। इसके अलावा कोई दूसरा रास्ता नहीं है। पीएम मोदी ने कहा कि विश्व में तनाव चल रहा है। भारत शांति और स्थिरता का पक्षधर है और भारतीयों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। भारत सभी देशों के साथ मिल काम करेगा। भारत बातचीत, कूटनीति से समाधान के पक्ष में है। पीएम मोदी ने कहा कि जब दो डेमोक्रेसी एक साथ खड़ी होती हैं, तो शांति की आवाज और भी मजबूत हो जाती है। वेस्ट एशिया में मौजूदा हालात हमारे लिए गहरी चिंता की बात है। भारत बातचीत और डिप्लोमेसी के जरिए सभी विवादों को सुलझाने का समर्थन करता है। कनाडाई प्रधानमंत्री कार्नी के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद पीएम मोदी ने ये बात कही है। इस दौरान भारत और कनाडा ने यूरेनियम पर एक ऐतिहासिक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं. इसके अलावा, नागरिक परमाणु सहयोग को आगे बढ़ाते हुए दोनों देश छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों पर एक साथ मिलकर काम करेंगे।

होली पर्व की शुभकामनाएं

नवप्रदेश परिवार की ओर से समस्त देश एवं प्रदेशवासियों को होली पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। रंगों का यह त्यौहार आपके जीवन में खुशहाली लाए।

संपादक

दुनिया की सबसे बड़ी रिफाइनरी 'अरामको' पर ईरान ने किया ड्रोन अटैक

दुबई में स्थित दुनिया के सबसे बड़े ऑयल टैंक 'अरामको' पर ईरान ने अटैक किया है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, सऊदी अरब की सरकारी तेल कंपनी अरामको ने ड्रोन हमलों के बाद सोमवार को अपनी रास तनुरा तेल रिफाइनरी बंद कर दी। रिपोर्ट के मुताबिक, बंद होने की खबरों से ब्रेंट क्रूड ऑयल की कीमतें 9.32% बढ़ गई हैं। हमले के बाद इसके प्रोसेसिंग कॉम्प्लेक्स में आग लग गई। आग पर काबू पा लिया गया है।

कुवैत में अमेरिका के कई लड़ाकू विमान क्रैश

कुवैत के रक्षा मंत्रालय ने बताया है कि अमेरिका के कई लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त हुए हैं। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि क्रैश होने वाले विमानों के सभी पायलट सुरक्षित हैं और उन्हें अस्पताल भेजा गया है। रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि संबंधित अधिकारियों ने तुरंत खोज और बचाव अभियान शुरू किया, जिसके तहत क्रू सदस्यों को सुरक्षित अस्पताल ले जाया गया, सभी की हालत स्थिर है।

ईरान संकट की वजह से आज भी रद्द हो गई सैकड़ों फ्लाइट

ईरान युद्ध की वजह सैकड़ों फ्लाइट रद्द कर दी गई हैं। वहीं एयरलाइन्स ने टिकट रिफंड की अवधि बढ़ा दी है। दिल्ली हवाई अड्डे पर आज दोपहर बाद एक बजे तक यहां से जाने वाली 37 और यहां आने वाली 50 अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें हवाई क्षेत्र से संबंधित प्रतिबंधों के कारण रद्द रही हैं। ईरान के खिलाफअमेरिका और इजरायल की सैन्य कार्रवाई से उपजे पश्चिम एशिया संकट के बीच सोमवार को भी बड़ी संख्या में वहां जाने वाली और वहां से गुजरने वाली उड़ानें रद्द रहीं।

अमेरिका-ईरान युद्ध: भारत में अलर्ट हिंसा की आशंका, चौकसी बढ़ाई गई

ईरान और अमेरिका के बीच जारी युद्ध को लेकर भारत सरकार अलर्ट मोड में है। खबर है कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राज्यों को ऐहतियात बरतने के लिए पत्र लिखा है। दरअसल, इसमें सांप्रदायिक हिंसा भड़कने की आशंका को लेकर सतर्क रहने की बात कही गई है। ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई की मौत के बात भारत में कई शहरों में विरोध प्रदर्शन हुए थे। पत्र में चेतावनी दी गई है कि विदेश में हो रहे घटनाक्रमों का असर घर में हो सकता है।

गरमा-गरम

खगोलीय घटना: यह खंडग्रास चंद्र ग्रहण होगा, सिंह राशि और पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र में लगेगा, कई शहरों में दिखेगा

आज भारत में लगेगा चंद्र ग्रहण, सुबह से सूतककाल

नई दिल्ली/नवप्रदेश। 3 मार्च यानी आज साल का पहला चंद्र ग्रहण लगने वाला है। यह एक खंडग्रास चंद्र ग्रहण होगा, जो सिंह राशि और पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र में लगेगा। यह चंद्र ग्रहण भारत में भी दिखाई देगा. इस चंद्र ग्रहण का सूतक काल भी भारत में मान्य होगा। चंद्र ग्रहण दोपहर को 3 बजकर 20 मिनट पर शुरू होगा और शाम को 6 बजकर 46 मिनट पर समाप्त होगा। इसका सूतक काल सुबह 6 बजकर 20 मिनट से लागू हो जाएगा। यह चंद्र ग्रहण भारत के कई बड़े शहरों में दिखाई देने वाला है।

चंद्र ग्रहण से 9 घंटे पहले सूतक शुरू हो जाता है। इसी आधार पर 3 मार्च को सुबह 6 बजकर 20 मिनट से सूतक काल प्रभावी हो जाएगा। और ग्रहण काल के साथ ही सूतक समाप्त होगा. शास्त्रों में सूतक काल का विशेष महत्व बताया गया है। इसमें शुभ-मांगलिक कार्य नहीं किए जाते हैं।

इन देशों में दिखेगा चंद्र ग्रहण?: साल का ये पहला चंद्र ग्रहण भारत, एशिया, ऑस्ट्रेलिया और अफ्रीका में दिखाई देने वाला है। यह ग्रहण नॉर्थ-साउथ अमेरिका, प्रशांत महासागर में भी दिखाई देगा।

भारत में दिखेगा चंद्र ग्रहण?

3 मार्च को भारत में चंद्रोदय का समय शाम को करीब 6 बजकर 26 मिनट पर बताया गया है। ऐसे में संभावना यही है कि चंद्रोदय होते ही भारत के विभिन्न हिस्सों चंद्र ग्रहण दिखने लगेगा. इसके बाद शाम 6 बजकर 46 मिनट तक चंद्र ग्रहण दिखाई देगा।

भारत के इन शहरों में दिखेगा चंद्र ग्रहण?

यह चंद्र ग्रहण भारत के कई बड़े शहरों में दिखाई देने वाला है। चंद्र ग्रहण दिल्ली-एनसीआर, कोलकाता, चेन्नई, मुंबई, हैदराबाद, बेंगलुरु, अहमदाबाद, पटना, भुवनेश्वर, गुवाहाटी, इम्फाल, शिलॉन्ग, कोहिमा और ईटानगर में दिखाई देने वाला है।

होली पर 5 मिनट में पहुंचेगी-पुलिस सेंसिटव इलाकों में ड्रोन से निगरानी

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में रंगोत्सव के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन ने 'फुलप्रूफ' प्लान तैयार किया है। होली पर हुड़दंग करने वालों पर आसमान से लेकर सड़क तक कड़ी नजर रखी जाएगी। संवेदनशील इलाकों में ड्रोन कैमरे तैनात किए गए हैं, जो पल-पल की जानकारी कंट्रोल रूम को भेजेंगे। रायपुर कमिश्नरेट ने शहर को तीन हिस्सों में बांटा है। किसी भी विवाद या सूचना मिलने पर 5 मिनट के भीतर पुलिस बल मौके पर पहुंचेगा। कानून-व्यवस्था बनाए रखने और निगरानी के लिए 3000 से ज्यादा पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा।

सिविल ड्रेस में तैनात रहेगी क्राइम ब्रांच टीम

नशे के अवैध कारोबार और संदिग्ध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए क्राइम ब्रांच की 150 सदस्यीय विशेष टीम सिविल ड्रेस में तैनात रहेगी। यह टीम शराब और अन्य नशीले पदार्थों की अवैध बिक्री पर नजर रखेगी।

सुविचार

कभी कभी जिंदगी ऐसे मोड़ पर लाकर खड़ा कर देती है जब यह समझ नहीं आता कि हम जिंदगी का मजा ले रहे हैं या जिंदगी हमारे मजे ले रही है?

विकृत न हो होली का स्वरूप

हमारा देश भारत पर्व प्रधान देश है। विश्व में भारत ही एकमात्र ऐसा देश है जहां अनगिनत पर्व मनाए जाते हैं। ये सभी धार्मिक पर्व समाज को एकता के सूत्र में बांधते हैं। आपसी भाईचारा बढ़ाते हैं। ये पर्व हमारी प्राचीन धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं तथा नैतिक मूल्यों को अक्षुण्ण बनाए रखने में अग्रणी भूमिका निभाते हैं। ये सभी पर्व न सिर्फ हमें भावनात्मक सुरक्षा देते हैं बल्कि आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहित कर देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने में भी महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। ऐसा ही एक प्रमुख पर्व है होली। जो उत्साह और उमंगो का अनूठा रंग पर्व है। इस दिन सब रंगों से सराबोर होकर यह संदेश देते हैं कि हम सब एक समान हैं। अन्य धार्मिक पर्वों की तरह ही होली पर्व भी हमें एकजुटता का संदेश देता है और इसे बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में मनाया जाता है। इसके पीछे दंतकथा है कि भक्त प्रहलाद की भगवान की भक्ति से क्रोधित होकर उसके पिता हिरण्यकश्यप उसकी हत्या करने के लिए उसे अपनी बहन होलिका की गोद में बिठाकर उनका दहन कराते हैं। होलिका को वरदान प्राप्त था कि वह आग में नहीं जलेगी लेकिन वह जलकर भस्म हो जाती है और भक्त प्रहलाद बच जाते हैं। तभी से होली को बुराई पर अच्छाई की विजय के रुप में हर्षोल्लास पूर्वक मनाने की परंपरा चली आ रही है। किन्तु पिछले कुछ समय से इस पावन पर्व होली का स्वरूप विकृत होता जा रहा है। जो गहन चिंता का विषय है। यह ठीक है कि यह उत्साह उमंग और मस्ती का त्यौहार है लेकिन होली की हुड़दंग के नाम पर मर्यादा की सारी सीमाएं लांघना कतई उचित नहीं है। इस दिन नशा करके जो लोग अति करते हैं वे इस पर्व की गरिमा को खंडित करते हैं। होली पर्व पर तो आपसी दुश्मनी भूलाकर एक दूसरे से गले मिलने की परंपरा रही है लेकिन अब अराजक तत्व तो होली के दिन दुश्मनी भंजाने के मौके तलाशते हैं। नतीजतन गाली गलौज, मारपीट और यहां तक कि खून खराबे की भी नौबत आ जाती है। होली के दिन इतनी अप्रिय घटनाएं होने लगी हैं कि सभ्य और शांति प्रिय लोग होली के दिन घर से बाहर निकलना भी मुनासिब नहीं समझते। ऐसे में इस पर्व का मूल उद्देश्य ही प्रभावहीन हो जाता है कि यह बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व है। होली के स्वरूप को विकृत होने से बचाना हम सब की सामूहिक जिम्मेदारी है। अन्यथा आने वाले कुछ समय बाद होली पर्व की गरिमा नष्ट हो सकती है। होली आपसी प्रेम और भाईचारे का पर्व है। इसे हर्ष और उल्लास के साथ मनाएं लेकिन मर्यादा की लक्ष्मण रेखा न लांघे। बुराई का नाश हो, अच्छाई का प्रकाश हो, होली में सबके दुख दर्द का विनाश हो। इसी मंगल कामना के साथ समस्त पाठकों और देशवासियों को इन्द्रधनुषी रंगों के पावन पर्व होली की हार्दिक शुभकामनाएं।

विजय मिश्रा

होलिका दहन की रात भोजनोंपरांत मैं कॉलोनी के गार्डन में टहल रहा था। तभी मैंने देखा गार्डन में बने चबूतरे पर कोई व्यक्ति बैठा हुआ है। वेशभूषा से वह राजा महाराजा प्रतीत हो रहा था।साहस करके मैं उसके करीब गया और कंधे पर हाथ रखते हुए पूछा- इतनी रात गए आप अकेले अंधेरे में बैठे हैं। कौन हैं आप? देखने में तो रामलीला के कलाकार लगते हैं। इस समय तो आपको रामलीला के मंच पर होना चाहिए था। यहां भाग कर आए हैं क्या? निर्देशक के साथ कोई लड़ाई झगड़ा हो गया है? मेरे इस सवाल पर राजा महाराजा की भांति दिखने वाला वह व्यक्ति सिर उठाकर घूरते हुए बोला- मैं रामलीला का पात्र नहीं हूं। मैं राजा हिरण्यकश्यप हूं।

हिरण्यकश्यप मरते नहीं

होलिका दहन की रात भोजनोंपरांत मैं कॉलोनी के गार्डन में टहल रहा था। तभी मैंने देखा गार्डन में बने चबूतरे पर कोई व्यक्ति बैठा हुआ है। वेशभूषा से वह राजा महाराजा प्रतीत हो रहा था।साहस करके मैं उसके करीब गया और कंधे पर हाथ रखते हुए पूछा- इतनी रात गए आप अकेले अंधेरे में बैठे हैं। कौन हैं आप? देखने में तो रामलीला के कलाकार लगते हैं। इस समय तो आपको रामलीला के मंच पर होना चाहिए था। यहां भाग कर आए हैं क्या? निर्देशक के साथ कोई लड़ाई झगड़ा हो गया है?

मेरे इस सवाल पर राजा महाराजा की भांति दिखने वाला वह व्यक्ति सिर उठाकर घूरते हुए बोला- मैं रामलीला का पात्र नहीं हूं। मैं राजा हिरण्यकश्यप हूं। उसके इस जवाब से मैं भौचक्का रह गया। मैंने कहा- वही हिरण्यकश्यप जो भक्त प्रहलाद के पिता हैं। तब उसने कहा- हां, मैं वही असुर सम्राट हिरण्यकश्यप हूं। इस पर अपने कदम पीछे हटाते हुए मैंने फिर सवाल किया- आपको तो नरसिंह भगवान ने मार दिया था,तो क्या आप धरती पर दोबारा अवतरित हुए हैं? इस पर हिरण्यकश्यप ने ठहाका लगाते हुए कहा- हिरण्यकश्यप कभी मरते नहीं। हर युग में उनका अस्तित्व सर्वत्र बना रहता है। वे रूप बदल बदल कर मानव समाज में राज करते हैं। बहुरुपिए की भांति भेष परिवर्तित करके वे विधानसभा, लोकसभा, राज्यसभा, सचिवालय, चिकित्सालय, पुलिस थाना, आदि जगहों पर पाए जाते हैं। आम जनता का पाला रोज कई किस्म के हिरण्यकश्यपों से पड़ता है। जनता उन्हें देखती तो है पर पहचान नहीं पाती। आगे अपनी बात कहने के पूर्व खड़े होकर मेरे कंधे को कठोरता पूर्वक मसलते हुए हिरण्यकश्यप ने कहा- बरखुरदार,यह भी जान लो कि हिरणकश्यप किसी निरीह हिरण जैसे जीव नहीं होते। जिसे कोई भी मार दे। उसका प्राण ले ले। वर्तमान दौर में तो लोग अपनी प्राण रक्षा की

कामना करते हुए हिरण्यकश्यप की चरणों में नतमस्तक हो जाते हैं।उनके तलवे चाटने को आतुर लोग आगे पीछे घुमते हैं। वैसे आज के जमाने में हरेक व्यक्ति हिरण्यकश्यप बना बैठा है। तभी तो रंगों के पर्व होली को दंगों का पर्व बनाडाला है। बड़ी बेरहमी के साथ हरे पेड़ पौधों को काटकर जला दे रहा है। असूरों की भांति जीव जंतुओं को मार कर मांस मंदिरा में सेवन में लिप्त है।

हां हां।आपकी बात तो सही है।कहते हुए मैंने व्हेल मछली के जबड़ों की उसके कठोर हाथों से अपने सुकोमल-कमजोर कंधे को पहले मुक्त कराया। फिर पूछा-आप कलयुग के हिरणकश्यप हैं तो यह भी बता दीजिए कि आपका सुपुत्र प्रहलाद अब कैसा है? तब हिरण्यकश्यप ने कहा- हे मानव,तुम भयंकर भ्रम में जी रहे हो। इसीलिए प्रहलाद को 'सुपुत्र' कह रहे हो। आज का प्रहलाद तो सुपुत्र कहलाने लायक बचा ही नहीं है। वह तो स्वयं के माता-पिता को बेहिचक मारता फिर रहा है। नशा,अपराध में आकंठ डूबा हुआ है। जिस सपूत प्रहलाद की तुम बात कर रहे हो वह ईश्वर का नाम जपता था। आज का कपूत प्रहलाद तो ईश्वर का मजाक उड़ाते फिरता है। यह सुनकर मैंने सवाल किया- तब के प्रहलाद को आपने अपनी बहन होलिका की गोद में बिठाकर जलाने की कोशिश की थी,पर प्रहलाद बच तो गया था। होलिका जलकर भस्म हो गई थी। होलिका आज अगर प्रहलाद को लेकर होली पर में बैठेगी तो क्या होगा? मेरे इस सवाल पर हिरण्यकश्यप ने कटाक्ष करते हुए कहा- बहुत मूढ़ बुद्धि के आदमी लगते हो। अरे आज तो होलिका के साथ-साथ प्रहलाद भी जल जाएगा। इतना कहने के उपरांत लम्बी जम्हाई लेकर हिरण्यकश्यप ने गरजते हुए कहा-अब यहां से चुपचाप दफा हो जाओ अन्यथा नरसिंह रूप धारण करके तुम्हारा चीरहरण कर दूंगा। उसके के इस खौफनाक चेतावनी से मैं सिहर उठा। किसी खूंखार कुत्ते को सामने पाकर एक मरियल कुत्ता जिस तरह से दुम दबाकर भागता उसी तरह मैं भी वहां से भाग निकला।भागते दौड़ते सोच रहा था- *मानव समाज में हिरण्यकश्यप का आज भी बोलबाला है। कलयुगी प्रहलाद माता-पिता के साथ करता खूब छलावा है। होलिका तब भी जली थी, आज भी जल रही है। हिरण्यकश्यप मर गया यह तो एक भुलावा है।

नीरज मनजीत

इजराइल और अमेरिका के साझा हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह ख़ामेनेई के मारे जाने के बाद मिडिल ईस्ट में युद्ध का तनाव चरम पर है। युद्ध की आग यूरोप के उन कुछ हिस्सों तक जा पहुँची है, जहाँ अमेरिका के एयर बेस हैं। अमेरिका और इज़राइल के हमलों में खामेनेई परिवार के तक़रीबन सभी लोग मारे गए हैं। ईरान के डिफेंस मिनिस्टर तथा आर्मी चीफसहित 48 से ज़्यादा शीर्ष कमांडर भी इन हमलों में मारे गए हैं। ईरान की आर्मी इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (IRGC) के मुख्यालय को पूरी तरह तबाह कर दिया गया है। इजराइल ने इस ऑपरेशन को रोर ऑफलायन यानी शेर की दहाड़ नाम दिया है, जबकि अमेरिका ने इसे ऑपरेशन एपिक फ्यूरी यानी रोष की असाधारण अभिव्यक्ति कहा है।

मिडिल ईस्ट में जंग की भड़कती आग

इजराइल और अमेरिका के साझा हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह ख़ामेनेई के मारे जाने के बाद मिडिल ईस्ट में युद्ध का तनाव चरम पर है। युद्ध की आग यूरोप के उन कुछ हिस्सों तक जा पहुँची है, जहाँ अमेरिका के एयर बेस हैं। अमेरिका और इज़राइल के हमलों में खामेनेई परिवार के तक़रीबन सभी लोग मारे गए हैं। ईरान के डिफेंस मिनिस्टर तथा आर्मी चीफसहित 48 से ज़्यादा शीर्ष कमांडर भी इन हमलों में मारे गए हैं। ईरान की आर्मी इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (IRGC) के मुख्यालय को पूरी तरह तबाह कर दिया गया है। इजराइल ने इस ऑपरेशन को "रोर ऑफ लायन" यानी "शेर की दहाड़" नाम दिया है, जबकि अमेरिका ने इसे "ऑपरेशन एपिक फ्यूरी" यानी "रोष की असाधारण अभिव्यक्ति" कहा है। खामेनेई के मारे जाने के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि "हमने इतिहास के सबसे क्रूर लोगों में से एक को मार दिया है। इससे न केवल ईरान के लोगों को इंसाफ़ मिला है, बल्कि उन अमेरिकियों और दुनिया भर के नागरिकों के लिए भी यह न्याय की घड़ी है, जिन्हें खामेनेई के दहशतगर्द लोगों ने निशाना बनाया है।" नेतन्याहू भी ट्रंप के इस कथन से इत्तफ़ाक़ रखते हैं। ट्रंप और नेतन्याहू ईरान के लोगों से अपील कर रहे हैं कि उन्हें खामेनेई की तानाशाही से मुक्ति दिला दी गई है और वे अब नई हुक़ूमत बना लें। ईरान में बहुत से लोग खामेनेई के कट्टरवादी रवैये से ख़फ़ा थे, मगर उसके यूँ मारे जाने के बाद पूरे ईरान में उनके पक्ष में सहानुभूति की लहर चल पड़ी है। ईरान में लोग सड़कों पर उतरकर मातम मना रहे हैं। साथ ही पूरी दुनिया का शिया मुस्लिम समुदाय गुस्से से भर गया है। इसके ठीक विपरीत यूरोप और अमेरिका में जश्न मनाया जा रहा है। ईरान में भी महिलाओं की एक बड़ी तादाद खामेनेई की मौत का जश्न मना रही है। इधर ईरान की आर्मी इंतकाम की कसमें खा रही है। प्रतिशोध की आग में तपती IRGC ने कुवैत, यूएई, कतर, बहरीन, जॉर्डन, इराक, साइप्रस में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर मिसाइलें दागी हैं। इसके अलावा यूएई की एक बड़ी तेल रिफाइनरी को भी निशाना बनाया गया है। कुछ

मिसाइलें आबू धाबी और दुबई के रिहाइशी इलाक़ों में गिरी हैं। इज़राइल के रिहाइशी इलाक़ों पर तो अनगिनत मिसाइलें फेंकी गई हैं और ड्रोन हमले किए गए हैं। इज़राइल के आयरन डोम ने नब्बे फीसदी हमलों को नाकाम कर दिया है। इसके बावजूद कुछ नागरिक मारे गए हैं और इमारतों को भी नुक़सान हुआ है, पर इज़राइल इसके लिए तैयार है। लगता है इस बार इज़राइल और अमेरिका आर-पार की लड़ाई लड़ने के मूड में हैं। अयातुल्लाह खामेनेई को 1989 में तत्कालीन सुप्रीमो खोमैनी की मृत्यु के बाद सुप्रीम लीडर बनाया गया था। पिछले 36 वर्षों से ईरान पर उसका एकछत्र शासन था। खामेनेई की छवि एक कट्टरपंथी लीडर की रही है, जो इज़राइल और अमेरिका से से ज़्यादाहद घृणा करता था। इज़राइल को तो वह दुनिया के नक्शे से मिटा देना चाहता था। इसी मक़सद को लेकर ख़ामेनेई ने खूंखार आर्मी ढ्रन्नष्ट का गठन किया था। इसके अलावा मिडिल ईस्ट ने सक्रिय दहशतगर्द संगठन हमास, हिजबुल्लाह और हूती के गुरिल्ला लड़ाकों को हथियार और पैसों की मदद देकर इज़राइल के ख़िलाफ़ खड़ा कर दिया था। इन खूनी दहशतगर्दों ने इज़राइल की नाक में दम कर रखा था। इसके अलावा ख़ामेनेई ने भूमिगत सुरंग में ख़तरनाक मिसाइलों का जखीरा इकट्ठा कर लिया था।

इन तैयारियों से शायद अमेरिका और इज़राइल को उतनी परेशानी नहीं हो रही थी, मगर जब ख़ामेनेई ने एटमी हथियार बनाने की मुहिम शुरू की, तो अमेरिका और इज़राइल के कान खड़े हो गए। ख़ास तौर पर इज़राइल कतई नहीं चाहता था कि उसका सबसे बड़ा दुश्मन, जो उसका अस्तित्व मिटा देना चाहता है, एटमी ताक़त से लैस हो जाए। मिडिल ईस्ट की पेट्रो डॉलर से समृद्ध हुई शक्तियां भी अपने आसपास एटमी हथियार नहीं चाहती थीं। अमेरिका, इज़राइल और मिडिल ईस्ट के मुस्लिम देश दबाव डालकर ईरान के एटमी प्रोग्राम को रोकना चाहते थे, मगर ख़ामेनेई अपनी ज़िद पर अड़े हुए थे। पिछले साल जून में अमेरिका ने ईरान के इस्फ़हान इलाक़े में ज़मीन के नीचे सुरंग में बनाए गए ईरान के सबसे बड़े न्यूक्लियर रिसर्च सेंटर पर बंकर बर्स्टर मिसाइलें दागकर उसे नष्ट कर दिया था। इसके बावजूद ख़ामेनेई अपना परमाणु कार्यक्रम छोड़ने को राजी नहीं थे। इस मामले को लेकर पिछले हफ़्ते जेनेवा में अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत भी चल रही थी। ईरान परमाणु बम बनाने के क़रीब था। लगता है जब यह बातचीत किसी मक़ाम तक नहीं पहुँच सकी, तब ईरान को रोकने के लिए अमेरिका और इज़राइल के पास हमले के अलावा और कोई विकल्प नहीं था। अब सवाल यह है कि अमेरिका और इज़राइल के सामने ईरान कितने दिनों तक टिक पाएगा तथा अब ईरान का भविष्य क्या है? एक बात तो तय है कि इंतक़ाम की कसमें खाती ईरानी आर्मी तब तक जवाबी हमले जारी रखेगी, जब तक उसका मिसाइलों का जखीरा ख़त्म नहीं हो जाता। ईरान की बर्बादी तो तय दिख रही है, मगर IRGC भी इज़राइल और मिडिल ईस्ट के देशों को काफी नुक़सान पहुंचाएगी। इस बीच अगर डोनाल्ड ट्रंप और नेतन्याहू अपनी पसंद के किसी शख़्स को ईरान का सुप्रीम लीडर बनाने में कामयाब हो जाते हैं, तो यह जंग रुक सकती है।

रह न जाए कोई मलाल फागुन में
रंग जाए गोरे गोरे गाल फागुन में ।
कसी कसी सी रश्के कमर उसकी
गोरी की बदली जो चाल फागुन में ।
सिंदूरी श्रृंगार उसकी हर रंग में साथ
बलम पिचकारी का ख्याल फागुन में ।
कोई है जो आपके रंग में भंग करे
है फिर चंद्रग्रहण इस साल फागुन में ।
रंगों की तासीर बूढ़े भी लगे जवान
ढ़ोल नगाड़े बजे उड़े गुलाल फागुन में ।
मस्ती आनंद के रंगों में घुलते रंजोगम
जिनसे भी नहीं जो बोलचाल फागुन में ।
कोई जो ज्ञान दे रंगों पानी की बर्बादी पे
होते मेरी बातों से पीला लाल फागुन में ।
खुशियाँ बाँटने से बढ़े ये हंसी ठिठोली
गोरी तेरी भीगी चुनरी संभाल फागुन में ।

सुरेश वैष्णव

सद्गुरू बोधामृतम्

सदगुरू ऋतेश्वर

- हर एक मनुष्य की बस एक चाहत है- प्रेम, प्रेम और केवल प्रेम! प्रेम में जीना चाहते हैं, प्रेम से भरा हुआ जीवन जीना चाहते हैं, प्रेम से लबालब रहना चाहते हैं और वही लबालब प्रेम देना भी चाहते हैं।
- मानसिक रूप से इतने सबल और स्वस्थ रहो की 20, 25 : शारीरिक रोग को जब चाहो तब दनादन मार के खत्म कर सको।

आज का इतिहास

नई दिल्ली वार्ता। 1575 मुग़ल बादशाह अकबर ने तुकारोई की लड़ाई में बंगाली सेना को हरा था। 1939 महात्मा गाँधी, भारत के मुंबई शहर में निरंकुश शासन के विरोध में तेज़ी लाये। 1971 भारत-पाकिस्तान युद्ध की शुरुआत हुई। 1999 अब्दुल रहमान अरब मूल के ऐसे प्रथम व्यक्ति बने जिन्हें इस्रायली सुप्रीम कोर्ट का न्यायाधीश बनाया गया। 2000 अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायाधिकरण द्वारा क्रोएशिया के जनरल तिहोमिर ब्लास्किय को 45 साल क़ैद की सज़ा। 2005 यूक्रेन के राष्ट्रपति विक्टर यूशचेंकों की अध्यक्षता वाली राष्ट्रीय रक्षा परिषद ने इराक से अपने सैनिक वापस बुलाने का निर्णय लिया। 2006 फिलीपींस में आपातकाल हटा। 2007 पाकिस्तान ने हत्फ़-2 अब्दाली बेलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया। 2008 - कन्या भ्रूण हत्या रोकने के केन्द्र सरकार ने धन लक्ष्मी नामक नई योजना शुरू की। 2009 स्टेट बैंक ऑफ़इंडिया ने स्मार्ट यूनिट योजना को लांच किया। राइफ़लमैन संजय कुमार, परमवीर चक्र से सम्मानित भारतीय सैनिक। 2009 पाकिस्तान के लाहौर में मैच खेलने जा रही श्रीलंका की क्रिकेट टीम की बस पर हथियारबंद हमलावरों ने गोलियां चलाई।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

भक्त होना नहीं मुझ को लिपट कर तेरे आँचल से बगावत कर सकूँ खुलकर मुझे यह वरदान माँ दे दे। किसी की आँख का आँसू होकर भी जीना क्या कहो मधुर मुस्कान बन पाऊँ मुझे यह वरदान माँ दे दे। पराया कौन, बतलाओ तो सभी यहाँ माँ के जाये हैं सभी हों बहिन भाई मेरे मुझे यह वरदान माँ दे दे । भले माटी की मूरत सब मगर पत्थर से बने कैसे? मैं पूछूं धर्म और मज़हब से मुझे यह वरदान माँ दे दे। मोहब्बत और मोहम्मद को करूँ हम प्याला इबादत का हो इंसानियत जग में कायम मुझे यह वरदान माँ दे दे।

- केदार नाथ शब्द मसीहा

अग्नि में करे प्रवेश गोद ले प्रह्लाद को। ओढ के विशेष चूनरी मिले प्रसाद को। चूक वो गई प्रह्लाद ध्यान के निनाद को। हों कृपाल जो निहाल दे मिटा विषाद को।। जीत थी बुराइ पे कि होलिका जली तभी। चूनरी असीस की जु सीस से ढली तभी। दैव योग से उड़ी कि भक्त को मिली तभी। थी महान ये खुशी बनी प्रथा चली तभी।।

- रजनी रामदेव

दर्द दिल में छुपा लिया मैंने, आज खुद को हंसा लिया मैंने आँख आंसू से भर न जाएँ कहीं, एक कतरा छुपा लिया मैंने लोग पूछें न हाल अब मेरा, चेहरा यूँ ही सजा लिया मैंने ज़ख़्म गहरे थे दिल की राहों में, खुद ही मरहम लगा लिया मैंने आज तन्हाई के इस आलम में खुद से रिश्ता बना लिया मैंने!!

- नीरू श्रीवास्तव

राजनीति में रच रहे, नित नित कई प्रपंच। बन जाऊँ मैं भी सहज , सोच रहे सरपंच।। जिसके जो दिल ने कहा वो ही दिया बयान। करें गधों का तो कभी, खुद का ही गुणगान।। बढा छात्रों मे बहुत, राजनीति का जोर। ले जायेगा ये उन्हे,पता नही किस ओर ।।

- रमेश शर्मा

आइल फगुन भइल बहार। सजनी चलली लाज उतार।। बुढ़वो अब बउराइल बा। नोट उड़ावे रोज हजार।। घूँघट के ना कवनो काम। जब गोरिया चले बाजार।। रंग -गुलाल उड़त चहुँ ओर। लउकत बाटे सगरो प्यार।। तीर चलत बा अँखिअन के। घायल दिल बा बहुते यार।। मोजर आम प आइल बा। कोयल कूके आम के डार।। मँहगाई मरले बाटे। जिनगी बाटे अब दुश्वार।। 'ऐनुल' लोर सुखत नइखे। आइल बा कइसन सरकार।।

- 'ऐनुल' बरौलवी

मूर्ख और जाहिल सलाहकारों से घिरा बादशाह या राजकुमार हमेशा हारा है या मारा गया है । ईरान के सर्वोच्च नेता भारतवंशी खामेनेई भी अपने गद्दारो से घिरे रहे और दरवाजे पर खडे मौत को नही समझ सके और अमेरिका-इजराइल के शक्तिशाली गठजोड के सेना खामेनेई का खात्मा कर दिये।

- एडवोकेट अरूण कुमार गुप्ता

सुनो माना कि तुम एक परछाई से जीवन में आए और समय के साथ अपना आकार बदलते रहे किंतु ये नहीं मालूम था कि तुम छद्म थे परछाई नहीं, परछाई के पीछे ही सही कम से कम हक़ीकी कुछ तो होता ही है न, अस्तित्व की तलाश ही अब तुम्हारी सज़ा है।

- शुचि 'भवि'

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज आपके व्यक्तित्त्व में विकास होगा अधिकांश कार्यो को देखभाल कर ही करेंगे वाणी में मिठास रहेगी लेकिन मन मे कड़वाहट परिजनो से नही छुपा सकेंगे।

वृष: आज का दिन प्रतिकूल फलदायी रहेगा। दिन का पहला भाग नासमझी के कारण व्यर्थ खराब होगा। परिजनो से बिना कारण के ही फटकार सुननी पड़ेगी स्वभाव में उद्दंडता तो रहेगी।

मिथुन: आज का दिन सम्पन्नता कारक रहेगा दिन के आरंभिक भाग में किसी महत्त्वपूर्ण कार्य का निर्णय लेने में दुविधा होगी आरोग्य के ऊपर खर्च होगा।

कर्क: आज का दिन मिला-जुला फल देगा। आज आप जिस कार्य को करने का मन बनाएंगे उसके आरम्भ में पहले खराब सेहत बाधा डालेगी आरम्भ होने के बाद भी सरकारी अथवा अन्य आर्थिक कारणों से बीच मे छोड़ना पड़ सकता है।

सिंह: आज के दिन से आप कुछ अधिक आशा लगाए रहेंगे ।

कन्या: आज के दिन कोई भी निर्णय जल्दबाजी में ना ले वरना बाद में पछताना पड़ेगा परिस्थितियां आज हानिकारक बनी हुई है सही दिशा में जा रहा काम भी किसी की गलती से बिगड़ने की संभावना है।

तुला: आज का दिन राज-समाज मे आपकी प्रतिष्ठा बढ़ाएगा। आज कुछ ना करने पर भी आपका व्यक्तित्त्व बढ़ा हुआ रहेगा। लेकिन थोड़ी सी प्रशंसा पाकर अहम की भावना भी आएगी अपने से छोटो को अहमियत नही देंगे।

वृश्चिक: आज का दिन कार्यो में सफलता दिलाने वाला रहेगा परन्तु सफलता को धन के साथ ना जोड़े अन्यथा दुखी होना पड़ेगा। आर्थिक दृष्टिकोण से दिन पहले की तुलना में बेहतर रहेगा।

धनु: आज का दिन आध्यात्मिक दृष्टिकोण से लाभदायक रहेगा। धर्म कर्म के प्रति आज निष्ठा रहेगी दान पुण्य करने के अवसर सुलभ होंगे इनका लाभ निकट भविष्य में किसी भी रूप में अवश्य मिलेगा।

मकर: आज के दिन आप कुछ अभाव का अनुभव करेंगे फिर भी परिस्थिति के अनुसार स्वयं को ढाल लेना ही बेहतर समझेंगे। आज आप अपने स्वभाव में परिवर्तन लाने का प्रयास करेंगे।

कुंभ: आज आपको लाभ की सम्भावना दिन के आरंभ से ही रहेगी कुछ शुभ प्रसंग घटने पर मानसिक रूप से निश्चिन्त रहेंगे। कार्य क्षेत्र पर आज अन्य दिनों की तुलना में कम मेहनत से अधिक लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

मीन: आज दिन के आरंभ से ही मानसिक रूप से स्फूर्ति रहेगी सेहत उत्तम रहने पर भी आलस्य नही जाएगा।

QUIZ TIME

1) सूचना की सार्वभौमिक पहुँच के लिए अन्तर्राष्ट्रीय दिवस कब मनाया जाता है?

2) संवादिनी का संबंध किस आंदोलन से है?

3) कौन नालंदा कॉलेज बुद्धिस्ट स्टडीज, कनाडा के संस्थापक हैं?

4) भारत और अमेरिका के बीच मुक्ताकाश समझौता किस वर्ष हस्ताक्षरित हुआ था?

5) हाल ही में समाचारों में देखी गई सेनेमास्पिस वांगोघी किस प्रजाति से संबंधित है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) 28 सितम्बर (2) दलित वामपंथी सांस्कृतिक आंदोलन (3) हिडवाना एस. जी. सुब्रमण्यम (4) 2005 (5) छिपकली

पहेली

शब्द सामर्थ्य -332

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 331 का हल

न्यूज गैलरी

राज्यपाल डेका ने रेडक्रॉस सोसायटी संरक्षक के रूप में सदस्यता ग्रहण की

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल श्री रमेन डेका ने आज रेडक्रॉस सोसायटी के संरक्षक के रूप में सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने संरक्षक सदस्य के रूप में आज कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह को 25 हज़ार रुपये का चेक प्रदान किया। इस दौरान राज्यपाल ने रेडक्रॉस की वर्तमान गतिविधियों और भविष्य की योजनाओं पर भी चर्चा की। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मिथिलेश चौधरी भी मौजूद रहे।

सपने बड़े देखो लेकिन उसे पाने के लिए कर्म भी करो: काले

रायपुर/नवप्रदेश। कुछ मोटीवेशन स्पीकर कहते हैं कि सपने बड़े देखो। मैं कहता हूं कि सपने बड़े देखो लेकिन उसे पाने के लिए वैसा बड़ा कर्म भी करो। अपने सपनों को पाने के लिए मेहनत करो, तभी सफलता मिलेगी। उक्ताशय के विचार महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले ने नेहरू युवा केंद्र के माय भारत के युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम में गुजरात से आए युवाओं से कहीं। काले ने कहा कि रायपुर में आपने अभी जो पांच दिन गुजारे हैं, वो समय आपके जीवन में दोबारा नहीं आ सकते। यहां जो आपने सीखा, जो जाना उसे अपने जीवन में आत्मसात करना जरूरी है। उन्होंने प्रसिद्ध फुटबाल खिलाड़ी जेम की कहानी बताते हुए कहा कि जेम ने जब अपने जीवन की पहली स्पर्धा खेली और पांच लाख डालर जीतकर स्टेडियम से बाहर आए, तो एक भिखारी ने उनसे अपनी मां के बीमार होने का हवाला दिया और पैसे मांगे। इस पर जेम ने पूरे पांच लाख डालर उसे दे दिए। फिर पूरे उत्साह के साथ दूसरी स्पर्धा भी खेली और जीती भी। इसमें उन्होंने 10 लाख डालर जीते। इस पर उनके दोस्तों ने उनसे पूछा कि तुमने पहले मैच में मिले पांच लाख डालर का क्या किया, तो जेम ने अपने दोस्तों को सारी बात बताई। जेम की बात सुन दोस्तों ने कहा वह बहुत बड़ा फ्रॉड है। उसकी मां बीमार नहीं है। दोस्तों की बात सुन जेम ने कहा कि शुक्र है कि उसकी मां बीमार नहीं है। उसकी जगह कोई दूसरा होता तो उसे गाली देता। उसके मन में नकारात्मक भाव आते। कार्यक्रम का संचालन करते हुए माय भारत कार्यक्रम के डिप्टी डायरेक्टर अर्पित तिवारी ने 25 फरवरी से 28 फरवरी से तक युवाओं के पूरे कार्यक्रम और भ्रमण का ब्यौरा रखा। उन्होंने बताया कि माय भारत युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत गुजरात के आणंद, महिसागर, नडियाल, दहोद और गोधरा जिले से युवा आए हैं।

सेवा समर्पण भाव के कारण भारतीय डॉक्टरों को देश के बाहर भी मिलता है सम्मान

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल श्री रमेन डेका ने आज भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स रायपुर में रेस्पिरेटरी इंटेंसिव केयर यूनिट का शुभारंभ किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि चिकित्सा के क्षेत्र में एम्स एक विश्वसनीय संस्थान रहा है। जब हम सुपर स्पेशलिटी चिकित्सा संस्थानों की बात करते हैं एम्स का नाम सबसे ऊपर होता है। यह गर्व का विषय है कि भारत के सभी राज्यों में एम्स की स्थापना हो चुकी है। एम्स रायपुर में इलाज हेतु आए मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इस लिहाज से इस संस्थान को और बड़ी जगह की आवश्यकता पड़ेगी। उन्होंने कहा कि मैं राज्य शासन को यह सलाह दूंगा कि नवा रायपुर में एम्स की स्थापना के लिए भूमि आबंटित करें, ताकि बड़ी संख्या में जरूरतमंद मरीजों को चिकित्सा सुविधा मिल सकें। राज्यपाल ने छत्तीसगढ़ में सुपर स्पेशलिटी कार्डियक फैसिलिटी की स्थापना पर बल दिया, ताकि हृदय रोगियों को अपने ही प्रदेश में बेहतर इलाज मिल सकें और उन्हें प्रदेश के बाहर न जाना पड़े। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज अथवा एम्स में सुपर स्पेशलिटी कार्डियक फैसीलिटी की स्थापना की जा सकती है। श्री डेका ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि चिकित्सा सुविधाओं की बढ़ोतरी के कारण प्रदेश में मृत्यु दर में आशानुकूल कमी आई है। लेकिन अभी भी बहुत कुछ करना बाकी है ताकि हम वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बना सकें। इसके लिए प्रत्येक क्षेत्र में बेहतर परिणाम हासिल करने होंगे, चाहे वह चिकित्सा का क्षेत्र हो, इंजीनियरिंग का क्षेत्र हो या अंतरिक्ष विज्ञान।

कोरिया के डकईपारा में बने 'उजाला' से सजेगी हरित होली

रायपुर/नवप्रदेश। कोरिया जिले के जनपद बैकुंठपुर अंतर्गत ग्राम डकईपारा में उजाला महिला स्वसहायता समूह के कुल 11 सदस्यों ने इस बार होली पर प्राकृतिक रंगों से बाजार में खास पहचान बनाई है। महज 10 दिन पहले शुरू हुई पहल आज 100 किलो से अधिक हर्बल गुलाल के उत्पादन तक पहुंच चुकी है, और निर्माण अभी भी जारी है। कलेक्टर कोरिया के श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में बिहान की महिलाओं द्वारा तैयार यह हर्बल गुलाल आनलाइन भी उपलब्ध कराया जा रहा है।

प्राकृतिक उत्पादों से हो रहा तैयार: प्राकृतिक रंगों की खुशबू समेटते हुए बिहान समूह ने चुकंदर, हल्दी, पलास, पालक, लाल भाजी, एसेंशियल ऑयल और नेचुरल फूड कलर से त्वचा के अनुकूल, खुशबूदार और पर्यावरण के लिए हितैषी हर्बल गुलाल तैयार किया है। रासायनिक रंगों के दुष्प्रभावों के बीच यह पहल सुरक्षित और हरित होली का नया संदेश लेकर बाजार में उपलब्ध है।

गुणवत्ता उच्च, कीमत है कम: स्व सहायता समूह की महिलाओं ने बताया कि बाजार में विक्रय के लिए इसे 300 रुपये किलो की दर पर बेचा जा रहा है। आनलाइन इस हर्बल गुलाल की मांग भी तेजी से बढ़ रही है।

जॉब छोड़कर खेती चुनी, धान वाले खेत में लगाई सब्जी, अब 150 को दिया रोजगार

■ **सफल रहे तो अब 70 एकड़ में खेती**

आज वे 70 एकड़ जमीन पर टमाटर, मिर्च, खीरा और लौकी जैसी सब्जी फसलों की खेती कर रहे हैं।

रायपुर/नवप्रदेश। धमतरी जिले के कुरूद ब्लॉक के भुसरेंगा निवासी युवा किसान हर्षवर्धन चंद्राकर ने 39 वर्ष की उम्र में ही कृषि के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना ली है। सरकारी नौकरी की बजाय उन्होंने अपनी 4 एकड़ जमीन पर 2013 में सब्जी फसलों की खेती शुरू की और करीब 13 वर्षों की मेहनत के बाद वे भुसरेंगा, बगौद, कन्हारपुरी, मरौद, बगदेही और भेंडरवानी जैसे गांवों के लगभग 150 लोगों को रोजगार दे रहे हैं। हर्षवर्धन बताते हैं कि उन्होंने 2010 में रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय से एमएससी एग्रीकल्चर की पढ़ाई पूरी की और सरकारी नौकरी के लिए आवेदन किया। हालांकि, एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन ऑफिसर (एईओ रूरल) के पद की नौकरी मिलने के बाद भी उन्होंने ज्वाइनिंग नहीं ली। उन्होंने नौकरी की बजाय खेती का रास्ता चुना और खेती में भी सब्जी फसलों की खेती के रास्ते में आगे बढ़े। उनकी सालाना सब्जी उत्पादन 130 से 150 टन तक है, जिसे छत्तीसगढ़ सहित पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, उत्तरप्रदेश, ओडिशा, महाराष्ट्र, बिहार, झारखंड और राजस्थान जैसे 9 राज्यों में सप्लाई करते हैं। खेती में नवाचार लाते हुए उन्होंने अपनी 70 एकड़ की भूमि पर 15 लाख रुपए की लागत से ऑटोमेशन सिस्टम लगाया है, जिससे ड्रिप सिंचाई के जरिए पानी की बचत हो रही है। इसके अलावा हर्षवर्धन ने पिछले 2 वर्षों से 3 एकड़ जमीन पर फूलों की खेती भी शुरू की है। पुणे से मंगाए गए गुलाब, जरबेरा के पौधों की मदद से वह इस क्षेत्र में भी अपनी पहचान बना रहे हैं। उनकी फूलों की डिमांड छत्तीसगढ़ के अलावा ओडिशा, मध्यप्रदेश तक पहुंच चुकी है।

15 दिनों में 15 उद्योगों पर एक्शन बिजली काटी, उत्पादन हुआ बंद

■ **उल्लंघनकारी उद्योगों पर पखवाड़ेभर में छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल की कड़ी कार्रवाई**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, रायपुर द्वारा क्षेत्रांतर्गत संचालित औद्योगिक इकाइयों के पर्यावरणीय मानकों के अनुपालन की नियमित एवं सतत निगरानी की जा रही है। 10 फरवरी 2026 से 25 फरवरी 2026 की अवधि में किए गए नियमित एवं आकस्मिक निरीक्षणों के दौरान विभिन्न उद्योगों में वायु एवं जल प्रदूषण संबंधी गंभीर उल्लंघन पाए जाने पर मंडल द्वारा कड़ी वैधानिक कार्रवाई की गई है। मंडल द्वारा 15 दिनों में 15 उद्योगों पर उत्पादन बंद एवं विद्युत विच्छेदन की कार्रवाई की गई।

सिलतरा एवं उरला क्षेत्र में भी कार्रवाई

सिलतरा स्थित इण्डक्शन फर्नेस उद्योग मे0 एसकेए इस्पात प्रा. लिमिटेड (पूर्व नाम-जोरावर इंजीनियरिंग एंड फाउंड्री फोर्ज प्रा. लिमिटेड) में वायु प्रदूषण पाए जाने पर 19 फरवरी 2026 को उत्पादन बंद करने एवं विद्युत विच्छेदन के आदेश जारी किए गए। इसी प्रकार उरला-गोंदवारा स्थित इण्डक्शन फर्नेस एवं सीसीएम उद्योग मे0 छत्तीसगढ़ फेरो ट्रेडर्स प्रा. लिमिटेड में वायु प्रदूषण पाए जाने पर उत्पादन बंद एवं विद्युत विच्छेदन की कार्रवाई की गई। छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, रायपुर द्वारा कार्रवाई के अतिरिक्त निमयों का उल्लंघन अवधि के लिए नियमानुसार पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति अधिरोपण की भी कार्रवाई की गई है। इस अवधि में कुल 03 उद्योगों पर कुल 9 लाख 22 रूपए की क्षतिपूर्ति राशि अधिरोपित की गई है। मंडल द्वारा स्पष्ट किया गया है कि यह कार्रवाई पूर्णतः पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण को दृष्टिगत रखते हुए की गई है। संबंधित उद्योगों को निर्देशित किया गया है कि जब तक वे पर्यावरणीय मानकों, वैधानिक प्रावधानों एवं सम्मति शर्तों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित नहीं करते, तब तक संचालन की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी।

स्पंज आयरन उद्योग पर कार्रवाई

ग्राम चरौदा, तहसील एवं जिला रायपुर स्थित स्पंज आयरन उद्योग मे0 पुष्प स्टील्स एंड माइनिंग प्रा. लिमिटेड (पूर्व नाम-इंडियन स्टील एंड पॉवर प्रा. लिमिटेड) में वायु प्रदूषण पाए जाने पर वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1981 की धारा 31(क) के तहत उत्पादन बंद करने एवं विद्युत विच्छेदन की कार्रवाई की गई। मेटल पार्क, रावांभाठा में 11 इकाइयों पर कार्रवाई की गई, जिनमें मेटल पार्क, रावांभाठा क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान 09 स्लैग क्रशर, 01 बाइंडिंग वायर इकाई एवं 01 स्टील फर्नीचर इकाई बिना मंडल की वैध सम्मति एवं प्रदूषण की स्थिति में संचालित पाई गई। इन कुल 11 इकाईयों के विरुद्ध वायु अधिनियम 1981 की धारा 31(क) एवं जल अधिनियम 1974 की धारा 33(क) के तहत उत्पादन बंद एवं विद्युत विच्छेदन की कार्रवाई की गई।

छुईखदान में पान अनुसंधान केंद्र शुरू, किसानों को मिलेगा लाभ

रायपुर/नवप्रदेश। खैरागढ़ छुईखदान, गंडई जिले के विकासखण्ड छुईखदान में पूर्व में पान की खेती व्यापक रूप से की जाती थी, किन्तु तकनीकी मार्गदर्शन के अभाव एवं आवश्यक प्लांटिंग मटेरियल की उपलब्धता न होने के कारण यह परंपरागत खेती धीरे-धीरे विलुप्त होने की कगार पर पहुंच गई थी। पान की इस पारंपरिक फसल को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा वर्ष 2023-24 में विकासखण्ड छुईखदान में पान अनुसंधान केन्द्र स्थापित करने की घोषणा की गई। यह केन्द्र रानी अवंती बाई लोधी कृषि महाविद्यालय छुईखदान में स्थापित किया गया है। पान उत्पादक कृषकों को प्रोत्साहित करने के लिए शेडनेट हाउस अधोसंरचना निर्माण हेतु 50 प्रतिशत विभागीय अनुदान प्रदान किया जा रहा है। वर्तमान में 7 कृषकों द्वारा प्रति कृषक 500 वर्गमीटर क्षेत्रफल में शेडनेट हाउस का निर्माण कराया गया है, जिसके लिए प्रति कृषक 1.77 लाख रुपये का अनुदान उद्यानिकी विभाग द्वारा प्रदान किया गया है। इनमें से 6 कृषक वर्तमान में पान की खेती कर रहे हैं। इस पहल से पान उत्पादक कृषक प्रतिकूल मौसम परिस्थितियों में भी अनुकूल वातावरण में पान की खेती कर बेहतर आय अर्जित कर सकेंगे। आवश्यक प्लांटिंग मटेरियल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कृषि महाविद्यालय के सहयोग से जिले में स्थापित शासकीय उद्यान रोपणी कुकुरमुड़ा एवं बीरूटोला में भी पान की खेती का प्रदर्शन प्लॉट तैयार किया जा रहा है।

महिला केंद्रों में हुआ रामरक्षा स्त्रोत और हनुमान चालीसा पाठ

■ **वल्लभ नगर, अमलीडीह, चौबे कॉलोनी, बूढ़ापारा सहित अनेक केंद्रों की महिलाओं ने किया पाठ**

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल की आध्यात्मिक समिति की ओर से हर शनिवार होने वाला रामरक्षा स्त्रोत और हनुमान चालीसा पाठ इस शनिवार, 28 फरवरी को पूरे उत्साह के साथ वल्लभ नगर, अमलीडीह, चौबे कालोनी और बूढ़ापारा महिला केंद्र सहित अनेक केंद्रों में किया गया। इन केंद्रों में जुटीं महिला सदस्यों ने एक- दूसरे को होली उत्सव की अग्रिम शुभकामनाएं दीं। महाराष्ट्र मंडल की आध्यात्मिक समिति की समन्वयक आस्था काले ने बताया कि शनिवार को वल्लभ नगर केंद्र की मासिक बैठक हुई। जिसमें सबसे पहले सभी महिलाओं ने राम रक्षा स्तोत्र व हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया। तत्पश्चात महाशिवरात्रि से संबंधित प्रश्न-उत्तर का खेल खेला गया। इसमें वंदना पाटिल प्रथम, आशा बारेवार द्वितीय व अपर्णा पेंडसे तृतीय रहीं। बैठक में अपर्णा देशमुख, विशाखा तोपखानेवाले, मानसी विठालकर, शोभा ठाडा, प्रतिमा पाध्ये, प्राजक्ता पुसदकर, वंदना पाटिल, शोभा पाटिल, अमरजीत कोल्हे, रोहिणी चिमोटे, सुरेखा मेघावाले, अर्चना जतकर, अपर्णा पेंडसे, शुभांगी आप?टे, रोहिणी पेंडसे, कंचन पुसदकर, अपर्णा आठले, मंजूषा चिलमवार, सुहानी पवार, प्रीति केसकर सहित अनेक महिलाएं शामिल रहीं। अमलीडीह केंद्र की महिलाओं ने न्यू राजेंद्र नगर स्थित शिव मंदिर में एकत्रित होकर हनुमान चालीसा का पाठ किया।

कस्टम मिलिंग में वसूली का खेल शुरू

■ **भ्रष्टाचार की राशि पश्चिम बंगाल चुनाव में झोंकने की तैयारी : कन्हैया**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि राज्य में एक बार फिर राइस मिलरों से 'कस्टम मिलिंग' के नाम पर बड़े पैमाने पर अवैध वसूली का खेल शुरू हो गया है। कांग्रेस शासन पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर सत्ता में आई भाजपा सरकार में अब वसूली के नए और संगठित तरीके अपनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जानकारी के अनुसार, राइस मिलरों से बस रुपए क्विंटल कमीशन के साथ-साथ दो रुपए प्रति क्विंटल अधिकारियों के लिए अलग से 'फिक्स' कर दिया गया है । उन्होंने कहा कि शायद सिस्टम के जिम्मेदारों पर भरोसा नहीं होने के कारण इस बार वसूली का जिम्मा नेताओं या एसोसिएशन के पदाधिकारियों के बजाय सीधे तौर पर अफसरों को सौंपा गया है ,इसलिए रेट भी बढ़ा है । कांग्रेस महामंत्री ने आरोप लगाया कि राइस मिलरों से इस तरह एकत्रित की गई करोड़ों की राशि का उपयोग आगामी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में किए जाने की योजना है । उन्होंने कहा, "भाजपा सरकार भ्रष्टाचार की इस राशि को चुनावी ईंधन के रूप में इस्तेमाल करने की फिराक में है।"

विज्ञप्ति में यह भी स्पष्ट किया गया कि भाजपा सरकार वर्ष 2023-24 के पुराने भुगतान को जानबूझकर रोक कर रखी है । इस बकाया भुगतान को जारी करने के एवज में मिलरों पर वसूली का दबाव बनाया जा रहा है। राइस मिलर जिनका पुराना भुगतान सरकार ने रोक रखा है वो मिलर मजबूर है । कन्हैया अग्रवाल ने सरकार से इस मामले में स्पष्टीकरण की मांग की है और चेतावनी दी है कि यदि यह अवैध वसूली तत्काल बंद नहीं हुई, तो कांग्रेस पार्टी प्रदेश व्यापी आंदोलन के लिए बाध्य होगी ।

वक्ता मंच की काव्य गोष्ठी चेतन भारती महामूर्ख बने

रायपुर/नवप्रदेश। अग्रणी साहित्यिक संस्था वक्ता मंच द्वारा आज होली के अवसर पर पेंशनर्स समाज भवन रायपुर में काव्य गोष्ठी संपन्न हुई द्य 'होली की हुड़दंग - कवियों के संग ' शीर्षक से संपन्न इस कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ साहित्यकार चेतन भारती को महामूर्ख का ताज पहनाया गया द्य कवियों ने इस अवसर पर फूलों की होली खेली एवं प्रदेशवासियों से प्रेम व सौहार्द्र से इस पर्व को मनाने का अनुरोध किया द्य कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार चेतन भारती थे द्य अध्यक्षता राष्ट्रीय स्तर के मंचीय कवि कुमार जगदली ने की द्य सिंधी भाषा के वरिष्ठ कवि राजकुमार मसंद एवं कर्मचारी नेत्री ज्योति शुक्ला विशिष्ट अतिथि थी द्य काव्य गोष्ठी का प्रभावी संचालन संस्था के अध्यक्ष राजेश पराते एवं संयोजन शुभम साहू द्वारा किया गया।

बस्तर की खुशबू और हर्बल रंगों से महकेगी होली

■ **जगदलपुर कलेक्टोरेट में सजे स्व-सहायता समूहों के विशेष स्टॉल**

रायपुर/नवप्रदेश। रंगों के महापर्व होली की आहट के साथ ही बस्तर में उत्सव का माहौल बनने लगा है। इस वर्ष होली को सुरक्षित और स्थानीय हुनर के साथ यादगार बनाने के लिए जगदलपुर स्थित कलेक्टोरेट परिसर में महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा तैयार किए गए हर्बल गुलाल और फैंसी सामग्री के विक्रय हेतु विशेष स्टॉल लगाए गए हैं। इन स्टॉल्स की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहाँ उपलब्ध गुलाल पूरी तरह प्राकृतिक तत्वों से निर्मित है, जो रसायनों के दुष्प्रभावों से मुक्त और त्वचा के लिए पूर्णतः सुरक्षित है। परिसर में सजे इन स्टॉल्स पर न केवल विभिन्न रंगों के सुगंधित हर्बल गुलाल मिल रहे हैं, बल्कि होली के लिए विशेष फैंसी सामग्री और बच्चों के आकर्षण के केंद्र भी उपलब्ध हैं। जिला प्रशासन की इस पहल के माध्यम से जहाँ एक ओर आम नागरिकों को शुद्ध और मिलावट रहित रंगों का विकल्प मिल रहा है, वहीं दूसरी ओर स्थानीय महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सशक्त मंच भी प्रदान किया गया है। स्थानीय संसाधनों और फूलों-पत्तियों के अर्क से तैयार यह गुलाल बस्तर की माटी की खुशबू को त्यौहार के उल्लास में घोल रहा है। प्रशासन और स्व-सहायता समूहों ने शहर के प्रबुद्ध नागरिकों, सामाजिक संगठनों और अधिकारी-कर्मचारियों से विनम्र अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इन स्टॉल्स पर पधारें। आपकी एक छोटी सी खरीदी न केवल आपकी होली को रंगों से सराबोर करेगी, बल्कि बस्तर की मेहनतकश महिलाओं के जीवन में भी आर्थिक समृद्धि और खुशियों के नए रंग भरेगी।

विकास: 889.53 लाख रुपए से निर्मित होगा महाविद्यालय भवन, कालेज स्टूडेंट्स को मिलेगा फायदा

कृषि मंत्री ने धोन्धा प्रतापपुर में किया कृषि कॉलेज का भूमिपूजन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कृषि मंत्री श्री राम विचार नेताम ने आज धोन्धा प्रतापपुर में बहुप्रतीक्षित कृषि महाविद्यालय का विधिवत भूमि पूजन संपन्न किया। उनके द्वारा आज 889.53 लाख राशि से निर्मित होने वाले कृषि महाविद्यालय भवन प्रतापपुर (धोन्धा) व 602.10 लाख से निर्मित होने वाले बालक एवं कन्या छात्रावास भवन प्रतापपुर (धोन्धा) का भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर प्रतापपुर विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती चंद्रमणी देवपाल सिंह पैंकरा, जिला पंचायत सदस्य श्री लवकेश पैंकरा, क्षेत्र के किसान, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। भूमि पूजन के पश्चात उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री श्री नेताम ने कहा कि यह दिन धोंधा प्रतापपुर और संपूर्ण क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक दिन है। उन्होंने कहा कि इस पावन भूमि पर कृषि महाविद्यालय की स्थापना से किसान बंधुओं की आने वाली पीढ़ियों के लिए उच्च कृषि शिक्षा के नए द्वार खुलेंगे। मंत्री श्री रामविचार नेताम ने कहा कि राज्य सरकार किसानों को सशक्त बनाने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। इस महाविद्यालय के माध्यम से क्षेत्र के युवाओं को आधुनिक कृषि तकनीक, उन्नत खेती के तरीके और कृषि विज्ञान की उच्चस्तरीय शिक्षा अब उनके अपने गृह जिले में ही उपलब्ध होगी। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि महाविद्यालय का निर्माण कार्य शीघ्र एवं निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराया जाएगा।

इस अवसर पर प्रतापपुर विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते ने अपने उद्बोधन में कहा कि कृषि महाविद्यालय की स्थापना उनके क्षेत्र के लिए एक स्वप्न के साकार होने जैसा है। उन्होंने कहा कि इस महाविद्यालय के लिए प्रयास आज सफल हुआ है जिसमें कृषि मंत्री श्री राम विचार नेताम का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने ग्रामवासियों एवं किसान बंधुओं से कहा कि अब उनके बच्चों को उच्च कृषि शिक्षा के लिए दूर-दराज के बड़े शहरों में नहीं भटकना पड़ेगा। विधायक श्रीमती पोर्ते ने यह भी कहा कि यह महाविद्यालय न केवल शिक्षा का केंद्र बनेगा, बल्कि क्षेत्र के कृषि विकास और युवाओं के उज्जवल भविष्य की नींव भी रखेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय एवं कृषि मंत्री श्री राम विचार नेताम का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए क्षेत्रवासियों को इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए बधाई दी। इस कृषि महाविद्यालय की स्थापना से क्षेत्र के युवाओं को कृषि विज्ञान, उद्यानिकी, पशुपालन और ग्रामीण प्रबंधन जैसे विषयों में उच्च शिक्षा का अवसर मिलेगा।

नागझर व्यपवर्तन और फुलझर जलाशय के लिए 5.67 करोड़ स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग द्वारा गरियाबंद जिले की दो सिंचाई योजना के लिए 5 करोड़ 67 लाख 15 हजार रुपए स्वीकृत किए गए है। स्वीकृत कार्यों में विकासखण्ड-छुरा की नागझर व्यपवर्तन के शीर्ष कार्य मरम्मत एवं मुख्य नहरों का रिमॉडलिंग एवं सीमेंट कांक्रीट लाईनिंग कार्य के लिए 2 करोड़ 86 लाख 11 हजार रुपए स्वीकृत किए है। प्रस्तावित कार्यों के पूर्ण होने के उपरांत रूपांकित सिंचाई क्षमता 61 हेक्टेयर के विरूद्ध 46 हेक्टेयर की हो रही कमी की पूर्ति सहित पूर्ण रूपांकित क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होगी।

न्यूज गैलरी

केशकाल का वार्षिक मेला 17 से

केशकाल/नवप्रदेश। नगर पंचायत केशकाल के वार्षिक मेला 2026 के आयोजन को लेकर 25 फरवरी 2026 को दोपहर 12 बजे अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) केशकाल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि नगर पंचायत केशकाल का वार्षिक मेला 17 मार्च से 19 मार्च 2026 तक तीन दिनों तक आयोजित किया जाएगा।बैठक में मेले के सफल संचालन हेतु सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। साथ ही मेले में आने वाले लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पार्किंग के लिए एक निश्चित स्थान का चयन भी किया गया है। आयोजन समिति द्वारा स्वच्छता व्यवस्था को लेकर भी विशेष तैयारी की जाएगी तथा मेले में आने वाले सभी नागरिकों से स्वच्छता बनाए रखने की अपील की गई है।इस वर्ष मेले में लोगों के मनोरंजन के लिए आकर्षक झूले विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगे, जिससे बच्चों एवं युवाओं में उत्साह देखने को मिलेगा। नगर पंचायत केशकाल का वार्षिक मेला क्षेत्र की सांस्कृतिक परंपरा का महत्वपूर्ण आयोजन माना जाता है, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना है।बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष श्री बिहारी लाल शोरी, उपाध्यक्ष श्री भूपेश सिन्हा, पार्षद श्री जितेन्द्र रजक, श्री भूपेश चंद्राकर, श्री सुदर्शन कुंजाम, श्रीमती नम्रता भारतद्वाज, श्रीमती हिरलक्ष्मी शाह, सुश्री हर्षा कोठरी, सुश्री पुंजलाता मरकाम एवं श्री पंकज नाग सहित मेला आयोजन समिति के श्री बलराम गौर एवं श्री सरजू गौर, केशकाल थाना प्रभारी तथा नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

हर्षिता ने जीता राष्ट्रीय सम्मेलन में गोल्ड मेडल

कोंडागांव। एम्स पटना में आयोजित कुष्ठ रोग मुक्त भारत लक्ष्य कि ओर अग्रसर पोस्टर प्रतियोगिता में कोंडागांव जिले के केशकाल विधानसभा के विधायक नीलकंठ टेकाम जी कि सुपुत्री सुश्री हर्षिता टेकाम ने पटना में 27 फरवरी से 1मार्च 2026 तक आयोजित होने वाले 33वे द्विवार्षिक आईएएल राष्ट्रीय कुष्ठ सम्मेलन पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गोल्ड मेडल पाकर कोंडागांव जिले के साथ प्रदेश का नाम रोशन किया है ।हर्षिता ने कहा कि एम्स पटना में ये प्रतियोगिता आयोजित की गई थी जिसमें मैने इस सम्मेलन में छत्तीसगढ़ से प्रतिनिधित्व किया था जिसका मुझे मेरे माता पिता ने पूरा सहयोग किया और मेरे टीचर का भरपूर सहयोग मिला जिसका परिणाम मेरे सामने है मैं जिलेवासी प्रदेश वासियों को ये अवार्ड समर्पित करती हूं और सभी का मैं आभार व्यक्त करती हूं। केशकाल विधानसभा एवं जिलेवासी प्रदेशवासियों ने हर्षिता को बधाई दी एवं उज्वल भविष्य कि कामना की।

छात्रावास दिवस समारोह में समाजसेवी अजय पप्पू मोटवानी हुए सम्मानित

काँकेर / नवप्रदेश। रविवार को एकता नगर स्थित सामान्य बालक छात्रावास में वार्षिक छात्रावास दिवस समारोह का आयोजन किया गया।जिसमें काँकेर तथा छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध समाजसेवी एवं जन सहयोग संस्था के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी का हार्दिक स्वागत एवं सम्मान किया गया।उन्हें अति विशिष्ट अतिथि के रूप में मंच में आमंत्रित कर गुलदस्ता एवं मोमेंटो स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया इस अवसर पर अजय पप्पू मोटवानी ने ने उपस्थित छात्रों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं अर्पित कीं । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजू गोपाल साहू तथा अध्यक्ष चेतन पटेल (प्राचार्य शासकीय भानु प्रताप देव महाविद्यालय) थे। संध्या 5:00 बजे से छात्रावास समारोह के मंच पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रारंभ हुए जिसका भरपूर आनंद अतिथियों एवं छात्रों ने प्राप्त किया।

6 साल के अशफाक ने अपना पहला रोजा किया मुक्कमल

कांकेर / नवप्रदेश। माहे रमजान शरीफ का पवित्र महीना चल रहा है। रमजान शरीफ का महीना इबादतों का महीना माना जाता है।इस महीने में छोटे बड़े बच्चे से लेकर हमारे बुजुर्ग रोजा रखकर खुदा की इबादत में गुजारते है। माहे रमजान शरीफ के मुकद्दस महीने में जहां एक ओर मुस्लिम समाज रोज़ा रख रहे हैं तो वही मुस्लिम समाज के नन्हें रोजेदार भी शामिल है। इनमें से महज 06 साल की उम्र का नन्हा रोजेदार शेख अशफ़ाक ने कड़ी धूप के बावजूद अपना पहला रोज़ा रख खुदा की इबादत में गुजारा। बच्चे के हौसले अफ्ज़ाई में पिता शेख अदनान माता रेहाना का योगदान रहा।

कल का 'नक्सल गढ़' आज का डिजिटल हब: गूंजी मोबाइल की घंटी, संचार और जानकारी का खुला नया रास्ता

कुतुल के ग्रामीणों को मिली 4 प्रतिशत कनेक्टिविटी की सौगात

■ **कुतुल और आसपास के गांवों में पहुंचा मोबाइल नेटवर्क**

नारायणपुर/नवप्रदेश। राज्य सरकार के दिशा-निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा नियद नेल्ला नार योजना, एलडब्ल्यूई-II एवं आकांक्षी जिला कार्यक्रम के अंतर्गत अबूझमाड़ के दुर्गम और पूर्व में सुविधाओं से वंचित गांवों में अब मूलभूत सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है। इसी क्रम में अबूझमाड़ क्षेत्र में मोबाइल टॉवर स्थापित कर ग्रामीणों को संचार सुविधा से जोड़ा जा रहा है, जिससे वे देश-दुनिया की जानकारी प्राप्त करने के साथ-साथ आधुनिक संचार माध्यमों का उपयोग कर सकेंगे।

जिला मुख्यालय से लगभग 50 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम कुतुल में 16 जनवरी 2026 को नया मोबाइल टॉवर स्थापित किया गया है। टॉवर शुरू होने से कुतुल सहित आसपास के क्षेत्रों में मोबाइल नेटवर्क और इंटरनेट सुविधा उपलब्ध हो गई है, जिससे ग्रामीणों में उत्साह का वातावरण है। अब क्षेत्र के लोग दूरसंचार सेवाओं का लाभ लेते हुए शासकीय योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे और उनसे जुड़कर लाभान्वित हो सकेंगे।कलेक्टर नम्रता जैन ने कहा कि अबूझमाड़ के अंदरूनी क्षेत्रों में मोबाइल टॉवर स्थापित होने से स्थानीय निवासियों को बेहतर नेटवर्क कवरेज मिल रहा है। इससे ग्रामीणों को दैनिक जीवन में संचार की सुविधा प्राप्त हो रही है और वे अपने परिजनों से आसानी से संपर्क कर पा रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि यह पहल अबूझमाड़ क्षेत्र के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और ग्रामीणों के लिए नए अवसरों के द्वार खोलेगी।

रात्रि में व्यावसायिक दुकानों और मंदिर को बनाया था निशाना, तोड़फोड़ भी की थी

नाक में दम करने वाले चोरों को पुलिस ने दबोचा, तीन आरोपियों को भेजा जेल

नारायणपुर/नवप्रदेश। दिनांक 28-02-2026 को नारायणपुर पुलिस ने श्रृंखलाबद्ध रात्रिकालीन चोरी प्रकरणों में 03 आरोपियों को गिरफ्तार कर प्रोडक्शन वारंट पर माननीय न्यायालय के निर्देशानुसार जिला जेल कांकेर में दाखिल किया गया है। विदित हो कि उक्त आरोपियों के द्वारा थाना नारायणपुर क्षेत्रांतर्गत दिनांक 10.02.2026 की रात्रि लगभग 03:40 बजे से 03:50 बजे के मध्य मंडी कॉम्प्लेक्स, कलेक्ट्रेट रोड स्थित रानी मेडिकल स्टोर, मां सिद्धिदात्री मेडिकल स्टोर एवं सिद्धिविनायक मेडिकल दुकानों के शटर का ताला तोड़कर भीतर प्रवेश किया गया तथा गल्ले में रखी नगद राशि चोरी कर ली गई। उक्त घटनाओं के संबंध में अपराध क्रमांक 15/2026, 16/2026 एवं 17/2026 धारा 331(4), 305, 3(5) बी.एन.एस. के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। इसी क्रम में दिनांक 17-18.02.2026 की रात्रि में मेन रोड स्थित राम मंदिर के पास मंदिर परिसर का ताला तोड़कर आरोपियों के द्वारा लगभग ?10,000/- नगद राशि, 01 नग पीतल की घड़ी एवं 01 नग तांबे का लोटा चोरी कर लिया गया, जिसके संबंध में अपराध क्रमांक 22/2026 धारा 331(4), 305 बी.एन.एस. के तहत प्रकरण दर्ज किया गया।

विवेचना के दौरान संलिप्त आरोपियों की पहचान ललित कुमार सोरी, पंकज दास मानिकपुरी एवं अनिल पोटाई के रूप में हुई, जो अन्य प्रकरण में जिला जेल कांकेर में निरुद्ध थे। माननीय न्यायालय से प्रोडक्शन वारंट प्राप्त कर दिनांक 28.02.2026 को आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। प्रकरण में आगे की विवेचना जारी है।

गिरफ्तार आरोपियों के नाम

1. ललित कुमार सोरी, पिता कावे राम, उम्र 22 वर्ष, निवासी उड़ीदगांव, थाना बेनूर, जिला नारायणपुर
2. पंकज दास मानिकपुरी, पिता गौतम दास मानिकपुरी, उम्र 22 वर्ष, निवासी दण्डवन, थाना फरसगांव, जिला नारायणपुर
3. अनिल पोटाई, पिता दया राम पोटाई, उम्र 19 वर्ष, निवासी साकड़ीबेड़ा, थाना नारायणपुर

होली में अवैध शराब खपाने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने पकड़ा

नारायणपुर पुलिस की दो अलग-अलग कार्यवाही में 44.6 बल्क लीटर अवैध अंग्रेजी शराब जप्त

नारायणपुर/ नवप्रदेश। पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत दिनांक 01.03.2026 को प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर दो अलग-अलग स्थानों पर कार्यवाही की गई।

पहली कार्यवाही-साप्ताहिक बाजार क्षेत्र, नारायणपुर के पास घेराबंदी कर एक व्यक्ति को एक्टिवा स्कूटी क्रमांक सीजी 21 एफ9826 सहित पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सुरत व्यापारी (उम्र 52 वर्ष), निवासी बखरापारा, थाना व जिला नारायणपुर बताया। तलाशी लेने पर पीले रंग की प्लास्टिक बोरी में रखे दो कार्टून से 24 नग अंग्रेजी शराब की बोतल (प्रत्येक 750 मि.ली.) कुल 18 बल्क लीटर शराब जप्त अनुमानित जप्ती मूल्य लगभग 70,000/- आरोपी द्वारा शराब परिवहन संबंधी कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया।

दूसरी कार्यवाही: नारायणपुर-कोण्डागांव मार्ग पर घेराबंदी कर एक व्यक्ति को हीरो सुपर स्प्लेंडर मोटर सायकल क्रमांक सीजी-17 केएफ1120 सहित पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम प्रकाश कुलदीप (उम्र 38 वर्ष), निवासी फरसगांव, जिला नारायणपुर बताया। काले रंग के पिट्ठू बैग की तलाशी लेने पर अंग्रेजी शराब बोतल 06 नग (750 मि.ली.)अंग्रेजी शराब अद्धी ङ्क 04 नग (375 मि.ली.) ज़ अंग्रेजी शराब पौवा ङ्क 45 नग (180 मि.ली.) केन बीयर ङ्क 25 नग जब्त की गई है।

नन्हे सितारों की चमक से जगमगाया वार्षिक उत्सव

■ **आदित्य एकेडमी बालपन प्ले स्कूल नारायणपुर में रंगारंग कार्यक्रम**

नारायणपुर // नवप्रदेश। आदित्य अकैडमी बालपन प्ले स्कूल में वार्षिक उत्सव बड़े ही उत्साह और उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन एवं वंदे मातरम राष्ट्रीय गीत के साथ किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि रत्ना नसीने मेडम प्राचार्य कृषि महाविद्यालय एवं राष्ट्रपति अवॉर्ड है तथा विशिष्ट अतिथि अनिता कोरोटी मेडम पूर्व पार्षद एवं सत्यशिला मेश्राम मेडम की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का सुंदर संचालन श्रीमती रामेश्वरी यादव एवं निकहत परवीन द्वारा किया गया।

नन्हे-मुन्ने बच्चों की मनमोहक एवं रंगारंग प्रस्तुतियों ने उपस्थित सभी अतिथियों और अभिभावकों का दिल जीत लिया। मुख्य अतिथि नसीने मेडम ने भी बच्चों ने ट्रॉफिक्र के नियमों के बारे में बताए उसकी तारीफ की और सभी को ट्रॉफिक्र के नियमों को मानने के लिए कहा , विशेष अतिथि अनीता मेडम ने सभी बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की एवं सत्यशिला मेश्राम मेडम ने भी सभी बच्चों बहुत अच्छी प्रस्तुति के लिए बधाई दी विद्यालय के डायरेक्टर श्री नरेंद्र मेश्राम ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा कि आदित्य एकेडमी स्कूल में बच्चों को किताबों के पढ़ाई के साथ साथ व्यवहारिक शिक्षा एवं देश भक्ति की भी शिक्षा दी जाती है एवं आने वाले समय में बच्चों के पढ़ाई के लिए नई नई तकनीकी का प्रयोग किया जाएगा एवं उज्वल भविष्य की कामना की मुख्य अतिथि एवं विशेष अतिथि को स्कूल संस्था की तरफ से प्रतीक चिन्ह के रूप में मोमेंटो दिया गया।

बिजली के बढ़े बिले से परेशान किसान कलेक्ट्रेट पहुंचे, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

■ **किसानों को राहत देने के लिए बनाई योजना फेल किसान कर्ज सहित तनाव की बढ़ी समस्या : सरजू शोरी**

कांकेर / नवप्रदेश। बिजली के बढ़े हुए बिलों से परेशान किसानों ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर प्रशासन को अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा। किसानों ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा कृषि क्षेत्र के लिए कृषक जीवन ज्योति योजना एवं अन्य रियायती कृषि विद्युत योजनाएँ लागू की गई हैं, जिनका उद्देश्य किसानों को सस्ती और सुचारु बिजली उपलब्ध कराना है लेकिन जमीनी स्तर पर स्थिति इसके विपरीत दिखाई दे रही है। वर्तमान में कई स्थानों पर 3 एचपी कृषि पंप कनेक्शन होने के बावजूद अत्यधिक बिजली बिल थमाए जा रहे हैं। फ्लैट रेट अथवा निर्धारित सीमा के अनुरूप लाभ नहीं मिलने से किसानों पर आर्थिक बोझ बढ़ गया है। कांग्रेस के वरिष्ठ आदिवासी नेता सरजू शोरी ने कहा कि किसानों को राहत देने के लिए बनाई गई योजनाओं का लाभ नहीं मिलने से किसानों में कर्ज और तनाव की समस्या बढ़ रही है।सीमांत और छोटे किसानों के लिए यह स्थिति विशेष रूप से गंभीर है क्योंकि उनकी आय सीमित है और बढ़े हुए बिजली बिल उनके लिए चुकाना कठिन हो रहा है।

4 साल की मिस्बा फातिमा ने रखा पहला रोज़ा

कांकेर / नवप्रदेश। माहे रमजान शरीफ का पवित्र महीना चल रहा है। रमजान शरीफ का महीना इबादतों का महीना माना जाता है।इस महीने में छोटे बड़े बच्चे से लेकर हमारे बुजुर्ग रोजा रखकर खुदा की इबादत में गुजारते है। माहे रमजान शरीफ के मुकद्दस महीने में जहां एक ओर मुस्लिम समाज रोज़ा रख रहे हैं तो वही मुस्लिम समाज की मात्र 04 साल की बेटी मिस्बा फातिमा ने अपना पहला रोज़ा रखकर खुदा की इबादत किया। इससे पहले मिस्बा फातिमा की बड़ी बहन सादिया फातिमा ने भी अपना पहला रोज़ा महज 04 साल की उम्र में रखा था। मिस्बा फातिमा के पहले रोज़ा रखने से उनके पिता मोहम्मद शरीफ़ भाई और उनके परिजनों ने बच्ची को नोटो का हार पहनाकर बच्चे के हौसले अफ्ज़ाई किया गया।

सीओबी कुड़मेल कैंप में सिविक एक्शन प्रोग्राम

नारायणपुर/नवप्रदेश। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) की 38वीं वाहिनी द्वारा सी0ओ0बी0 कुडमेल कैम्प परिसर में 27 फरवरी 2026 को सिविक एक्शन प्रोग्राम 2025-26 एवं नशा मुक्त अभियान का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन श्री रोशन सिंह असवाल, कमांडेंट 38वीं वाहिनी के मार्गदर्शन में तथा श्री ज्ञान चंद (उप सेनानी) एवं श्री राजीव कुमार शर्मा की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में ग्राम पंचायतों के सरपंच, शिक्षक एवं अन्य गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। कुडमेल, कुंजेकल, इपोपाड़ा, कोंडाकोटी एवं धोंडरबेड़ा गांवों से लगभग 100 ग्रामीणकृजिनमें स्कूली बच्चे, महिलाएं एवं युवा शामिल थेकृने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर ग्रामीणों के बीच स्टेशनरी सामग्री जैसे स्कूल बैग, नोटबुक, पेंसिल, पेन, स्केच पेन, ज्योमेट्री बॉक्स एवं रबर का वितरण किया गया। साथ ही साइकिल, पानी की टंकी, कृषि उपकरण, फुटबॉल, क्रिकेट बॉल, वॉलीबॉल एवं मच्छरदानी जैसी उपयोगी सामग्री भी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया गया तथा स्वस्थ और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया। वक्ताओं ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा नक्सल प्रभावित एवं आदिवासी क्षेत्रों के विकास हेतु विभिन्न सामाजिक एवं आर्थिक कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में स्थानीय प्रशासन के साथ सुरक्षा बलों की भी महत्वपूर्ण भूमिका है।

अंतिम सांसें गिन रहा नक्सलवाद: 53वीं बटालियन आईटीबीपी के जवानों ने ग्राम कुमुराडी क्षेत्र में चलाया अभियान

फोर्स को मिली सफलता, नक्सलियों का डंप सामान बरामद

नारायणपुर/नवप्रदेश। 2 5फरवरी को विश्वसनीय सूत्र से प्राप्त सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुए COB मंदोड़ा, 53वीं बटालियन आईटीबीपी और पुलिस बल के जवानों ने एरिया डॉमिनेशन पेट्रोलिंगपार्टी ग्राम कुमुराडी के जंगल पहाड़ की ओर रवाना हुआ था। इस दौरान सघन सर्च ऑपरेशन के दौरान जवानों ने नक्सलियों के एक ठिकाना में छिपाकर रखे गए नक्सल डम्प को बरामद किया।

सर्च ऑपरेशन के दौरान जप्त सामग्री का विवरण

1. प्राइमा कॉर्ड - लगभग 100 मीटर
2. सेफ्टी फ्यूज - 20 मीटर
3. ऑरेंज फ्यूज - 20 मीटर
4. सुतली बम - लगभग 35 किलोग्राम
5. उर्वरक पाउडर (भूरा) - 38 किलोग्राम
6. इम्प्रोवाइज्ड विस्फोटक -18 किलोग्राम
7. चारकोल - 2.5 किलोग्राम
8. एएमएन पाउच - 05 नग
9. इम्प्रोवाइज्ड रॉकेट लॉन्चर - 01 नग
10. रॉकेट लॉन्चर सेल - 13 नग
11. मोर्टार सेल (भारी) - 19 नग
12. मोर्टार सेल (हल्का) - 11 नग
13. बीजीएल लॉन्चर (इम्प्रोवाइज्ड - बड़ा) - 01 नग
14. बीजीएल लॉन्चर (इम्प्रोवाइज्ड - छोटा) - 01 नग
15. बीजीएल कारतूस (मध्यम) - 08 नग
16. बीजीएल कारतूस (छोटा) - 15 नग
17. बीजीएल कारतूस (बड़ा) - 12 नग
18. लंबी दूरी बीजीएल राउंड - 70 नग
19. छोटी दूरी बीजीएल राउंड - 55 नग
20. इम्प्रोवाइज्ड हैंड ग्रेनेड - 02 नग
21. चिकित्सकीय सामग्री एवं दवाइयाँ - पर्याप्त मात्रा में

क्षेत्र में नक्सल गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु लगातार सर्च ऑपरेशन जारी है।

जिला स्तरीय सलाहकार एवं परामर्शदात्री समिति की त्रैमासिक बैठक संपन्न

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सलाहकार एवं परामर्शदात्री समिति की त्रैमासिक बैठक आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न हितग्राहीमूलक, विकास एवं रोजगारमूलक योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर संबंधित बैंक अधिकारियों को योजनाओं के प्रकरणों में शत-प्रतिशत स्वीकृति और सहायता ऋण राशि के समयबद्ध वितरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने समस्त बैंकर्स को निर्देशित किया है कि वे जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में प्राथमिकता के साथ कार्य करें तथा वित्तीय वर्ष 2025-26 समाप्त होने के पहले तक मिशन मोड में लंबित प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करें ताकि अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ मिल सके। कलेक्टर श्री महोबे ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं का लाभ जिले के प्रत्येक पात्र हितग्राही तक पहुँचे। उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना जैसे कार्यक्रम स्वरोजगार को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न बैंक शाखा प्रबंधकों को लंबित प्रकरणों के निराकरण मे समयसीमा में पूर्ण करने व आपसी समन्वय से कार्य करने में निर्देश दिए।

ब्लॉक स्तरीय खेल स्पर्धा का भव्य समापन, कबड्डी और सांस्कृतिक विधाओं में टीमों का दबदबा

मनेंद्रगढ़ /एम सी बी। ग्राम ताराबहरा में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मनेंद्रगढ़ ग्रामीण के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेल एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का भव्य समापन हुआ।

इस आयोजन में कबड्डी, रस्साकसी और पारंपरिक नृत्य जैसी विभिन्न विधाओं में ग्रामीण प्रतिभाओं ने अपनी खेल भावना और अनुशासन से दर्शकों का दिल जीत लिया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक गुलाब कमरो रहे।

प्रतियोगिता के परिणामः एक नजर में : तीन दिनों तक चले इस खेल महाकुंभ में विभिन्न श्रेणियों के परिणाम इस प्रकार रहे स्पर्धा वर्ग प्रथम स्थान द्वितीय स्थान
कबड्डी पुरुष (16 टीमें) खेलो इंडिया स्ट्क्क बंजी कछौड़ कबड्डी महिला (8 टीमें) खेलो इंडिया स्ट्क्क बंजी खड़गवां रस्साकसी पुरुष कछौड़ सिरौली रस्साकसी महिला बंजी नवगोई सुई-धागा महिला अमरबती (बंजी) अनीता (बंजी) मटका फोड़ महिला अनीता

(खड़गवां) रीना (बंजी) रिबन दौड़ महिला सुष्मिता (बंजी) रीना (बंजी) कुर्सी दौड़ महिला रीना (बंजी) पुष्पा (बंजी) कर्मा नृत्य सांस्कृतिक ढुलकु सिरौली सैला नृत्य सांस्कृतिक बिजौर बहरा

पुरस्कार वितरण और उत्साह

समापन के अवसर पर सभी विजेता टीमों और व्यक्तिगत स्पर्धा के विजेताओं को नकद राशि एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। खेल भावना को बनाए रखने के लिए अन्य प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार भी दिए गए। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण और खेल प्रेमी मौजूद रहे, जिन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

खिलाड़ियों के कौशल की सराहना

मुख्य अतिथि गुलाब कमरो ने विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते हुए कहा कि ग्रामीण अंचल में इस तरह के आयोजन युवाओं को एक सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि खेलों से न केवल शारीरिक विकास होता है, बल्कि युवाओं में टीम भावना, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता का संचार भी होता है। विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ कांग्रेसी रमेश सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष (शहरी) सौरव मिश्रा, महामंत्री रफीक मेमन और सांसद प्रतिनिधि ओम प्रकाश गुप्ता उपस्थित रहे।

न्यूज गैलरी

एमसीबी जिले के 15,852 किसानों के खातों में पहुंचे 64.31 करोड़ रुपए

मनेंद्रगढ़/खड़गवां/नवप्रदेश। प्रदेश सरकार की 'कृषक उन्नति योजना' के तहत एमसीबी जिले के अन्नदाताओं के लिए इस बार की होली बेहद खास होने जा रही है। खड़गवां में आयोजित भव्य कृषक सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने जिले के 15,852 किसानों के खातों में 64.31 करोड़ रुपये की आदान सहायता राशि डीबीटी के माध्यम से अंतरित की। मंत्री जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सरकार किसानों के सम्मान और समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने 3100 प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी का अपना वादा निभाया है, जिसके तहत शेष 731 प्रति क्विंटल की अंतर राशि सीधे किसानों के खातों में भेजी गई है। अकेले खड़गवां विकासखंड के 4,849 किसानों को 18 करोड़ से अधिक का लाभ मिला है। सम्मेलन के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने क्षेत्रवासियों को बड़ी सौगातें दीं। उन्होंने खड़गवां में कृषि महाविद्यालय के निर्माण, रजिस्ट्री सुविधा की स्थानीय शुरुआत और विभिन्न सिंचाई जलाशयों के विस्तार की जानकारी दी। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य प्रिया मसराम सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी और प्रगतिशील किसान उपस्थित रहे। अंत में मंत्रीने प्रतीक स्वरूप कई किसानों को प्रमाण पत्र वितरित किए।

किसान, युवा और पिछड़ा वर्ग मोर्चा में नई जिम्मेदारियां

मुंगेली/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी में संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से किसान मोर्चा, युवा मोर्चा एवं पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला पदाधिकारियों एवं कार्यसमिति सदस्यों की नियुक्ति की घोषणा की गई है। यह नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष की अनुमति से जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी द्वारा किया गया है। जारी सूची के अनुसार किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष के रूप रितेश यादव, महामंत्री शंकर सिंह ठाकुर, विश्वनाथ साहू को जिम्मेदारी सौंपी गई है। युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष पद पर राकेश साहू, महामंत्री घनेन्द्र राजपूत, राजेंद्र साहू को नियुक्त किया गया है। वहीं पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष के रूप में महाजन जायसवाल, महामंत्री रामकुमार साहू, टीकाराम वर्मा को दायित्व प्रदान किया गया है। इसके अतिरिक्त विभिन्न मोर्चों में उपाध्यक्ष, महामंत्री, मंत्री, कोषाध्यक्ष, सह कोषाध्यक्ष, मीडिया प्रभारी, आईटी सेल संयोजक सहित कार्यसमिति सदस्यों की भी नियुक्ति की गई है। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को संगठन विस्तार, बूथ स्तर तक मजबूती तथा पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पार्टी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने भी नई टीम का स्वागत करते हुए संगठन को और सशक्त बनाने का संकल्प व्यक्त किया है। जानकारी जिला मीडिया प्रभारी रामशरण यादव ने दिया।

होली से पहले खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई, 8 सैंपल जांच के लिए रखा

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में होली त्यौहार को ध्यान में रखते हुए अभिहित अधिकारी के मार्गदर्शन में वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी अजीत बघेल खाद्य एवं औषधि प्रशासन के द्वारा मुंगेली एवं लोरमी से खाद्य पदार्थ मिल्क केक, पेडा, बेसन लड्डू, लच्छा रोल, रसगुल्ला, बर्फी, काजू रोल के साथ कुल 8 खाद्य पदार्थ का नमूना संकलित किया गया। सभी खाद्य नमूनो को राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला कालीबाड़ी रायपुर जांच हेतु भेजा जाएगा जहां से रिपोर्ट प्राप्त होने के आधार पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अनुसार आगे की कार्यवाही की जाएगी। होली त्यौहार को ध्यान में रखकर सभी मिठाई विक्रेताओं को किसी भी प्रकार का मिलावट नहीं करने, साफ-सफाई रखने का निर्देश दिया गया।

छह साल बाद नंदकुमार पटेल यूनिवर्सिटी में कर सकेंगे पीएचडी

रायगढ़/नवप्रदेश। शहीद नंदकुमार पटेल यूनिवर्सिटी में छह साल बाद पीएचडी कार्यक्रम शुरू होने जा रहा है। सत्र 2025-26 के लिए पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया की आधिकारिक अधिसूचना जारी कर दी गई है। ऑनलाइन आवेदन 2 मार्च से शुरू होंगे और अंतिम तिथि 30 मार्च रखी गई है। विश्वविद्यालय ने पहले सत्र में 14 विषयों की 212 सीटों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। लंबे समय से प्रोफेसरों और छात्रों द्वारा पीएचडी कार्यक्रम शुरू करने की मांग की जा रही थी। पात्र अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित योग्यता और प्रवेश परीक्षा प्रक्रिया का पालन करना होगा। कुलसचिव तरुण धर दीवान ने कहा कि प्रवेश प्रक्रिया यूजीसी और संबंधित नियामक संस्थाओं के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पारदर्शी तरीके से होगी। प्रवेश परीक्षा की तिथि, केंद्र, पाठ्यक्रम और अन्य निर्देश विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जारी किए जाएंगे। नेट, सेट और जेआरएफ उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को नियम अनुसार छूट दी जाएगी। उन्होंने बताया कि लंबे समय से पीएचडी शुरू करने की मांग थी और नियमानुसार सीटें घट या बढ़ सकती हैं।

वरिष्ठ नागरिक महासंघ के दो-दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन का समापन, 17 राज्यों के 1500 प्रतिनिधि हुए शामिल

बुजुर्ग परिवार की धुरी होते हैं, उनका हमेशा करें सम्मान

मुंगेली/नवप्रदेश। अखिल भारतीय वरिष्ठ नागरिक महासंघ का 23वां दो-दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन हाल ही में संपन्न हुआ, जिसमें जिले ने न केवल प्रदेश बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर इतिहास रच दिया। देश के 17 राज्यों और नेपाल से आए 1500 प्रतिनिधियों की उपस्थिति में जिले के धनेश सोलंकी को उनके उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों के लिए मराठवाड़ा केसरी अन्ना साहेब गवने पुरस्कार से नवाजा गया।

राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक महासंघ द्वारा अपना 23वां वार्षिक अधिवेशन उड़ीसा की राजधानी भुनेश्वर में आयोजित किया गया। आयोजन में देश के 17 राज्यों से आए 1500 वरिष्ठ प्रतिनिधियों ने भाग लिया। छत्तीसगढ़ से भी प्रदेश वरिष्ठ नागरिक महासंघ के महासचिव धनेश सोलंकी के नेतृत्व में मुंगेली से 12 सदस्यों सहित दुर्ग से 26 बेमेतरा बिलासपुर कोरबा के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। वर्तमान में छत्तीसगढ़ वरिष्ठ नागरिक कन्फेडरेशन के महासचिव और मुंगेली जिलाध्यक्ष धनेश सोलंकी ने अध्यक्ष की अनुपस्थिति में प्रदेश का नेतृत्व किया। उन्हें राष्ट्रीय अध्यक्ष महाराज कृष्ण रैना द्वारा ग्रामीण-पुरुष वर्ग में वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार, सम्मान और कल्याण के लिए किए गए उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। बता दें कि सोलंकी का परिवार सेवा की विरासत समेटे हुए है। उनके पिता, जो राधाकृष्ण टॉकीज संचालित करते थे, उन्हें छत्तीसगढ़ का प्रथम विशेष दादा साहेब फाल्के पुरस्कार मिलने का गौरव प्राप्त है। अब धनेश सोलंकी ने राष्ट्रीय पुरस्कार जीतकर जिले के नाम एक और ऐतिहासिक उपलब्धि जोड़ दी है। उल्लेखनीय है कि जिले के वरिष्ठ नागरिक संघ के अध्यक्ष सोलंकी को वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों एवं सम्मान के क्षेत्र में विशेष उल्लेखनीय कार्य किए जाने के फलस्वरुप उत्कृष्ट वरिष्ठ नागरिक सम्मान (ग्रामीण पुरुष वर्ग) का मराठवाड़ा केसरी अन्ना साहब गवाने पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सोलंकी ने अपने उद्बोधन में वरिष्ठों के अधिकार सुरक्षा एवं सम्मान के लिए जो बातें कही वह विचारणीय है आज के समय में दो पीढ़ियों के बीच जो दूरी बढ़ती जा रही है उसे कम कर सामंजस्य बनाने की सलाह दी। इस अधिवेशन के राष्ट्रीय मंच में हमारे गौरवशाली राज्य छत्तीसगढ़ की महान कला और संस्कृति का प्रतिनिधित्व मुंगेली के चेतन वरिष्ठ महिला संघ ने किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ी गीत तथा नृत्य से मन मोह लिया। जिसकी सभी ने सराहना की।

100 प्रतिनिधियों ने अधिवेशन में की सहभागिता- महासंघ के अध्यक्ष एम. के. रैना और महासचिव श्रीहरि शिधाये ने आयोजन को ऐतिहासिक करार दिया। अधिवेशन में वरिष्ठ नागरिकों के हित में कई प्रस्ताव पारित किए गए। वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य बीमा कवरेज का विस्तार। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में डे-केयर सेंटरों की स्थापना। ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकारों के प्रति जागरूकता लाना। सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से वरिष्ठों को सक्रिय रखना। धनेश सोलंकी के नेतृत्व में मुंगेली, दुर्ग-भिलाई, बेमेतरा, बिलासपुर और कोरबा के लगभग 100 प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। छत्तीसगढ़ प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया। इस उपलब्धि से पूरे जिले और छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ नागरिक संगठनों में हर्ष का माहौल है। लोगों का कहना है कि यह सम्मान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा।

बुजुर्ग परिवार की धुरी होते हैं- अधिवेशन के प्रथम दिन के मुख्य अतिथि सांसद डॉ. संबित पात्रा थे। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों को नमन करते हुए अपने पारिवारिक उदाहरण साझा किए। उन्होंने बताया कि कैसे उनके पिता उनकी सेवाओं को लेकर चिंतित रहते थे और सांसद बनने के बाद उनकी चिंता इस बात पर टिकी कि बेटा अब पेंशनर हो गया है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ जन परिवार की धुरी होते हैं और उनकी चेतना समाज को सही दिशा देती है।

अधिवेशन में मुंगेली से प्रमोद पाठक, लवबीर गुप्ता, हरिराम साहू, उमा शर्मा, अनीता गुप्ता, प्रमिला गुप्ता, रेवती तांबोली, सुरेखा सोनी, मंजू सोलंकी, प्रमिला चौरसिया, अलका गुप्ता, बिलासपुर से राघवेन्द्र दीवान, दुर्ग-भिलाई यमला साहू, एमएम. पाटिल, कोरबा से धर्मेन्द्र यादव शामिल हुए।

छत्तीसगढ़ी लोक कला ने बांधा समां

अधिवेशन में जिले के चेतना वरिष्ठ महिला समूह द्वारा प्रस्तुत छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य और गीत विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। मात्र 8 महीने पहले गठित इस संगठन ने राष्ट्रीय मंच पर अपनी छाप छोड़ी। पारंपरिक वेशभूषा में सजीं उमा शर्मा, अनीता गुप्ता, प्रमिला गुप्ता, रेवती तांबोली, सुरेखा सोनी, मंजू सोलंकी, प्रमिला चौरसिया व अलका गुप्ता ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। छत्तीसगढ़ी गीतों के साथ-साथ गुजरात गौरव गरबा का मंचन कर विविधता में एकता का संदेश दिया।

गिरधर जायसवाल बने जिला कांग्रेस के महामंत्री

सक्ती/नवप्रदेश। जिला कांग्रेस कमेटी सक्ती के संगठन के विस्तार

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अनुशंषा के बाद जिला कॉंग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रश्मि गवेल के कार्यकारणी की घोषणा कर दी हैं जिसमें 31 कांग्रेसजनों को उपाध्यक्ष महामंत्री एवं सचिव की जिम्मेदारी के साथ 10 कॉग्रेसी को कार्यकारणी सदस्य बनाया गया हैं पूर्व में ब्लाक अध्यक्ष रहे कॉग्रेस जनों को सचिव की जिम्मेदारी दी गई हैं वरिष्टतम सात कांग्रेसजनों को उपाध्यक्ष रूप नारायण साहु एवँ वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रवक्ता के पद बलराम पाण्डे धनी राम सोनवानी तारा चन्द साहू अमर सिंह बनाफरर भुनेश्वर चंद्रा वहीं जिला महामंत्री पर गिरधर जायसवाल सहित अमित राठौर विजय सूर्यवंशी राजीव जायसवाल घनश्याम देवांगन पिन्टू ठाकुरजितेंद्र बहादुर कुसुम यादव मधुसुदन साहू ओम प्रकाश पटेल बोध साय चन्द्रा ताम्रध्वज चन्द्रा सहित बारह लोगों को महामंत्री बनाया गया हैं लाल बहादुर पटेल कन्हैया कवर कुसुम लता अजगले पारस यादव मनोज जायसवाल रामकुमार राठौर सुभान खान भीष्म देव भारती राजेन्द्र यादव चन्द्र कुमार सोनी जीवन लाल साहू पूर्णिमा चंद्रप्रकाश खूंटे भीषमदेव भारती तेरह कॉग्रेस नेताओं को सचिव की जिम्मेदारी के साथ कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी आनंद अग्रवाल को दी गई हैं वही दस कॉग्रेसी उगेन्द अग्रवाल सविता रात्रे रामबाई सिदार गायत्री सिदार सन्नी राम साहू दूज राम सुनील कुमार पटेल लखन लाल चन्द्रा जिला कॉग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र के चुनिंदा लोगों को शामिल किया गया हैं जो पार्टी द्वारा होने वाले आयोजन पर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे है।

जागरुकता कार्यक्रमः छात्राओं को सिखाए सुरक्षा के गुर

मनेंद्रगढ़/नवप्रदेश। एमसीबी जिले के झगराखाड़ स्थित शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय में 'वी क्लब समर्पण' के तत्वावधान में पोक्सो एक्ट और साइबर सुरक्षा पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि द्वितीय सत्र न्यायालय की न्यायाधीश सरिता दास ने छात्राओं को पोक्सो एक्ट की बारीकियों से अवगत कराते हुए कहा कि जागरूकता ही सुरक्षा का सबसे बड़ा कवच है।

न्यायाधीश दास ने छात्राओं को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति सजग किया, वहीं अधिकार मित्र अंजनी यादव ने 'गुड टच-बैड टच' के अंतर को व्यावहारिक रूप से समझाया। कार्यशाला में साइबर विशेषज्ञ अजय विश्वकर्मा ने सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग और ऑनलाइन ठगी से बचाव के तरीके बताए। आरक्षक इशिता श्रीवास्तव ने किसी भी अप्रिय स्थिति में पुलिस से संपर्क करने हेतु छात्राओं का मनोबल बढ़ाया। वी क्लब की चेयरपर्सन वीरांगना श्रीवास्तव के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अनुपमा सिंह, इंदिरा सेंगर सहित वी क्लब की सदस्याएं, शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

राजस्थान के युवाओं ने प्रदेश की संस्कृति का अनुभव किया

रायगढ़/नवप्रदेश। युवा भारत (माय भारत) कार्यक्रम के तहत 23 से 27 फरवरी 2026 तक होटल श्री साईं श्रद्धा में पांच दिवसीय अंतरराज्यीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम आयोजित हुआ।

इसमें राजस्थान के करौली, बाड़मेर, जैसलमेर, डूंगरपुर और श्रीगंगानगर से आए 34 युवाओं ने सहभागिता की। उद्घाटन सत्र में भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अनुपम पाल मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ी लोकगीत, कथक नृत्य, साइबर सुरक्षा, वित्तीय जागरूकता, मानसिक स्वास्थ्य और सांस्कृतिक सत्र आयोजित किए गए। प्रतिभागियों को रायगढ़ के बंजारी माता मंदिर, कुर्रा गुफा, खम्हार पाकुट जलाशय और जिंदल स्टील प्लांट जैसे प्रमुख स्थलों का भ्रमण भी कराया गया। समापन समारोह में प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र और फोटो फ्रेम देकर सम्मानित किया गया।

कुंवरपुर राशन दुकान में चार माह से खाद्यान्न वितरण बंद

लखनपुर/नवप्रदेश। सरगुजा जिले के लखनपुर विकासखंड अंतर्गत सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) की व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्राम पंचायत कुंवरपुर में संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान से पिछले करीब चार महीनों से कार्डधारी हितग्राहियों को चावल, चना और शक्कर सहित आवश्यक खाद्यान्न सामग्री नहीं मिल पा रही है। इससे ग्रामीणों में भारी नाराजगी व्याप्त है। ग्रामीणों के अनुसार कुंवरपुर पंचायत के आश्रित ग्राम हसडाड, झाड़ीपुर

खास और कुंवरपुर के सैकड़ों हितग्राही नियमित रूप से राशन के लिए दुकान का चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन उन्हें निराश लौटना पड़ रहा है। आरोप है कि महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित इस दुकान में ई-पॉस मशीन पर उपभोक्ताओं का अंगूठा लगवाने के बाद भी राशन का वितरण नहीं किया गया। इस कथित अनियमितता से गांव का माहौल गरमा गया है। बीते शनिवार रात करीब 9 बजे खाद्यान्न नहीं मिलने के मुद्दे पर कार्डधारी हितग्राहियों और दुकान संचालक के बीच जमकर बहस हुई। स्थिति तनावपूर्ण होते देख ग्राम सरपंच ने हस्तक्षेप किया और बैठकर राशन बंटवाने का प्रयास किया, लेकिन सभी हितग्राहियों को राशन नहीं मिल सका। इससे ग्रामीणों में असंतोष बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि केवल कुंवरपुर ही नहीं, बल्कि कटिन्दा, लटोरी, गुमगराकला और बेलदगी सहित अन्य गांवों की राशन दुकानों में भी इसी प्रकार की शिकायतें सामने आ रही हैं। आमजन इस अव्यवस्था के लिए खाद्य निरीक्षक और विभागीय अधिकारियों की लापरवाही को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। शिकायतों के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

होली के रंग में रंगा लखनपुरः नगर पंचायत सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में होली त्योहार को लेकर उत्साह

बाजारों में सजी रंग-गुलाल और पिचकारी की दुकानें

लखनपुर/नवप्रदेश। सरगुजा जिले के लखनपुर नगर पंचायत सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में रंगों के पर्व होली को लेकर उत्साह चरम पर है। चंद दिनों बाद मनाए जाने वाले इस पारंपरिक त्योहार की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। बाजार रंग-बिरंगे गुलाल, पिचकारी, आकर्षक मुखौटे और मिठाइयों से सज गए हैं।

हर तरफ होली का खुमार छाया हुआ है। हालांकि इस वर्ष होलिका दहन की तिथि को लेकर लोगों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। भद्रा और चंद्र ग्रहण की चर्चा के कारण आमजन के बीच भ्रम की स्थिति

देखी जा रही है। कुछ विद्वान पंडित 2 मार्च को तो कुछ 3 मार्च को होलिका दहन किए जाने की राय दे रहे हैं। परंपरा के अनुसार होलिका दहन पूर्णिमा तिथि को किया जाता है और तिथि की शुरुआत को विशेष महत्व दिया जाता है। भद्रा की छाया और ग्रहण की संभावनाओं ने इस बार होली को चर्चा का विषय बना दिया है। बावजूद इसके, त्योहार को लेकर लोगों का उत्साह कम नहीं हुआ है।

फाग गीतों की परंपरा सिमटी

एक समय था जब सरसों के फूलते ही गांवों के चौपालों पर फाग गीतों की महफिल सज जाती थी। ढोल, मंजीरा, नगाड़ा और तासे की थाप पर लोकगीत गूंजते थे और पूरा माहौल लोक संस्कृति से सराबोर रहता था। लेकिन बदलते समय के साथ यह परंपरा सिमटती जा रही है। अब डीजे साउंड सिस्टम पर युवा वर्ग थिरकता नजर आता है, जबकि पारंपरिक फाग गीतों की गूंज कम होती जा रही है। गांव के चौक-चौराहे, जहां कभी महीनों फाग गीत गाए जाते थे, अब शांत नजर आते हैं। फिर भी रंगों का यह पर्व आपसी भाईचारे और उल्लास के साथ मनाने की परंपरा आज भी जीवित है।

जनगणना कार्य महत्वपूर्ण गंभीरता से शासन के नियमों के अंतर्गत कार्य करना सुनिश्चित करें: कलेक्टर

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। जिला कलेक्टरेट सभाकक्ष में सोमवार को आयोजित साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने भारत सरकार द्वारा आयोजित होने वाली जनगणना 2027 की तैयारियों के सम्बन्ध में समीक्षा की।

उन्होंने कहा कि जनगणना कार्य हेतु फील्ड लेवल अधिकारियों, सुपरवाइजर एवं प्रगणकों की कुल आवश्यक संख्या की जानकारी तैयार कर उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि जनगणना कार्य में मुख्य रूप से शिक्षा विभाग से प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों की ड्यूटी लगाई जाएगी।

सुपरवाइजर माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक या प्राचार्य तथा प्राथमिक विद्यालय के प्राचार्य हो सकते है, वहीं प्रगणक प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक होंगे। उन्होंने प्रशिक्षण कार्यक्रमों के सम्बन्ध में जानकारी ली तथा कहा कि जनगणना महत्वपूर्ण कार्य है, इसलिए गम्भीरता से शासन के नियमों के अंतर्गत कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्री वसंत ने अपार आईडी निर्माण में प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने सभी अनुविभागीय अधिकारियों से जन्म प्रमाण पत्र निर्माण की स्थिती की जानकारी ली तथा जल्द से जल्द लक्ष्य पूर्ण करने निर्देशित किया। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र बन गया है, उनका आधार कार्ड निर्माण हेतु कार्यवाही शुरू करें। गंभीरता के साथ कार्य में प्रगति लाएं। इस दौरान

जाति प्रमाण पत्र निर्माण की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

कलेक्टर वसंत ने जिले में अतिशेष शिक्षकों की जानकारी ली तथा कहा कि जिन विद्यालयों में शिक्षक अवकाश पर हैं या किसी कारणवश शिक्षक नहीं आ रहे हैं। पास के अन्य विद्यालय जहां शिक्षकों की ज्यादा संख्या हैं, वहां से शिक्षक अटैच करें, ताकि बच्चों की पढ़ाई बाधित ना हो। उन्होंने खाद्य अधिकारी से नए धान खरीदी केंद्रों के निर्माण हेतु स्थल चिन्हांकन कर सम्बंधित एसडीएम को सूची उपलब्ध करवाने निर्देशित किया। उन्होंने सुदूर क्षेत्रों में राशन पहुंचाने की जानकारी ली तथा कहा कि तहसीलदार मॉनिटरिंग करें। इस दौरान आश्रम छात्रावासों के निरीक्षण की जानकारी ली गई तथा शेष में सम्बंधित अधिकारियों को निरीक्षण करने कहा गया।

जनगणना 2027 की तैयारियों की समीक्षा

अंबिकापुर के जिला कलेक्टरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा बैठक में कलेक्टर अजीत वसंत ने भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित जनगणना 2027 की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि फील्ड लेवल अधिकारियों, सुपरवाइजर एवं प्रगणकों की आवश्यक संख्या का आंकलन कर शीघ्र उपलब्ध कराया जाए। जनगणना कार्य में मुख्य रूप से शिक्षा विभाग के प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों की ड्यूटी लगाई जाएगी।

न्यूज गैलरी

बैठक : विभिन्न समाजों ने जनसेवा और राष्ट्रहित का लिया संकल्प

लखनपुर/नवप्रदेश। शहर के बड़ा बाजार स्थित अग्रवाल भवन में विगत दिनों सामाजिक एकता, जागरूकता और जनकल्याण के उद्देश्य से सामाजिक सद्भाव बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के तैलचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। उपस्थित वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि समाज का विकास केवल व्यक्तिगत उन्नति से संभव नहीं है, बल्कि इसके लिए सामूहिक उत्तरदायित्व, सामाजिक न्याय और मानवाधिकारों की रक्षा अनिवार्य है। वक्ताओं ने कहा कि वास्तविक परिवर्तन तभी आता है जब व्यक्ति अपने निजी स्वार्थों से ऊपर उठकर दीन-दुखियों और समाज के कमजोर वर्गों की सहायता के लिए आगे आता है। समाजसेवी अनिल अग्रवाल ने अपने गीतों के माध्यम से उपस्थित जनसमूह में उत्साह का संचार किया और एकजुट होकर समाज निर्माण का संदेश दिया। मुख्य वक्ता गौरांगो सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि हमारी असली ताकत एकता और संस्कारों में है। हमारे पूर्वजों ने कठिन समय में भी अपने आदर्शों को नहीं छोड़ा, हमें भी उन्हीं के पदचिन्हों पर चलते हुए भेदभाव और विभाजन की मानसिकता को त्यागना होगा। उन्होंने बच्चों को अच्छे संस्कार देने और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने की प्रेरणा दी। बैठक में इस बात पर सहमति बनी कि निरंतर संवाद और आपसी मेल-मिलाप से ही विचारों में सकारात्मक परिवर्तन आता है। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित नागरिकों ने समाजहित और राष्ट्रहित में निरंतर कार्य करने का सामूहिक संकल्प लिया।

पेट्रोल पंप से बाइक चोरी की, युवक गिरफ्तार हुआ

अंबिकापुर/नवप्रदेश। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की दो बाइक बरामद की है। आरोपी को पुलिस ने केदारपुर इलाके में पहले चोरी की बाइक में घूमते हुए गिरफ्तार किया। पहली बाइक उसने पुलिस लाइन स्थित पेट्रोल पंप से 15 फरवरी को चोरी की थी। पुलिस ने बताया कि आरोपी सुजीत कुमार सारथी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने पेट्रोल पंप से बाइक चोरी करने की बात स्वीकार की। उसकी निशानदेही पर घर से चोरी की दूसरी बाइक बरामद की गई। पुलिस ने बताया कि आरोपी चोरी की बाइक को बेचने के लिए ग्राहक की तलाश में था। इस दौरान उसे गिरफ्तार किया। दूसरी बाइक उसने कलेक्टोरेट से चोरी की थी। दोनों बाइक की रिपोर्ट पहले से कोतवाली में दर्ज है। पुलिस ने आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा।

अभियान : लोगों को जागरूक किया

अंबिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत थाना क्षेत्र पटना सहित पूरे कोरिया जिले में पुलिस द्वारा व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। नवागंतुक थाना प्रभारी पटना प्रमोद पांडे के नेतृत्व में बाल विवाह रथ के माध्यम से गांव-गांव जाकर लोगों को कानून की जानकारी दी जा रही है और सामाजिक चेतना बढ़ाई जा रही है। अभियान के दौरान यह भी स्पष्ट हुआ कि पुलिस न केवल समाज में कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सक्रिय है, बल्कि अपने विभाग में भी अनुशासन और पारदर्शिता सुनिश्चित करती है। यदि कोई पुलिसकर्मी अपने कर्तव्यों में लापरवाह या भ्रष्ट पाया जाता है, तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाती है। यह निष्ठा और आत्मअनुशासन पुलिस की निष्पक्ष कार्यप्रणाली को दर्शाता है। पुलिस का यह स्वरूप यह संदेश देता है कि कानून सबके लिए समान है चाहे वह आम नागरिक हो या अधिकारी। बाल विवाह, अवैध शराब बिक्री, सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन और नागरिक सुरक्षा के सभी क्षेत्रों में पुलिस सक्रिय भूमिका निभा रही है।

सरगुजा में 16 राजस्व निरीक्षकों का तबादला, कलेक्टर ने जारी किए आदेश

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। जिला सरगुजा में प्रशासनिक दक्षता एवं राजस्व कार्यों के बेहतर संपादन के उद्देश्य से कलेक्टर श्री अजीत वसंत द्वारा जिले में पदस्थ 16 राजस्व निरीक्षकों के स्थानांतरण आदेश जारी किए गए हैं। आदेश तत्काल प्रभावशील होगा। विश्वनाथ तिवारी, रा.नि.मं. अम्बिकापुर-3 से रा.नि.मं. लखनपुर, रामकुमार राम, रा.नि.मं. अम्बिकापुर-4 से रा.नि.मं. रघुनाथपुर (धौरपुर), संजय सिंह, रा.नि.मं. अम्बिकापुर-5 से रा.नि.मं. उदयपुर, धर्मेन्द्र कुमार सिंह, रा.नि.मं. अम्बिकापुर-6 से रा.नि.मं. बतौली, सबल साय एक्का, रा.नि.मं. धौरपुर से रा.नि.मं. अम्बिकापुर-3, विकास कुमार सोनपाकर, रा.नि.मं. उदयपुर से रा.नि.मं. अम्बिकापुर-4, राज बहादुर सिंह, रा.नि.मं. खम्हरिया (उदयपुर) से राजस्व निरीक्षक नजूल, संजय कुमार सिंह, रा.नि.मं. लखनपुर से रा.नि.मं. अम्बिकापुर-5, धर्मेन्द्र कुमार सिंह, रा.नि.मं. सलका (लखनपुर) से रा.नि.मं. अम्बिकापुर-6, छय कुमार पैंकरा, रा.नि.मं. पेटला (सीतापुर) से राजस्व निरीक्षक नजूल शिवपूजन तिवारी, रा.नि.मं. बतौली से राजस्व निरीक्षक नजूल, रामदेव यादव, राजस्व निरीक्षक नजूल से रा.नि.मं. लुण्ड्रा, सरयू राम पैंकरा, राजस्व निरीक्षक नजूल से रा.नि.मं. खम्हरिया (उदयपुर), आशीष गुहा, राजस्व निरीक्षक डायवर्सन से रा.नि.मं. पेटला (सीतापुर) तबादला किया है।

नगाड़ों की थाप पर गूंज रहे पारंपरिक फाग

मुंगेली/नवप्रदेश। होलिका दहन के लिए क्षेत्र के विभिन्न गांवों, नगरीय क्षेत्रों व शहरों में लकड़ी इकट्ठा करने का काम शुरू हो गया हैं। होली त्यौहार नजदीक आते ही नगर सहित गांव-गांव चौक में युवा वर्ग नगाड़ा के थाप पर फाग गाते हुये नजर आ रहे है। रात्रि में नगाड़ो की थाप पर सुनाई देने वाली फाग गीत लोगो को झूमने के लिये विवंश कर देती हैं। फाल्गुन माह में नगाड़ों की थाप और रसभरे गीतों की गूंज लोगों को आल्हादित कर देती है। नगर के कुछ मोहल्लो की एक-दो मंडली इस परंपरा को जीवित रखने की कवायद में जुटी हैं। नगर के महामाया मंदिर में फाग गायन कार्यक्रम में फाग गायन का आनंद होली त्यौहार के अवसर पर ले रहे है। ग्रामीण क्षेत्रो में शाम होते ही युवा वर्ग गांव के चौक-चौराहो में मंडली जमाकर फाग गायन का आनंद ले रहे है। पूर्व में नगर एवं क्षेत्र में फाग गायन की अलग ही शैली थी। शाम ढ़लते ही नगाड़े का शोर लोगों को घर से निकलने के लिए विवश कर देते थे। साथ मिल बैठ कर पारंपरिक फाग गीतों की ऐसी महफिल जमती थी कि राह

चलने वाले भी कुछ पल ठहर का इस मस्ती भरे पल को अपने जेहन में उतार लेना चाहते थे। शहर के बड़ा बाजार, पड़ाव चौक, नया बस स्टैण्ड, मल्हापारा आदि स्थानो पर होने वाले फाग को राह चलते लोग भी रूककर फाग का आनंद लेने के लिए मजबूर हो जाते थे। फाल्गून माह के प्रारंभ होते ही स्थान-स्थान पर दे दे बुलउवा राधे का, मड़वा में रामजी के रंग हई पगड़या, लइका हो गोपाल कूदी पड़ी जुमना में जैसे फाग जीत गूंजने लगते थे। होलिका दहन के लिए क्षेत्र के विभिन्न गांवों, नगरीय क्षेत्रों व शहरों में लकड़ी इकट्ठा करने का काम शुरू हो गया हैं। प्रबुद्ध लोगों की माने तो होलिका दहन में कंडे व अनुपयोगी चीजों का दहन करने का प्रयास होना चाहिए। कांटेदार सूखी झाड़ियां की होली जलाई जा सकती हैं। इसके लिए लोगों को जागरूक होना पड़ेगा। होलिका दहन प्रतिकात्मक रूप से मनाई जानी चाहिए जो पर्यावरण संरक्षण के लिए काफी जरूरी हैं।

शांति समिति की बैंठक- प्रशासन द्वारा आज होलिका दहन के दिन शांति समिति की बैठक रखी गई। जिसमें शांति व्यवस्था कायम करने के लिए ठोस उपाय किए जाऐंगे। शराब दुकान में लगी भीड़-रंगों का त्यौहार होली के अवसर पर प्रशासन ने होली के दिन शुष्क दिवस घोषित किया हैं। शराब की बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित की गई हैं, परन्तु पीने वालों पर इस प्रतिबंध का कोई विशेष असर नहीं होता। मदिरा प्रेमियों द्वारा अपने मनपसंद शराब का स्टाक जमा कर अपने घरों पर रख रहे हैं। होली ही एक मात्र ऐसा त्यौहार हैं जिसमें लोग जमकर पीते व पिलाते हैं, फिर चाहे पूरी जेब ही खाली क्यों न हो जाए इसकी फिक्र भला किसे रहती हैं। होली के पूर्व नगर के अंग्रेजी व देशी शराब दुकानों में भारी भीड़ देखी जा रही हैं। मदिरा प्रेमियों को यह पता हैं कि अगर अभी वे शराब नहीं खरीदेंगे तो उन्हें होली के दिन इसे दुगुने दामों में चोरी-छिपे खरीदना पड़ेगा। कई लोग होली में शराब न पीकर भांग का सेवन करते हैं। भांग प्रेमी बाहर शहरों से भांग की गोली मंगवा कर त्यौहार को भांग की गोली से रंगने की जुगत में लगे हुए हैं। वहीं दूसरी ओर मांस प्रेमी भी पीछे नहीं हैं। हाट बाजारों में त्यौहार को लेकर बिकवाली जोरों पर हैं।

आज लगेगा खंड चंद्रग्रहण होली का रंगोत्सव कल

मुंगेली/नवप्रदेश। रंग पर्व होली इस बार चंद्रग्रहण के कारण एक दिन आगे बढ़ गई है। सोमवार को होलिका दहन के अगले दिन यानी मंगलवार को होने वाले चंद्रग्रहण की वजह से रंगोत्सव बुधवार यानी चार मार्च को मनाया जाएगा। यह खंड चंद्रग्रहण दोपहर 3:20 बजे से ही लग जाएगा, लेकिन भारत में सायंकाल चंद्रमा ग्रहण लगा हुआ ही उदित होगा। इसकी कुल अवधि देश में 50 मिनट की होगी। ग्रहण के कारण उत्सव, भोजन, गमनागमन व अन्य मांगलिक कार्य वर्जित हो जाते हैं। ज्योतिषाचार्य पं. दीनानाथ उपाध्याय के अनुसार, फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा अर्थात तीन मार्च को लगने वाला यह चंद्रग्रहण भारतीय समयानुसार दोपहर 3:20 बजे आरंभ होकर सायं 6:48 बजे तक रहेगा, परंतु भारत के पूर्वोत्तर राज्यों के अलावा बंगाल, उप्र, मप्र, दिल्ली, महाराष्ट्र, राजस्थान आदि क्षेत्रों में आंशिक रूप से खंड चंद्रग्रहण के रूप में सूर्यास्त के बाद चंद्रोदय काल से दिखाई देगा। इसीलिए इन क्षेत्रों के लिए उदयकाल ही ग्रहण के आरंभ का काल माना जाएगा, क्योंकि ग्रहण जिस क्षेत्र में जिस समय पर दिखाई देता है, वही उसका काल होता है। होलिका दहन आज रात 12.50 से 2.02 के बीच-पं. दीनानाथ उपाध्याय के अनुसार, संपूर्ण देश में फागुन कृष्ण चतुर्दशी तिथि में सोमवार दो मार्च को रात्रिपर्यंत भद्रा होने से भद्रा पुच्छ से रात्रि 12.50 से रात 2.02 बजे के मध्य होलिका दाह किया जा सकेगा। फागुन शुक्ल पूर्णिमा तिथि दो मार्च को 5.18 बजे शाम लग रही जो तीन मार्च को शाम 4.33 बजे तक रहेगी। भद्रा दो मार्च की शाम 5.18 बजे लग रहा जो तीन मार्च की भोर 4.56 बजे तक रहेगा। शास्त्राज्ञा अनुसार, अबकी भद्रा पुच्छ में होलिका दाह होगा।

छात्रों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

लखनपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी विद्यालय, चिरमिरी में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, नवाचार और अनुसंधान की भावना को विकसित करना था। शुभारंभ मां सरस्वती की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। मुख्य अतिथि प्राचार्य सत्येंद्र सिंह, शुभम अग्रवाल और रविशंकर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विज्ञान मॉडल, पोस्टर निर्माण और विज्ञान

क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल, मनेंद्रगढ़ के जितेन्द्र कुमार विश्वकर्मा और सोमनाथ कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान विजय इंग्लिश मीडियम स्कूल, मनेंद्रगढ़ की साइना और सुपर्णा को मिला, जबकि तृतीय स्थान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलबहरा के ललित कुमार ने हासिल किया। विज्ञान क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान विजय इंग्लिश मीडियम स्कूल के आदित्य तिग्गा और गरिमा ने प्राप्त किया।

16 प्रकरण दर्ज, 2.70 लाख रुपए से अधिक की वसूली

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। जिला सरगुजा अंतर्गत लखनपुर एवं उदयपुर क्षेत्र के ग्राम मोहनपुर एवं ग्राम जजगा में छग गौण खनिज साधारण रेत उत्खनन एवं व्यवसाय नियम, 2023 के तहत साधारण रेत की 02 खदानें विधिवत स्वीकृत हैं। उक्त स्वीकृत खदानों से रेत का उत्खनन, विक्रय एवं परिवहन नियमानुसार किया जाता है। खनिजों के उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण में किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर कार्रवाई की जाती है। दैनिक समाचार प्रकाशित शीर्षक 'रेड नहीं तो घाटों पर सक्रिय रेत तस्कर, कर रहे अवैध उत्खनन' के संबंध में जिला खनिज अधिकारी द्वारा वस्तुस्थिति स्पष्ट की गई है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि खनिज विभाग द्वारा लखनपुर एवं उदयपुर क्षेत्र में स्वीकृत रेत उत्खनन पट्टों, भंडारण अनुज्ञप्तियों तथा आसपास के क्षेत्रों का सतत निरीक्षण किया जाता है। हालिया निरीक्षण के दौरान स्वीकृत रेत खदानों एवं नदी क्षेत्रों का मुआयना करने पर अधिकांश नदियों में पर्याप्त जलभराव पाया गया। जिससे अवैध उत्खनन की आशंका प्रतीत नहीं होती है। खनिज अमला द्वारा नियमों एवं शर्तों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की जा रही है।

MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR
e-Procurement Tender Notice
Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in
(1stCall)

NIT NO:-78/RMC/ZONE 08/2026 **RAIPUR DATED- 27.02.2026**
Online bids are invited for the following works Up to **23.03.2026 at 17:30 hours.**

Sr. No.	System Tender No.	Name of work/Description of work	Probable amount of contract (In Lacs)
1	186463	वीर सावरकर नगर वार्ड क्र.-01 अंतर्गत महाराणा प्रताप चौक वाया आंगनबाड़ी से जैतखांम मंदिर तक नाली निर्माण कार्य (अधोसंरचना मद)	12.21
2	186470	पं. जवाहरलाल नेहरू वार्ड क्र.-02 अंतर्गत आर.डी.ए. कालोनी कबीर नगर में रविकांत त्रिपाठी के घर से गोपाल के घर तक सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य (अधोसंरचना मद)	11.78
3	186474	पं. जवाहरलाल नेहरू वार्ड क्र.-02 अंतर्गत कबीर नगर अम्बेडकर चौक के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य (अधोसंरचना मद)	10.00
4	186475	डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम वार्ड क्र.-19 अंतर्गत प्रगति नगर शिव मंदिर वाली लाईन में सी.सी. नाली निर्माण कार्य (अधोसंरचना मद)	13.42
5	186480	डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम वार्ड क्र.-19 उपर पारा अशोक नगर पावर पंप से यादव रेसीडेन्स तक सी.सी. नाली निर्माण कार्य (अधोसंरचना मद)	13.40
6	186486	रामकृष्ण परमहंस वार्ड क्र.-20 अंतर्गत गायत्री नगर में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य (अधोसंरचना मद)	10.00
7	186488	रामकृष्ण परमहंस वार्ड क्र.-20 अंतर्गत शीतला तालाब के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य (अधोसंरचना मद)	10.00
8	186489	रामकृष्ण परमहंस वार्ड क्र.-20 अंतर्गत शिवाजी नगर परमानंद नगर नाली व रोड निर्माण कार्य (अधोसंरचना मद)	10.00
9	186492	शहीद भगत सिंह वार्ड क्र.-21 अंतर्गत हाउसिंग बोर्ड कालोनी विभुती नारायण के घर से मामा गार्डन क्षेत्र में नाली निर्माण कार्य (अधोसंरचना मद)	15.34
10	186493	मधावराव सप्रे वार्ड क्र.-69 अंतर्गत मेहतरू यादव गली, ढीमर पारा गौठान के पास रोड व नाली निर्माण कार्य (अधोसंरचना मद)	10.94
11	186495	मधावराव सप्रे वार्ड क्र.-69 अंतर्गत शिव चौक से श्रीराम चौक तक नाली निर्माण कार्य (अधोसंरचना मद)	10.28
12	186500	संत रविदास वार्ड क्र.-70 अंतर्गत रायपुरा पानी टंकी के पास हनुमान मंदिर से ढीमर पारा बी.एस.यू.पी. कालोनी 100 एम.एम. डी.आई. पाईप लाईन विस्तार कार्य (अधोसंरचना मद)	21.13
13	186501	शहीद भगत सिंह वार्ड क्र.-21 अंतर्गत टाटीबंध में अय्यप्पा मंदिर परिसर के समीप सामुदायिक भवन निर्माण कार्य (विधायक निधि)	15.00
14	186502	न.नि. रायपुर क्षेत्रांतर्गत महादेवघाट, रायपुर के सामुदायिक भवन में अतिरिक्त कक्ष हाल एवं शौचालय निर्माण कार्य (अधोसंरचना मद)	25.00

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal **https://eproc.cgstate.gov.in** from **27.02.2026** 17.30 Hours (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal NIT Details and other documents.

NOTE: -
1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. Help Desk at **Toll Free No. 18004199140** or through Email ID **helpdesk.eproc@cgswan.gov.in**

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

ZONE CONIMISSONER
ZONE 08
MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR (C.G.)

नवाचार का प्रदर्शन: विज्ञान मेले में छात्रों ने सीखे

जांजगीर/नवप्रदेश। ग्राम भवतरा स्थित शासकीय प्राथमिक/पूर्व माध्यमिक शाला में विज्ञान मेले का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। मेले में विद्यार्थियों ने वैज्ञानिक मॉडलों और प्रोजेक्ट्स के माध्यम से अपनी प्रतिभा और नवाचार क्षमता का प्रभावशील प्रदर्शन किया। विभिन्न स्टालों पर बच्चों ने प्रयोग कर आगंतुकों को सरल ढंग से वैज्ञानिक सिद्धांत समझाए।

मेले में छात्रों ने सूक्ष्मदर्शी से स्लाइड का अवलोकन किया और अम्ल-क्षार से जुड़े प्रयोग प्रस्तुत किए। इसके साथ ही सुचालक-

कुचालक पदार्थों की पहचान, पदार्थों का वर्गीकरण और पृथक्करण की विधियां, चुम्बकीय-अचुम्बकीय वस्तुओं की पहचान, तापमापी का उपयोग और पदार्थों की प्रकृति व अवस्था का प्रदर्शन किया गया। विद्यार्थियों ने अंधविश्वासों के वैज्ञानिक आधार पर जानकारी भी दी। 'कबाड़ से जुगाड़' थीम पर बने मॉडलों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। दो छात्राओं ने डॉक्टर की भूमिका निभाते हुए अस्पताल का मॉडल प्रस्तुत किया और स्टेथेस्कोप से हृदय की धड़कन सुनाने का प्रयोगात्मक प्रदर्शन किया, जिसने सभी को प्रभावित किया। कार्यक्रम में ग्राम के युवा पंच विकास रात्रे, बीरेंद्र तिवारी, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की शिक्षिका सस्मिता, पेंड्री स्कूल के प्रधान पाठक अश्वनी कुमार रात्रे समेत शिक्षक और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आयोजन प्रधान पाठक के.एल. निर्मलकर और के.के. साहू के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। विद्यालय परिवार ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। विज्ञापन मेला में अपने मॉडल दिखाते छात्र-छात्राएं।

जीरामजी योजना के प्रचार-प्रसार पर जोर

जांजगीर/नवप्रदेश। ऑडिटोरियम भवन जांजगीर में विकसित भारत जी-राम जी योजना एवं एक्ट, 2025 के संबंध में कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर योजना से संबंधित पंपलेट भी बांटे गए। कलेक्टर महोबे ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए, ताकि जिले के हर ग्रामीण तक जानकारी पहुंचे। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रभावी क्रियान्वयन तभी संभव है, जब मैदानी अमला सक्रिय भूमिका निभाए। कार्यक्रम का उद्देश्य विभिन्न विभागों के

अधिकारियों और कर्मचारियों को योजना के प्रमुख प्रावधान, पात्रता शर्तें, लाभ प्राप्ति की प्रक्रिया और क्रियान्वयन की रूपरेखा से अवगत कराना था। बैठक में मनरेगा प्रभारी सहायक परियोजना अधिकारी, सहायक प्रचार-प्रसार अधिकारी, पीएम आवास जिला समन्वयक, जनपद पंचायत सीईओ, आरईएस ईई, मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी, पीएम आवास ब्लॉक समन्वयक, तकनीकी सहायक, पंचायत सचिव और रोजगार सहायकों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

सूर्यास्त के बाद शुभ मुहूर्त में आज शाम होगा होलिका दहन, तैयारी पूरी

बिलासपुर/नवप्रदेश। आज सूर्यास्त के बाद होलिका दहन का मुहूर्त शुरू होगा। जो आधी रात तक रहेगा। परंपराओं के अनुसार प्रदोष काल में यानी शाम को सूरज डूबते वक्त होली की पूजा करते हैं और उसके बाद होली जलाते हैं। इस हिसाब से होली जलाने का मुहूर्त शाम 6 बजे से रात में करीब 12 बजे तक रहेगा। पूर्णिमा तिथि की शुरुआत 2 मार्च को शाम 5 बजकर 18 मिनट पर होगी, जो 3 मार्च को शाम 4 बजकर 33 मिनट तक रहेगी। इस प्रकार 2 मार्च को निशाव्यापिनी पूर्णिमा प्राप्त हो रही है। हालांकि, 2 मार्च को शाम 5 बजकर 18 मिनट से भद्रा लग रही है, इसलिए भद्रा के मुख काल को त्यागकर, भद्रा पूंछ काल में रात 12 बजकर 50 मिनट से रात 2 बजकर 02 मिनट तक होलिका दहन करना शास्त्र सम्मत माना जा रहा है।

साल का पहला चंद्र ग्रहण आज

साल का पहला चंद्र ग्रहण 3 मार्च को दोपहर को 3 बजकर 20 मिनट से शुरू होगा और 6 बजकर 47 मिनट तक रहेगा। गौरतलब है कि सूतक काल ग्रहण लगने से 9 घंटे पहले शुरू हो जाता है और ऐसे में 3 मार्च को सूतक काल 6 बजकर 20 मिनट से शुरू होगा।

होलिका दहन का शुभ मुहूर्त

पंचांग के अनुसार 2 मार्च को भद्रा पूरे दिन रहेंगी और भद्रा में होलिका दहन नहीं किया जाता है। लेकिन भद्रा पुच्छ में होलिका दहन कर सकते हैं। ऐसे में भद्रा का पुच्छ 2 मार्च , सोमवार को रात में 11 बजकर 54 मिनट से रात्रि 01 बजकर 27 मिनट तक रहेगा। इस दौरान होलिका दहन कर सकते हैं। इसके अलावा 3 मार्च को सुबह 5 :30 से 6 :45 के बीच होलिका दहन कर सकते हैं। पूर्णिमा तिथि की शुरुआत शाम में 5 बजकर 56 मिनट पर हो रही है और 3 तारीख को पूर्णिमा तिथि शाम में 5 बजकर 8 मिनट पर खत्म हो जाएगी।

होली का धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व

होली भारत का एक प्राचीन और महत्वपूर्ण पर्व है, जिसे बुराई पर अच्छाई की विजय के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। पौराणिक मान्यता के अनुसार भक्त प्रह्लाद की रक्षा और होलिका के दहन की कथा इस पर्व से जुड़ी है। इसी कारण पूर्णिमा की रात्रि में विधि-विधान से होलिका दहन किया जाता है। लोग अग्नि की परिक्रमा कर परिवार की सुख-समृद्धि और नकारात्मक शक्तियों के नाश की कामना करते हैं। सामाजिक दृष्टि से होली आपसी मतभेद भुलाकर एक-दूसरे को गले लगाने का अवसर देती है। इस दिन लोग रंग और गुलाल लगाकर प्रेम और भाईचारे का संदेश देते हैं। गांवों में पारंपरिक फाग गीत, ढोल-मंजीरे और लोकनृत्य की परंपरा रही है, जो लोक संस्कृति की पहचान है। हालांकि आधुनिकता के प्रभाव से स्वरूप में बदलाव आया है, फिर भी त्योहार का उत्साह कम नहीं हुआ है। होली आर्थिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। बाजारों में रंग, पिचकारी, मिठाई और अन्य सामग्रियों की बिक्री बढ़ने से व्यापारियों को लाभ मिलता है। इस प्रकार होली केवल रंगों का ही नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक परंपरा और आर्थिक गतिविधियों का भी पर्व है।

न्यूज गैलरी

बिना वीसा रहने वालों को देश से डिपोर्ट करना सरकार का अधिकार: हाईकोर्ट

बिलासपुर/नवप्रदेश। हाई कोर्ट ने बांग्लादेशी पत्नी और उससे हुए बच्चे को नारी निकेतन से रिहा करने की मांग करते हुए लगाई गई बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका खारिज कर दी है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने कहा कि बिना वैध यात्रा दस्तावेजों के भारत में रह रहे विदेशी नागरिक को उनके देश वापस भेजने तक सुरक्षित कस्टडी में रखना अवैध हिरासत नहीं माना जा सकता। बिलासपुर निवासी हृदय शर्मा ने हाई कोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका लगाई थी, बताया कि उसने एक बांग्लादेशी मुस्लिम युवती से प्रेम विवाह किया है। दोनों के बीच 4-5 साल से संबंध थे और धर्म अलग होने के कारण युवती के परिजन विवाह के खिलाफ थे। इसके बाद दोनों ने मंदिर में विवाह कर लिया और जुलाई 2023 से बिलासपुर के देवरीखुर्द में रहने लगे। इस बीच एक एनजीओ की शिकायत पर हृदय के खिलाफ अपहरण और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

शराब पार्टी के बाद तालाब में डूबने से दो दोस्त की मौत

बिलासपुर/नवप्रदेश। तालाब में डूबने से दो युवकों की मौत हो गई। दोनों युवक अपने 5 दोस्तों के साथ घूमने निकले थे। हाथ-मुंह धोने के दौरान पैर फिसलने से वे गहरे पानी में चले गए। घटना सरकंडा थाना क्षेत्र की है। जानकारी के मुताबिक, बंधवापारा का रहने वाला हिमांशु चहांदे (21) और देवरीखुर्द का रहने वाला शिवम मानिकपुरी (20) अपने पांच साथियों के साथ खमतराई की ओर घूमने गए थे। सभी अमहा तालाब के किनारे एक पेड़ के नीचे बैठकर शराब पीते हुए बातचीत कर रहे थे। शाम करीब चार बजे हिमांशु और शिवम हाथ-मुंह धोने तालाब की ओर गए। इसी दौरान उनका पैर फिसला और दोनों गहराई में समा गए। बता दें कि जिले में इस तरह से तालाब, नदी और खदान में डूबने से तीन साल में 17 लोगों की मौत हो चुकी है। दरअसल, अमहां तालाब से मुरूम निकालने के लिए जेसीबी से लगातार खुदाई की गई है। इससे तालाब काफी गहरा हो गया है। किनारे से ही गहराई शुरू हो जाती है। रविवार दोपहर हिमांशु और शिवम अपने दोस्तों के साथ इसी तालाब के पास शराब पी रहे थे। नशे में दोनों हाथ-मुंह धोने के लिए तालाब की ओर गए। जैसे ही दोनों पानी के पास पहुंचे, उनका संतुलन बिगड़ गया और वे सीधे गहरे हिस्से में चले गए। उन्हें तैरना भी नहीं आता था। गहराई में जाते ही वे डूबने लगे। साथियों ने बचाने की कोशिश की। एक युवक पानी में उतरा, उसे भी तैरना नहीं आता था। वह भी डूबने लगा। बाकी दोस्तों ने किसी तरह उसे बाहर निकाला, लेकिन तब तक हिमांशु और शिवम लापता हो चुके थे। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग जमा हो गए। पुलिस मौके पर पहुंची। नगर सेना के गोताखोरों ने तलाश शुरू की। देर रात दोनों युवकों के शव बाहर निकाले गए।

ई-केवाईसी में तकनीकी खामी : पांच तारीख के बाद सत्यापन पर हितग्राहियों को तीसरे महीने मिल रहा राशन

राशन कार्ड में ई-केवाईसी बना परेशानी का सबब, हर माह नहीं मिल रहा चावल

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले में राशन कार्ड धारियों के लिए अनिवार्य किया गया ई केवाईसी फिलहाल बड़ी परेशानी का सबब बन गया है। महीने की पांच तारीख के बाद अपना सत्यापन कराने वाले हितग्राहियों को उनके हिस्से का राशन अगले महीने के बजाय सीधे तीसरे महीने दिया जा रहा है। सर्वर की इस तकनीकी व्यवस्था और आवंटन प्रक्रिया में खामी के कारण जिले के हजारों गरीब परिवार खाद्यान्न के लिए भटकने को मजबूर हैं।

खाद्य विभाग के जारी आंकड़ों के अनुसार बिलासपुर जिले में अब तक एक लाख पैंतालीस हजार राशन कार्ड धारियों का ई केवाईसी लंबित है। इन लंबित कार्डों में करीब दो लाख आठ हजार सात सौ पचास सदस्यों के नाम दर्ज हैं। समय पर राशन नहीं मिलने से परेशान लोग हर दिन बड़ी संख्या में शिकायत लेकर सीधे खाद्य विभाग के दफ्तर पहुंच रहे हैं। वहां मौजूद अधिकारी उन्हें केवल समझाइश देकर वापस लौटा रहे हैं।

हितग्राही दुकान पर ही सत्यापन कराएं

अधिकारियों द्वारा हितग्राहियों को यह निर्देश दिया जा रहा है कि वे अपनी संबंधित उचित मूल्य की दुकान पर जाकर ही सत्यापन की प्रक्रिया पूरी कराएं। इसके अलावा घर बैठे मेरा ई केवाईसी मोबाइल एप के माध्यम से भी सत्यापन की सुविधा बताई जा रही है। लेकिन जमीनी स्तर पर हितग्राहियों की शिकायत है कि यह सरकारी एप सर्वर डाउन होने के कारण ठीक से काम ही नहीं कर रहा है जिससे उनकी परेशानी दोगुनी हो गई है।

इस महीने वितरण प्रणाली में होगा बदलाव: कुजूर

इस बढ़ती समस्या और लोगों की नाराजगी पर बिलासपुर के खाद्य नियंत्रक अमृत कुजूर ने स्थिति स्पष्ट की है। उन्होंने बताया कि पूर्व में दो महीने का चावल एक साथ वितरित किया जा रहा था जिसके कारण यह पुरानी व्यवस्था लागू थी। खाद्य नियंत्रक ने आश्वासन दिया है कि मार्च महीने से इस पूरी वितरण प्रणाली में बदलाव किया जा रहा है। नई व्यवस्था के तहत यदि कोई कार्ड धारी पांच तारीख के बाद भी अपना ई केवाईसी करवाता है तो उसे अब तीसरे महीने का इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

समय सीमा को लेकर विवाद

सबसे बड़ा विवाद पांच तारीख की समय सीमा को लेकर है। सिस्टम में ऐसी व्यवस्था है कि यदि कोई व्यक्ति पांच तारीख के बाद ई केवाईसी पूरी करता है तो उसे अगले महीने के राशन आवंटन सूची से बाहर कर दिया जाता है। कार्ड धारियों की स्पष्ट मांग है कि यदि ई केवाईसी वाले वर्तमान महीने में राशन देना तकनीकी रूप से संभव नहीं है तो कम से कम उसके ठीक अगले महीने का खाद्यान्न तो अनिवार्य रूप से मिलना ही चाहिए।

प्रेमी के घर मिली थी सदिग्ध लाश, आरोपी प्रेमी गिरफ्तार

मल्हार क्षेत्र में युवती की आत्महत्या का मामला

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले के मस्तूरी थाना अंतर्गत मल्हार चौकी क्षेत्र में युवती की आत्महत्या के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी प्रेमी को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी की पहचान राजू लहरिया 33 वर्ष, पिता चंदन लहरिया, निवासी ग्राम धनगंवा चौकी मल्हार के रूप में हुई है। मामले की जानकारी के मुताबिक 26 फरवरी 2026 से 27 फरवरी की सुबह 7 बजे के बीच युवती ने आरोपी के घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। घटना के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की। जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि आरोपी राजू लहरिया पिछले तीन वर्षों से युवती का शारीरिक शोषण कर रहा था। जब युवती ने उससे शादी करने का दबाव बनाया तो आरोपी ने विवाह से साफ इनकार कर दिया। बताया जा रहा है कि घटना के दिन युवती आरोपी के घर धनगंवा में उसके कमरे में मौजूद थी, जहां उसने रोशनदान में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। मामले में पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर पुलिस ने तत्काल अपराध दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की। पुलिस टीम ने आरोपी को बिलासपुर के सरकंडा क्षेत्र से गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान उसके पास से वह मोबाइल फोन भी जब्त किया गया, जिससे वह युवती से बातचीत करता था। पुलिस ने आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है। मामले की आगे की जांच जारी है।

पार्किंग को अवैध रूप से गोदाम बनाने पर मालिक के खिलाफ एफआईआर

■ गजमोहिनी परिसर में आगजनी का मामला

बिलासपुर/नवप्रदेश। मंगला स्थित गजमोहिनी अपार्टमेंट के पार्किंग को अवैध रूप से गोदाम बनाने वाले गजमोहिनी परिसर के मालिक अरूण अग्रवाल के खिलाफ निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे के निर्देश पर नगर निगम ने सिविल लाईन थाना में एफआईआर दर्ज कराया है। निगम के भवन शाखा के सब इंजीनियर जुगल सिंह के आवेदन पर अपार्टमेंट स्वामी अरूण अग्रवाल के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बी एन एस), 2023 की धारा 329(1),287,125,290 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

विदित है कि रविवार सुबह मंगला स्थित गजमोहिनी परिसर के पार्किंग में आगजनी की घटना घटित हुई। सूचना मिलने पर सुबह 7.00 बजे नगर निगम के अपर आयुक्त खजांची कुम्हार, भवन अधिकारी अनुपम तिवारी, सहायक अभियंता भीमेंद्र गौतम, सब इजीनियर भूषण पैकरा, उप अभियंता हितेश मक्कड, उप अभियंता आशीष पांडेय के साथ मौके पर पहुंचे मौके पर पाया गया कि गजमोहिनी परिसर के स्वामी अरूण अग्रवाल द्वारा पार्किंग स्थल को जबरन बिना अनुमति के कॉलम के चारो तरफ ईंट की दीवार खड़ी कर चारो तरफ से घेरकर व्यवसायिक उपयोग हेतु गोदाम बनाकर ज्वलनशील इलेक्ट्रानिक सामानों का भारी भरकम मात्रा में भंडारण किया गया था,जो सुरक्षा का उचित प्रबंध किये बगैर दूसरे के जीवन को सकंट में डालने का प्रयास है। ज्वलनशील इलेक्ट्रानिक भंडारण करने से आगजनी की घटना हुई है। गजमोहिनी आवासिय परिसर चार मंजिला इमारत है जिसमे काफी लोग परिवार सहित निवास करते है,आगजनी की घटना होने पर काफी आग फैल गया, धुएं से पूरा ईमारत भर गया लोगो को सांस लेने में भी दिक्कत हो रही थी निवासरत लोगो को तत्काल बाहर निकाला गया।

पार्किंग के अवैध उपयोग पर होगी कार्रवाई

शहर के ऐसे सभी कमर्शियल और आवासीय परिसर जहां पार्किंग के लिए स्थान आरक्षित है,उसके दुरूपयोग या अन्य उपयोग पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए नगर निगम द्वारा अभियान चलाया जाएगा। मंगला स्थित गजमोहिनी परिसर में आगजनी की सूचना मिलने पर तत्काल नगर निगम की टीम द्वारा राहत पहुंचाने का कार्य किया गया। जेसीबी,काऊकेचर की गाड़ी और पानी टैंकर को तत्काल मौके पर भेजा गया। पानी टैंकर से अग्निशमन की टीम को काफी सहायता मिली।

होली को लेकर पुलिस अलर्ट

बिलासपुर/नवप्रदेश। होली पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए पुलिस ने तैयारियां तेज कर दी हैं। एसएसपी के नेतृत्व में कानून-व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित कर सभी राजपत्रित अधिकारियों और थाना प्रभारियों को संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी, अतिरिक्त पेट्रोलिंग, पैदल गश्त और रात्रि गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए गए।बैठक के बाद प्रशासन के साथ संयुक्त फ्लैग मार्च भी निकाला गया, जिसमें 200 से अधिक पुलिस अधिकारी-कर्मचारी और 50 से ज्यादा वाहन शामिल हुए। शहर के प्रमुख चौक-चौराहों और संवेदनशील इलाकों में मार्च कर नागरिकों को शांति से त्योहार मनाने, अफवाहों से बचने और नियमों का पालन करने का संदेश दिया गया। पुलिस ने सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल को सक्रिय रखते हुए अफवाह फैलाने, हुड़दंग, नशाखोरी, अवैध शराब और तेज रफ्तार वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है।

संस्थागत और औद्योगिक परिसरों में अग्नि सुरक्षा को लेकर प्रशासन गंभीर

■ सुरक्षा दिवस पर तकनीकी व्याख्यान, प्रशिक्षण व जागरूकता पर जोर

बिलासपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के अवसर पर द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स छत्तीसगढ़ राज्य केंद्र द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से चेतना हॉल, पुलिस लाइन बिलासपुर में 'संस्थागत, वाणिज्यिक भवनों और उद्योगों में अग्नि सुरक्षा' विषय पर कार्यशाला आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रशासन और पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी रही, जिससे अग्नि सुरक्षा के प्रति प्रशासन की गंभीरता स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। राज्य केंद्र के अध्यक्ष इंजीनियर पुनीत चौबे ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि आग से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु जागरूकता और तकनीकी प्रशिक्षण अत्यंत आवश्यक है। मुख्य वक्ता इंजीनियर अरविंद रस्तोगी ने हाल की अग्नि घटनाओं की केस स्टडी प्रस्तुत करते हुए आग लगने के प्रमुख कारणों, विभिन्न प्रकार की आग के लिए उपयुक्त अग्निशामक यंत्रों तथा कार्यविधि की जानकारी दी। उन्होंने फायर अलार्म सिस्टम की कार्यप्रणाली और इलेक्ट्रिक वाहनों में संभावित अग्नि जोखिमों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। संभाग आयुक्त श्री जैन ने कहा कि आधुनिक अग्नि सुरक्षा उपकरणों की स्थापना के साथ-साथ उनके सही संचालन का व्यावहारिक ज्ञान भी अनिवार्य है। आईजी श्री गर्ग ने डिजिटल माध्यमों से युवाओं में अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बहुमंजिला आवासीय परिसरों, अस्पतालों, वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों एवं शासकीय भवनों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यशालाओं के आयोजन की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम में शैक्षणिक संस्थानों, इंजीनियरिंग कॉलेजों, चिकित्सकों, व्यवसायियों एवं तकनीकी विशेषज्ञों की उल्लेखनीय सहभागिता रही। अंत में मानद सचिव डॉ. अजय त्रिपाठी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन ज्योति बाला द्वारा किया गया। बैठक में एसएसपी रजनेश सिंह, नगर निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सरवे तथा संभागीय सेनानी नगर सेना एन.एस. नेताम, कमांडेंट दीपांकर नाथ विशेष रूप में उपस्थित रहे।

सुविधाः छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, बिहार समेत 7 राज्यों के यात्रियों को मिलेगी सुविधा, दुर्ग-रायगढ़-दुर्ग मेमू रहेगी बंद

बिलासपुर जोन से चलेगी 8 होली स्पेशल ट्रेनें

बिलासपुर/नवप्रदेश। होली के अवसर पर यात्रियों की बढ़ती भीड़ को ध्यान में रखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर जोन से 14 फेरों के लिए 8 होली स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ से होकर गुजरने वाली 56 फेरों की होली स्पेशल ट्रेनों का संचालन भी किया जाएगा। इससे छत्तीसगढ़ समेत महाराष्ट्र, गुजरात, पश्चिम बंगाल, ओड़ीशा, बिहार जैसे सात राज्यों के यात्रियों को कंफर्म बर्थ की सुविधा मिलेंगी। जबकि रेलवे ने होली के दिन दुर्ग-रायगढ़-दुर्ग के बीच होली मेमू पैसेंजर स्पेशल ट्रेन को नहीं चलाने का फैसला लिया है।

दरअसल, होली पर्व के मौके पर बाहर काम करने वाले लोगों के घर लौटने का सिलसिला तेज हो गया है। इसके कारण ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ लगातार बढ़ रही है। हालात यह हैं कि नियमित रूप से चलने वाली ट्रेनों में वेटिंग लिस्ट 250 से 300 तक पहुंच गई है। वहीं, कई ट्रेनों में यात्रियों को खड़े होकर सफर करना पड़ रहा है और पैर रखने तक की जगह नहीं बची है। ऐसी स्थिति को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने यात्रियों को राहत देने और कंफर्म बर्थ की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए होली स्पेशल ट्रेनों के संचालन का निर्णय लिया है।

रायगढ़-दुर्ग के मध्य 4 फेरे के लिए स्पेशल ट्रेन की सुविधा

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल में होली पर्व के अवसर पर यात्रियों की सुविधा के लिए 03, 05 एवं 06 मार्च को गाड़ी संख्या 08834/08833 दुर्ग - रायगढ़ - दुर्ग के मध्य 04 फेरे के लिए होली मेमू पैसेंजर स्पेशल ट्रेन की सुविधा दी जा रही हैं । गाड़ी संख्या 08834 दुर्ग रायगढ़ मेमू पैसेंजर गाड़ी दुर्ग से 10:30 बजे रवाना होकर 10:36 बजे भिलाई नगर 10.43 बजे भिलाई पावर हाउस 10:50 बजे भिलाई 10.56 बजे देवबलोदा चरोदा, 11:09बजे कुम्हारी, 11:17 बजे सरोना 11.24 बजे सरस्वती नगर, 11.35 बजे रायपुर 11:45 बजे डब्ल्यूआरएस, 11:52 बजे उरकुरा, 12:00 मांडर,12:11 बजे सिलियारी, 12.21 बजे बैकुंठ 12:28 बजे तिल्दा नेवरा, 12.39 बजे हथबंद, 12:52 बजे भाटापारा, 13.05 बजे निपानिया, 13.15 बजे दागोरी, 13.23 बजे बिल्हा, 14.31 बजे चक्करभाटा 14.37 बजे दाधापारा,15.10 बजे बिलासपुर, 15.28 बजे गतौरा, 15:40 बजे जयरामनगर, 15.53 बजे अकलतरा, 16:10 बजे जांजगीर नैला, 16:30 बजे चांपा, 16:50 सारागांव देवरी, 17:03 बजे बुढार, 17.18 बजे सक्ती, 17:30 जारडीह, 17.40 बजे खरसिया, 17.58 बजे रॉबर्टसन, 18: 13 बजे भूपदेवपुर, 18.23 बजे किरोड़ीमल नगर, 18:50 बजे रायगढ़। 3, 05 एवं 6 मार्च को वापसी में गाड़ी संख्या 08833 रायगढ़- दुर्ग मेमू पैसेंजर स्पेशल रायगढ़ से 19:00 रवाना होगी।

केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू श्रीमद्भागवत कथा में हुए शामिल

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने अपने लोरमी प्रवास के दौरान ग्राम रबेली में मनोज कश्यप के निवास पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में सहभागिता की। इस अवसर पर भगवान भोलेनाथ की प्राण प्रतिष्ठा विधिवत संपन्न होने पर श्री साहू ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आध्यात्मिक आयोजन समाज में सद्भाव, संस्कार और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। उन्होंने कामना की कि यह पावन स्थापना ग्रामवासियों के लिए आस्था, सामाजिक एकता और आध्यात्मिक प्रेरणा का केंद्र बने। श्री साहू ने आयोजन समिति एवं ग्रामवासियों को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए क्षेत्र की सुख-शांति एवं समृद्धि की मंगलकामना की। अपने प्रवास के दौरान श्री साहू ने लोरमी क्षेत्र के विभिन्न शोकाकुल परिवारों से भेंट कर अपनी गहरी संवेदनाएँ व्यक्त कीं। उन्होंने दिवंगत आत्माओं को विनम्र श्रद्धांजलि दी।

परिवार का कोई अन्य सदस्य नौकरी में है तो भी मिलेगी अनुकंपा नियुक्ति: हाई कोर्ट

बिलासपुर/नवप्रदेश। हाई कोर्ट ने अनुकंपा नियुक्ति के संबंध में महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। जस्टिस एके प्रसाद के सिंगल बेंच ने अपने फैसले में कहा है,एनसीडब्ल्यूए एग्रीमेंट के महत मिलने वाली आश्रित नौकरी को सिर्फ इस आधार पर खारिज नहीं किया जा सकता, परिवार का कोई अन्य सदस्य पहले से नौकरी में है।

कोर्ट ने कोल इंडिया से कहा कि आदेश की कॉपी मिलने के 45 दिनों के भीतर याचिकाकर्ता के पक्ष में निर्णय लेने का आदेश दिया है। जस्टिस एके प्रसाद ने अपने फैसले में कहा है, सेवा के दौरान किसी कर्मचारी की मृत्यु हो जाने पर, आश्रित व्यक्ति राष्ट्रीय कोयला वेतन समझौते एनसीडब्ल्यूए के तहत निर्मित सामाजिक सुरक्षा योजना के अंतर्गत नियुक्ति के लिए वैध रूप से पात्र होता है। इस पात्रता को केवल इसलिए नकारा नहीं जा सकता क्योंकि परिवार का कोई अन्य सदस्य पहले से ही कार्यरत है, जब तक कि एनसीडब्ल्यूए के तहत कोई स्पष्ट अयोग्यता न हो। ऐसे बाहरी आधार पर अस्वीकृति मनमानी और कानून की दृष्टि से अस्वीकार्य है।



45 दिनों के भीतर जारी करना होगा आदेश

कोर्ट ने कहा, 20 अप्रैल 2012 के आदेश द्वारा याचिकाकर्ता के आश्रित रोजगार के दावे को विचार न करने से संबंधित आदेश को निरस्त किया जाता है। प्रतिवादी अधिकारियों को निर्देश दिया जाता है कि वे याचिकाकर्ता की माता की मृत्यु की तिथि पर लागू राष्ट्रीय राष्ट्रीय रोजगार अधिनियम एनसीडब्ल्यूए के प्रावधानों के अनुसार आश्रित रोजगार प्रदान करने के लिए याचिकाकर्ता के आवेदन पर विचार करें और निर्णय लें।

क्या है औद्योगिक विवाद अधिनयम?

अधिवक्ता श्रीवास्तव ने तर्क दिया, सर्वविदित है कि औद्योगिक विवाद अधिनियम की धारा 18(3) के अंतर्गत किया गया समझौता न केवल हस्ताक्षरकर्ताओं पर बल्कि सभी कामगारों और संबंधित नियोक्ता पर भी बाध्यकारी होता है, और ऐसे समझौते का वैधानिक बल होता है। इसलिए, प्रतिवादी कंपनी राष्ट्रीय विवाद अधिनियम के स्पष्ट प्रावधानों के विपरीत कार्य नहीं कर सकती।

मां पर आश्रित इसलिए मांगा रोजगार

एसईसीएल के प्रतिवादी अधिकारियों को उसके मामले पर विचार करने और राष्ट्रीय कोयला मजदूरी समझौते के तहत परिकल्पित सामाजिक सुरक्षा योजना के अनुसार याचिकाकर्ता को उसकी माता पर आश्रित होने के नाते रोजगार प्रदान करने का निर्देश देने की मांग हाई कोर्ट से की है। प्रतिवादी कंपनी को राष्ट्रीय कोयला मजदूरी समझौते के अनुसार याचिकाकर्ता के पक्ष में नियुक्ति आदेश जारी करने हाई कोर्ट से मांग की है। प्रतिवादी कंपनी को भुगतान करने का निर्देश दे। याचिकाकर्ता को इस कारण से मुआवजा दिया जाए कि प्रतिवादी कंपनी द्वारा याचिकाकर्ता के बहुमूल्य अधिकार को अनावश्यक रूप से नकारा जा रहा है।

याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने ये दिया तर्क

मामले की सुनवाई जस्टिस एके प्रसाद के सिंगल बेंच में हुई। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता चंद्रेश श्रीवास्तव ने कहा, आश्रित रोजगार के लिए याचिकाकर्ता का दावा राष्ट्रीय विवाद अधिनियम (एनसीडब्ल्यूए) के बाध्यकारी प्रावधानों पर आधारित है और उसके द्वारा संरक्षित है, जो औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 की धारा 2(पी) के अर्थ में एक वैधानिक समझौता है और इसकी धारा 18(3) के अनुसार सभी पक्षों पर बाध्यकारी है।

न्यूज गैलरी

पेंनचाक सिलाट मार्शल आर्ट संघ के रवींद्र संरक्षक नियुक्त

बिलासपुर/नवप्रदेश। बीते 18 फरवरी को बिलासपुर के होटल बंसीवाला में छत्तीसगढ़ पेंनचाक सिलाट मार्शल आर्ट संघ की वार्षिक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें बिलासपुर नगर निगम के पूर्व नेता प्रतिपक्ष व पार्षद ठा. रविंद्र सिंह को सर्वसम्मति से संघ का संरक्षक चुना गया। संघ के महासचिव शेख समीर ने कहा उनका कार्यकाल संघ की दिशा और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। हम सभी सदस्य उनका स्वागत करते हैं और भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हैं। बिलासपुर जिला पेंनचाक सिलाट संघ के अध्यक्ष अधिवक्ता कविश्वर कुमार एवं सचिव शेख अरबाज अली ने खुशी जाहिर किया है। यह जानकारी प्रदेश कार्यालय सचिव बी. एल्विनी राव ने दी ।

पति-पत्नी ने पेड़ पर लगाई फांसी

बिलासपुर/नवप्रदेश। रविवार देर रात पति-पत्नी का शव फांसी के फंदे पर झूलती मिली। महज एक साल पहले ही शादी हुई थी। दोनों ने एक ही फंदे पर झूलते मिला। घटना सरकंडा थाना क्षेत्र की है। मृतकों की पहचान जयरामनगर परसदा के रहने वाले प्रकाश यादव 26 वर्ष और पत्नी पूर्णिमा यादव 22 वर्ष के रूप में हुई है। जांच में सामने आया कि बहू ससुर से अलग रहना चाहती थी। इसी के चलते विवाद हुआ था। विवाद के बाद पति-पत्नी अपना सामान लेकर किराए के मकान से बाहर निकले। इसके बाद दोनों ने सीपत रोड स्थित सूर्या चौक पटवारी प्रशिक्षण केंद्र के पास नीम पेड़ पर फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। गतौरी की रहने वाली पूर्णिमा से प्रकाश यादव की शादी तकरीबन एक साल पहले हुई थी। चिंगराजपारा से लगे कदमपारा में किराए के मकान में रहते थे। प्रकाश रोजी-मजदूरी करता था। पूर्णिमा अपने ससुर दिलहरण यादव से अलग रहना चाहती थी। इसी बात को लेकर पति-पत्नी में विवाद होते रहता था। रविवार रात भी दंपती का इसी बात पर विवाद हो गया दोनों अलग रहने के लिए राजी भी हो गए, जिसके बाद सामान भी पैक कर लिया। सामान पैक कर दंपती बाहर निकले। फिर सड़क किनारे नीम पेड़ पर फांसी लगा ली। फंदे पर शव लटकता देख लोगों ने फौरन पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही सरकंडा टीआई प्रदीप आर्या अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आसपाल को लोगों से पूछताछ की। जानकारी मिलते ही प्रकाश के पिता दिलहरण भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भिजवाया। पुलिस के अनुसार, पति-पत्नी के गले में एक ही कपड़े का फंदा लगा था। मामले में दिलहरण यादव का बयान भी दर्ज कर लिया गया है। इसके अलावा मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। सरकंडा पुलिस का कहना है कि लोगों से पूछताछ में पता चला कि पति-पत्नी घर से घूमने के लिए निकले थे। जबकि पिता घर में सो रहा था। इसी दौरान पति-पत्नी ने पेड़ पर एक ही फंदे से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।

डीपी विप्र महाविद्यालय में एंपावरिंग रिसर्च और इनोवेशन साइंस पर सेमिनार

महापुरुषों पर शोध नई पीढ़ी के लिए मिल का पत्थर साबित होगा: द्विवेदी

बिलासपुर/नवप्रदेश। डीपी विप्र महाविद्यालय में विज्ञान दिवस के उपलक्ष में एकदिवसीय नेशनल सेमिनार एंपावरिंग रिसर्च और इनोवेशन साइंस और टेक्नोलॉजी पाथवे विकसित भारत 2047 का भव्य आयोजन किया गया जिसके की मुख्य अतिथि पूर्व आईजी सीआईडी एवं वर्तमान में संचालक फॉरेंसिक साइंस लैबोरेट्री छत्तीसगढ़ सुशील चंद्र द्विवेदी एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रशासन समिति के अध्यक्ष अनुराग शुक्ला के साथ वरिष्ठ गर्वनिंग बॉडी मेंबर राजकुमार अग्रवाल एवं प्राचार्य डॉक्टर अंजू शुक्ला एवं मुख्य वक्ता के रूप में डॉक्टर विकास सिंह प्रोफेसर एवं हेड कंप्यूटर साइंस इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय अमरकंटक तथा डॉक्टर अजय सिंह रघुवंशी विभाग अध्यक्ष इलेक्ट्रॉनिक्स नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी रायपुर के उपस्थिति में शुरू हुआ। कार्यक्रम की अगली कड़ी में मुख्य अतिथि पूर्व आईजी सीआईडी एवं वर्तमान संचालक फॉरेंसिक साइंस लैबोरेट्री सुशील चंद्र द्विवेदी के द्वारा शोध एवं पुरातत्व वेदों के महत्व का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान नई पीढ़ी को आज महापुरुषों के ऊपर शोध करना चाहिए निश्चित रूप से यह मिल का पत्थर साबित होगा । आपने अपने उद्बोधन में विकसित भारत 2047 के लिए सभी के सहयोग एवं निरंतर नवाचार की

रिसर्च व इनोवेशन को सशक्त करने पर बल

कार्यक्रम के रिसोर्स पर्सन एवं की नोट स्पीकर डॉ विकास सिंह विभाग अध्यक्ष कंप्यूटर साइंस आईजी एनटीयू विश्वविद्यालय अमरकंटक के द्वारा पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के द्वारा विकसित भारत 2047 में रिसर्च एवं इनोवेशन को सशक्त करने के लिए साइंस एवं टेक्नोलॉजी के महत्व को अपने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन से विभिन्न दिशाओं में एवं विभिन्न आयामों में प्रस्तुत किया। इसके पश्चात रायपुर से आए हुए रिसोर्स पर्सन डॉक्टर अजय सिंह रघुवंशी विभाग अध्यक्ष इलेक्ट्रॉनिक्स के द्वारा रिसर्च एवं टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में भारत के द्वारा किए गए विकास एवं अन्य क्षेत्र में चल रहे टेक्नोलॉजी के निरंतर विकास की चर्चा की इसके साथ ही उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का आने वाले समय पर लाभ एवं महत्व पर विस्तृत जानकारी दी।

विद्यार्थियों ने पेपर व पोस्टर प्रंजेंटेशन किया

कार्यक्रम की अगली कड़ी में रिसर्च स्कॉलर एवं छात्र-छात्राओं के द्वारा पेपर प्रेजेंटेशन एवं पोस्टर प्रेजेंटेशन भी किया गया अगली कड़ी में कार्यक्रम के द्वितीय संयोजक डॉक्टर निधीश चौबे के द्वारा संपूर्ण कार्यक्रम का एनालिसिस करते हुए इसकी समरी को प्रस्तुत किया साथ ही साथ डॉक्टर विश्वास विक्टर के द्वारा आभार प्रदर्शन कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सभी अतिथियों इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रिंट मीडिया महाविद्यालय के अल्युमिनियम कमेटी के अध्यक्ष अविनाश सेठी एवं आशीर्वाद पैनल के समस्त सहयोगियों छात्र-छात्राओं एवं प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष जिन्होंने भी सहयोग दिया उनका हृदय से आभार व्यक्त किया।

प्राचार्य शुक्ला ने अतिथियों का सम्मान किया

कार्यक्रम के प्रारंभ में प्राचार्य डॉक्टर अंजू शुक्ला द्वारा सेमिनार के महत्व एवं महाविद्यालय के इतिहास पर प्रकाश डाला एवं समस्त अतिथियों का स्वागत अपने वक्तव्य में किया इसके पश्चात समस्त मंचासीन अतिथियों को शाल श्रीफल स्मृति चिन्ह के द्वारा डॉक्टर मनीष तिवारी कंट्रोलर एक्जाम के द्वारा सम्मानित किया गया इसके पश्चात कार्यक्रम के संयोजक डॉ विवेक अंबालकर के द्वारा विज्ञान दिवस एवं भारत के के महान वैज्ञानिक डॉक्टर सी वी रमन को स्मरण करते हुए नेशनल सेमिनार के आयोजन की जरूरत पर प्रकाश डाला।

विकसित भारत 2047 के विषय पर चर्चा

कार्यक्रम के अध्यक्ष अनुराग शुक्ला के द्वारा महाविद्यालय के हित में एवं छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम होते रहने के लिए बहुत बधाई दी इसके पश्चात वरिष्ठ गर्वनिंग बॉडी मेंबर राजकुमार अग्रवाल ने महाविद्यालय के हो रहे निरंतर विकास एवं शोध एवं नवाचार के आपसी संबंधों पर एवं विकसित भारत 2047 के विषय पर प्रकाश डाला।

विद्यार्थी उच्च उपलब्धि प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन करे: अटल

करगीरोड (कोटा)/नवप्रदेश। कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव शासकीय निरंजन केसरवानी महाविद्यालय कोटा के वार्षिकोत्सव में मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। अटल श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए शिक्षा के साथ संस्कार, अनुशासन एवं सामाजिक उत्तरदायित्व भी जरूरी है। मोबाइल का उपयोग करे पर पढ़ाई और जानकारी के लिए। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय केवल डिग्री प्राप्त करने का केंद्र नहीं, बल्कि व्यक्तित्व एवं भविष्य निर्माण का सशक्त माध्यम है। इस समय को भविष्य गढ़ने में लगाए। वार्षिकोत्सव के अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं, जिनमें लोकनृत्य, गीत-संगीत एवं नाट्य मंचन शामिल रहे। महाविद्यालय के प्रतिभावान छात्रों द्वारा विभिन्न खेलो में हासिल किए गए उपलब्धि के लिए बधाई दिया गया।विद्यार्थियों को शैक्षणिक, खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु पुरस्कार एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए गए। महाविद्यालय के विधायक प्रतिनिधि और पूर्व छात्र हरीश नामदेव द्वारा महाविद्यालय में शेड एवं तार फैंसिंग अहाता निर्माण का मांग किया गया जिसे विधायक द्वारा सहर्ष स्वीकार करते हुए निर्माण का घोषणा किया गया। शासकीय निरंजन केसरवानी महाविद्यालय कोटा के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष अरुण त्रिवेदी विधायक प्रतिनिधि आदित्य दीक्षित कुलवंत सिंह प्रतीक त्रिवेदी हरीश नामदेव पार्षद जब्बार खान कान्हा गुप्ता ब्लाक महिला कांग्रेस अध्यक्ष वीना मसीह अनिल मसीह कमलू प्राचार्या नाज बेंजामिन समस्त शिक्षक कर्मचारी सहित छात्र-छात्रा उपस्थित थे।

राम रथ की पहली सीट पर विराजेंगे हनुमान

■ रामलला दर्शन: कुछ ही घंटों में 1008 सीट फुल

बिलासपुर/नवप्रदेश। रामनवमी पर अयोध्या धाम की निःशुल्क यात्रा के लिए रविवार को बिलासपुर के सिविल लाइन स्थित पुलिस मैदान में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। रात तीन बजे से ही रामभक्तों की कतारें लगनी शुरू हो गई थीं।सुबह काउंटर खुलते ही जय श्री राम के नारों से पूरा मैदान गूंज उठा और महज कुछ ही घंटो में 1008 पंजीयन पूरे हो गए। सबसे पहली बुकिंग हनुमान जी के नाम दर्ज की गई। मुख्य अतिथि के रूप में बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक जी एवं विशेष रूप से जिला कलेक्टर संजय अग्रवाल उपस्थित थे। बिलासपुर में रामनवमी के अवसर पर आयोजित अयोध्या धाम यात्रा को लेकर रविवार का माहौल देखने लायक रहा। शनिवार रात से ही श्रद्धालु पुलिस मैदान पहुंचने लगे थे। रात तीन बजे से ही दर्शनार्थी समिति के बनाएं हुए व्यवस्था में कतारबद्ध तरीके से अपने बारी का इंतजार करने लगे थे , ताकि उसका पंजीयन सुनिश्चित हो सके। सूर्योदय होते ही भगवा सजे काउंटर पर जय श्री राम के नारों की गूंज शुरू हो गई। भीड़ को देखते हुए पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर साढ़े सात बजे से ही 1008 टोकन बांट दिए गए। काउंटर पर भारी भीड़ के बीच श्रद्धालुओं ने आसानी से पंजीयन कराया। महज कुछ घंटे के भीतर 1008 पंजीयन पूर्ण हो गए। सबसे पहले बुकिंग हनुमान जी के नाम से की गई। बस की पहली सीट पर हनुमान जी विराजेंगे। इस साल अयोध्या यात्रा दर्शन समिति से पुलिस मैदान में 5000 से अधिक भक्तों ने दर्शन के लिए संपर्क किया है।

महिलाओं और बुजुर्गों में भारी उत्साह

यात्रा के लिए आयु सीमा 18 से 65 वर्ष निर्धारित की गई थी। जिसमें कहा गया कि श्रद्धालुओं का पूर्णतः स्वस्थ होना जरूरी है। एक परिवार से अधिकतम दो लोगों को ही अनुमति दी गई है। पंजीयन के लिए स्वयं उपस्थित होना अनिवार्य है। दो पासपोर्ट साइज फोटो और आधार कार्ड की छायाप्रति जमा करना आवश्यक है। बिना पंजीयन किसी को यात्रा में शामिल नहीं किया जाएगा। इन्हीं नियमों के तहत पंजीयन सफल हुआ। रामनवमी 26 मार्च को है। एक दिन पहले 25 मार्च को सुबह 11 बजे पुलिस ग्राउंड से 1008 रामभक्तों का जत्था अयोध्या धाम के लिए रवाना होगा। यात्रा के लिए 25 बसों और 10 कारों की व्यवस्था की गई है.सभी यात्रियों को निर्धारित वाहनों से ही प्रस्थान करना होगा।

साई बाबा की मूल चरण पादुकाएं शिरडी से 19 को आएगी

बिलासपुर/नवप्रदेश। शिरडी वाले साईबाबा की मूल चरण पादुकाएं शिरडी संस्थान के पदाधिकारियों के साथ बिलासपुर में पहली बार भक्तों के दर्शनार्थ आने वाली है। पादुकाओं की शोभायात्रा सुबह 9 बजे अल्का एवेन्यू कालोनी उस्लापुर रेलवे स्टेशन के पास कालोनी परिसर में निकाली जाएगी । श्री साईं बाबा की चरण पादुका प्रातः 10 बजे से भक्तों के दर्शनार्थ रखी जाएगी मध्यान्ह आरती दोपहर 12 बजे एवं धूप आरती संध्या 6,30 होगी ।साईं बाबा की पादुका भक्तों के दर्शनार्थ साईलीला विला अलका एवेन्यू के मैदान में सामने रखीं जाएगी। लगातार साईं भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। उपरोक्त निर्णय शिरडी संस्थान के प्रमुख के आश्वासन के पश्चात नीरज मेहता एडवोकेट के निवास पर एक बैठक में लिया गया। इस कार्य में बिलासपुर के सभी साईं भक्तों की उपस्थिति एवं सहयोग की प्रार्थना की गई है। बैठक में दिलीप दिवाकर पात्रीकर , नीरज मेहता, संतोष गुप्ते, हर्ष मिश्र, बबलू मदने, उमाकांत मिश्र, शिवा मिश्र सुदेश दुबे साथी शामिल रहे।

इंडिगो और स्पाइसजेट बिलासपुर से उड़ाने संचालित करने में सक्षम

बिलासपुर/नवप्रदेश। मार्च हाउ आर यू सुविधा जन संघर्ष समिति ने बिलासपुर एयरपोर्ट में नाइट लैंडिंग सुविधा प्रारंभ होने के आधार पर नई उड़ानों की संभावना के संबंध में इंडिगो एयरलाइंस और स्पाइसजेट एयरलाइंस के अधिकारियों से संपर्क साधकर उन्हें विस्तृत जानकारी दी है। गौरतलब है कि इंडिगो एयरलाइंस के पास 40 से अधिक ऐ टी आर 72 और स्पाइसजेट के पास 25 से अधिक बॉम्बार्डियर क्यू 400 विमान है जो बिलासा देवी केवट एयरपोर्ट के 1500 मीटर लंबे रनवे पर उड़ान संचालित करने के लिए सक्षम है। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने बुरा देते हुए बताया की एलाइंस एयर केंद्र सरकार के अधीन कंपनी है और इसके पास यूं तो 20 एटीआर विमान है परंतु इसमें से आधे मेंटेनेंस के लिए ग्राउंडेड है अर्थात उड़ान के लिए उपलब्ध नहीं है। ऐसे में छत्तीसगढ़ राज्य सरकार केवल इसी एयरलाइंस के भरोसे बिलासपुर अंबिकापुर और जगदलपुर तीनों सेंटर में सुविधा देना चाह रही है जो व्यावहारिक रूप से संभव नहीं हो पा रहा। यह लगातार देखने में आया है कि अन्य राज्यों की मांग आने पर एलाइंस एयर छत्तीसगढ़ और विशेष कर बिलासपुर की उड़ानों को रोक देती है। ऐसा भोपाल और इंदौर की उड़ान के साथ हो चुका है और साथ ही प्रयागराज उड़ान के चार दिन से कम कर दो दिन होने का भी कारण यही है। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने अपनी मांग पुनः दोहराई है कि सभी एयरलाइंस कंपनियों को ओपन टेंडर के माध्यम से आमंत्रित किया जाए और जो भी एयरलाइंस बिलासपुर अंबिकापुर जगदलपुर में बेहतर सुविधा प्रदान करें उसे ही सब्सिडी के लिए चयनित किया जाना चाहिए। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति का महा धरना आज भी जारी रहा और आगमन के कम से सर्वश्री आशुतोष शर्मा रवि बनर्जी केशव गोरख राघवेंद्र सिंह ठाकुर पारस राम कैवर्त हर प्रसाद कैवर्त बद्री प्रसाद कैवर्त रशीद बख्श शिरीष कश्यप संदीप बाजपेई देवेंद्र सिंह ठाकुर मनोज तिवारी संतोष पीपलवा रमा शंकर बघेल अमर बजाज दिनेश ठक्कर हर प्रसाद तिवारी राजेश नोनिया प्रकाश बहरानी साबर अली और सुदीप श्रीवास्तव शामिल थे।

सफलता: 18 जनवरी को देशभर के परीक्षा केंद्रों पर आयोजित प्रवेश परीक्षा में विद्यालय की कक्षा पांचवीं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया था

एवीएम सैनिक स्कूल का एआईएसएसईई प्रवेश परीक्षा में शानदार सफलता

बिलासपुर/नवप्रदेश। आधारशिला विद्या मंदिर सैनिक स्कूल के लिए अत्यंत हर्ष और गौरव का विषय है कि सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा 2026 में विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। 18 जनवरी 2026 को देशभर के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित इस प्रवेश परीक्षा में विद्यालय की कक्षा पाँचवी के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया था। परीक्षा का परिणाम दिनांक 27 फरवरी 2026 को घोषित किया गया, जिसमें विद्यालय के 32 विद्यार्थियों ने शानदार अंक प्राप्त कर अपना स्थान सुरक्षित किया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने अनुशासन, समर्पण और निरंतर अभ्यास के बल पर उल्लेखनीय

अनुशासन, समर्पण और निरंतर प्रयास का परिणाम: डॉ. अजय

विद्यालय के अध्यक्ष डॉ. अजय श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता अनुशासन, समर्पण और निरंतर प्रयास का परिणाम है। डायरेक्टर एस. के. जनस्वामी ने इसे विद्यालय परिवार की सामूहिक उपलब्धि बताते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय की प्राचार्या जी. आर. मधुलिका ने सभी चयनित विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों एवं शिक्षकों को हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि विद्यार्थी आगामी चरणों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे। चयनित विद्यार्थियों में आराध्या पांडेय, अरिकेत सिंह, आत्रेय निगम, अद्वित शर्मा, ईशानी साहू, अनन्या गुप्ता, अंश धुरी, अनुग्रह तिवारी, अविनाश कंसारी, धान्या मिश्रा, गौरव पटेल, नैन्सी खरे, पारस कश्यप, सार्थक सिंह, शेख राहिल, शिवान्या मिश्रा, श्रेष्ठा मिश्रा, श्रेष्ठा पाठक, सिद्धांत प्रताप सिंह, सिद्धार्थ यादव, सूर्यांश मौर्य, वेदांत महानंद, विनायक भोई, कावेरी प्रसाद, हिमांशु खांडे, प्रत्युषा कुजूर, रघुवेंद्र पहाड़ी, ऋषभ कश्यप, विराज सोंठे, यशराज खरे,निश्चय लश्कर एवं ईशा सांडिल्य शामिल हैं। इस सफलता के पीछे विद्यार्थियों की अथक मेहनत, शिक्षकों का समर्पित मार्गदर्शन तथा अभिभावकों का निरंतर सहयोग रहा।

सर्वेश्वरी समूह ने मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा और गिरजाघरों में निःशुल्क झाड़ू बांटे

बिलासपुर/नवप्रदेश। सर्वेश्वरी समूह शाखा सेंदरी कोनी ने समूह के उन्नीस सूत्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत एवं गुरुपद् संभव राम बाबा के आदेशानुसार स्वच्छ भारत मिशन के तहत बिलासपुर जिला के आसपास गाँव व शहर के विभिन्न क्षेत्रों के लगभग 150 मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा और गिरजाघर में जाकर 300 नग झाड़ू का निःशुल्क वितरण किया गया। यह झाड़ू वितरण कार्यक्रम शाखा के मंत्री उमेश नारायण मिश्रा के नेतृत्व में किया गया। इसमें कोनी, सेंदरी, तुरकाडीह, निरतू, घुटकु, रमतला, बिरकोना, बैमा-नगोई, रानीगांव, रतनपुर, शहर के गोलबाजार, सरकण्डा, तिलकनगर, गोड़पारा, अशोकनगर, चांटीडिह, चिंगराजपारा, राजकिशोर नगर, मोपका, तोरवा, दयालबंद, गुरूनांनक चौक, पुराना बस स्टैण्ड, तेलीपारा, सिटी कोतवाली, सिविल लाइन, बृहस्पति बाजार, जरहाभाठा मंदिर चौक एवं रेल्वे क्षेत्र के मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा और गिरजाघर में झाड़ू बांटा गया। इसके साथ ही सर्वेश्वरी समूह के सदस्यों ने मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा और गिरजाघरो में जाकर समूह द्वारा चलाए जा रहे 19 सूत्रीय कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी साझा की।

खामेनेई की मौत के बाद श्रीनगर में बवाल, प्रदर्शनकारियों पर दागे गए आंसू गैस के गोले

श्रीनगर। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के निधन के बाद श्रीनगर में भड़के विरोध प्रदर्शनों ने प्रशासन को सख्त कदम उठाने पर मजबूर कर दिया है। घाटी में तनावपूर्ण हालात के मद्देनज़र पाबंदिया और सुरक्षा बढ़ाई गई हैं। ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के निधन की खबर ने श्रीनगर में भावनात्मक माहौल को उबाल पर ला दिया। शहर के कई हिस्सों में लोग सड़कों पर उतर आए और विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। भीड़ बढ़ने और नारेबाजी तेज होने के बाद स्थिति को संभालने के लिए पुलिस और सुरक्षा बलों को मोर्चा संभालना पड़ा।

पूरी घाटी में पाबंदियां, जिले-दर-जिले निगरानी सख्त

बढ़ते विरोध को देखते हुए प्रशासन ने एहतियातन कश्मीर के सभी जिलों में पाबंदियां लागू कर दी हैं। श्रीनगर में कई इलाकों में आवाजाही सीमित कर दी गई है और सुरक्षा तैनाती को बड़े स्तर पर बढ़ाया गया है। संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त बलों की तैनाती की गई है ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

लगातार बिगड़ती परिस्थितियों को देखते हुए जम्मू-कश्मीर सरकार ने घाटी के सभी स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय दो दिनों के लिए बंद करने का निर्णय लिया है। सरकार का कहना है कि जमीनी हालात की समीक्षा के बाद ही आगे का फैसला किया जाएगा। प्रशासन का फोकस फिलहाल शांति बहाल करने और संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने पर है।

प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने आंसू गैस का इस्तेमाल

सोमवार को स्थिति नियंत्रण से बाहर होती देख सुरक्षा बलों ने प्रदर्शनकारियों को खदेड़ने के लिए आंसू गैस के गोले दागे। कई जगहों पर सुरक्षा बलों और प्रदर्शनकारियों के बीच तनावपूर्ण झड़पों की भी खबरें आई हैं।

न्यूज गैलरी

निचली अदालत के फैसले के खिलाफ 9 मार्च को सुनवाई

नई दिल्ली। दिल्ली की आबकारी नीति से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने राउज एवेन्यू कोर्ट के उस फैसले को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी है, जिसमें आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया तथा कुल 23 आरोपियों को आरोपमुक्त किया था। याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट में 9 मार्च को सुनवाई होगी। सीबीआई ने अपनी 974 पेज की लंबी याचिका में निचली अदालत के फैसले को चौंकाने वाला और गैरकानूनी करार दिया है। एजेंसी का कहना है कि ट्रायल कोर्ट ने महत्वपूर्ण सबूतों को नजरअंदाज किया और जांच में सामने आए तथ्यों पर सही से विचार नहीं किया। याचिका में दावा किया गया है कि आबकारी नीति में साजिश रचकर कुछ निजी कंपनियों को फायदा पहुंचाने का मामला स्पष्ट था, लेकिन निचली अदालत ने इसे नजरअंदाज कर दिया। मामला 2021-22 की दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति से जुड़ा है, जिसे आप सरकार ने लागू किया था, लेकिन भ्रष्टाचार, रिश्वत और कार्टेलाइजेशन के आरोपों के बीच जुलाई 2022 में ही रद्द कर दिया गया था। सीबीआई ने आरोप लगाया था कि नीति को जानबूझकर इस तरह तैयार किया गया, ताकि शराब कारोबार में कुछ लोगों को एकाधिकार मिले और करोड़ों रुपये की रिश्वत का लेन-देन हुआ। 27 फरवरी 2026 को स्पेशल जज जितेंद्र सिंह की अदालत ने 598 पेज के आदेश में सभी 23 आरोपियों को बरी कर दिया था। अदालत ने कहा था कि सीबीआई का केस पूर्व नियोजित और बनावटी है। केवल बयानों पर केस बनाया गया। अदालत ने जांच अधिकारी के खिलाफ विभागीय जांच के भी आदेश दिए थे। सीबीआई की याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट में 9 मार्च को सुनवाई होगी। यह मामला हाईकोर्ट की जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा की एकल पीठ के समक्ष सूचीबद्ध है। होली की छुट्टियों के बाद कोर्ट खुलते ही यह सुनवाई होगी।

होली से पहले महिलाओं-बेटियों को चार बड़ी सौगात

नई दिल्ली। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और दिल्ली के मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा 'सशक्त नारी, समृद्ध दिल्ली' कार्यक्रम में शामिल हुए। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने इंदिरा गांधी स्टेडियम में दिल्ली सरकार की चार महिला-केंद्रित कल्याणकारी योजनाओं को लॉन्च किया। इसमें दिल्ली लखपति बिटिया योजना, मेरी पूंजी मेरा अधिकार योजान, फ्री एलपीटी सिलेंडर स्कीम, मुफ्त बस यात्रा के लिए सहेली पिंक स्मार्ट कार्ड शामिल हैं। यह दिल्ली की लाखों महिलाओं और बेटियों को होली से पहले विशेष सौगात है।

आस्था पर राजनीति नहीं होनी चाहिए : सीएम स्टालिन

चेन्नई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने तिरुप्परनकुंद्रम मंदिर के दीप जलाने वाले विवाद पर अपनी सरकार का रुख मजबूती से बचाव किया। उन्होंने साफ कहा कि व्यक्तिगत आस्था को राजनीति के आगे नहीं झुकना चाहिए। उनका काम परंपरा की रक्षा करना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में तिरुप्परनकुंद्रम के अरुलमिगु सुब्रमण्या स्वामी मंदिर का दौरा किया था। इसके बाद उन्होंने मदुरै में एक रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने दीपक जलाने के मुद्दे पर द्रमुक सरकार को लोगों की भावनाओं के प्रति असंवेदनशील बताया था। उन्होंने कहा था कि अंत में भक्तों की ही जीत होगी। पीएम मोदी के दौरे के बाद सीएम स्टालिन ने एक वीडियो संदेश जारी कर अपनी सरकार का बचाव किया। स्टालिन ने कहा कि उन्होंने एक धार्मिक नेता के तौर पर नहीं, बल्कि मुख्यमंत्री के रूप में मंदिर की परंपरा को बचाने का विकल्प चुना। उन्होंने कहा, ÷मेरा दृढ़ विश्वास है कि व्यक्तिगत आस्था को राजनीति के आगे नहीं झुकना चाहिए। स्टालिन ने कहा कि तर्क और आस्था को एक-दूसरे के साथ टकराव में रहने की जरूरत नहीं है, दोनों एक ही समाज के दो चेहरे हैं। उन्होंने तर्कवादी नेता 'पेरियार' रामासामी और आदिगलार के बीच की दोस्ती को इसका सबूत बताया। स्टालिन का इशारा संभवतः कुंड्राकुडी पोन्नम्बाला आदिगलार की ओर था, जिन्होंने हाल ही में द्रमुक सरकार की प्रशंसा की थी। यह पूरा विवाद तिरुप्परनकुंद्रम पहाड़ी पर एक दरगाह के पास पत्थर के स्तंभ (दीपथून) पर दीपक जलाने से जुड़ा है। मद्रास हाई कोर्ट ने हिंदुओं को कार्तिगई दीपम त्योहार पर दीपक जलाने की अनुमति दी थी।

जमीन के नीचे इंतजार में ईरान का तबाही मचाने वाला हथियार, सुरंग में शाहेद ड्रोन

तेहरान। ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (IRGC) ने अपने ड्रोन क्षमताओं में नए स्तर को दिखाते हुए शाहेद ड्रोन टनल नेटवर्क का खुलासा किया है। हाल ही में दुबई के आकाश में शाहीद श्रृंखला के लोइटरिंग म्यूनिशन ड्रोन देखे गए, जिनमें से एक ने शहर के किसी क्षेत्र को भी निशाना बनाया। स्थानीय लोगों ने इस घटना के दृश्य सोशल मीडिया पर साझा किए।

ईरान ने इन ड्रोन को अपने क्षेत्र के गहरे हिस्सों से लॉन्च किया है, जिससे उनका पता लगाना मुश्किल और संचालन सुरक्षित बना। इसका पेलोड और रेंज ताकत भी प्रभावशाली है। शाहेद ड्रोन बहुत कम ऊंचाई पर उड़ते हैं और बुनियादी पिस्टन प्रोपल्शन सिस्टम से संचालित होते हैं। छोटी रडार सिग्नेचर और कठिन भौगोलिक क्षेत्रों में उड़ान इसे मुश्किल से पकड़ने योग्य बनाती है। कुछ लोगों ने शाहेद ड्रोन के इंजन की आवाज को मृत्यु की चीख़ कहा है। नागरिकों ने लक्ष्य पर हमला करने से पहले इसकी मोटर की आवाज सुनी, जिससे आम लोगों और विरोधी सेनाओं में साइकोलॉजिकल डर फैलता है।

शाहेद-136 की खासियत

ईरान का शाहेद-136 ड्रोन अपनी दूरी, पेलोड क्षमता और सस्ते डिजाइन के कारण क्षेत्रीय सैन्य तनाव में अहम भूमिका निभा रहा है।

यह ड्रोन लगभग 2,000-2,500 किलोमीटर की दूरी तक उड़ सकता है और 40-50 किलोग्राम विस्फोटक ले जाने में सक्षम है।

इसकी औसत गति 180-200 किलोमीटर प्रति घंटा है, जो इसे धीमा लेकिन टिकाऊ बनाती है।

3,000-4,000 मीटर की उड़ान ऊंचाई और कम रडार सिग्नेचर इसे पकड़ना मुश्किल बनाते हैं।

सस्ते निर्माण और बड़े पैमाने पर उत्पादन की क्षमता के कारण इसे स्वॉर्म अटैक के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है।

जिससे कई ड्रोन एक साथ लॉन्च होकर सैन्य ठिकानों, बुनियादी ढांचे और नागरिक क्षेत्रों में भारी तबाही मचा सकते हैं।

शाहेद ड्रोन की ताकत भी जानिए

शाहेद ड्रोन की सबसे बड़ी विशेषता इसकी सस्ती निर्माण और तैनाती है, लेकिन यह आकार के मुकाबले अत्यधिक प्रभावी हथियार साबित होता है। इसके चलते विरोधी को महंगे एंटी-ड्रोन मिसाइल खर्च करनी पड़ती हैं, जिससे इसे रोकना महंगा और मुश्किल हो जाता है। अधिकतर हथियारबंद ड्रोन रेंज और वजन सीमाओं से बंधे होते हैं। शाहेद ड्रोन इन सीमाओं को पार करते हुए ड्रोन और क्रूज मिसाइल का संयोजन बनाता है। उदाहरण के लिए, Shahed-136 2,500 किमी तक दूरी तय कर सकता है।

ईरान का दावा- कुवैत में मार गिराया तीन अमेरिकी लड़ाकू विमान एफ-15

दुबई। ईरान पर किए गए हमले के बाद से पूरा क्षेत्र युद्ध की आग में जल रहा है। ईरान ने इस हमले के बाद इस्राइल, इराक, यूएई समेत कई देशों में मिसाइलें दागी। वहीं इस्राइल और अमेरिकी की ओर से ईरान में अब भी बमबारी जारी है। जिसमें ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई समेत कई शीर्ष लीडर की मौत हो चुकी है।

इस्राइल -ईरान तनाव के बीच दुर्घटना

यह हादसा ऑपरेशन एपिक फ्यूरी के दौरान आया है, जिसमें अमेरिका और इस्राइल ने ईरान पर हमले किए। ईरानी अधिकारियों ने इसे प्रतिशोध के रूप में संतुलित कार्रवाई बताया है और चेतावनी दी है कि आगे और वृद्धि की संभावना बनी हुई है।

कुवैत में क्रैश हुआ अमेरिका का एफ-15 फाइटर जेट

इस बीच ईरानी मीडिया ने दावा किया है कि कुवैत में अमेरिकी सेना का एक स्न-15 लड़ाकू विमान क्रैश हो गया है। इस विमान के क्रैश होने का एक वीडियो भी सामने आया है। जिसमें विमान में आसमान में ही आग लगते हुई देखी जा सकती है। स्न-15 फाइटर जेट दुनिया के सबसे घातक और आधुनिक लड़ाकू विमानों में एक माना जाता है। हालांकि विमान में आग लगते ही पायलट पैरासूट लेकर कूद गया जिससे उसकी जान बच गई। हालांकि, अभी तक इस खबर की किसी ने पुष्टि नहीं की है। अमेरिका और कुवैत की सेना की ओर भी कोई बयान नहीं आया है।

उन्नाव में एक्सप्रेसवे पर खड़े ट्रक से टकराई रोडवेज बस, तीन की मौत

उन्नाव। लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर सिरधरपुर और देवखरी गांव के पास मथुरा और आगर डिपो की दो रोडवेज बसें एक ही ट्रक में भीड़ गईं। हादसे में तीन यात्रियों की मौत हो गई जबकि दोनों बसों के 31 यात्री घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को बांगरमऊ सीएचसी भेजा। वहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। दोनों घटनाएं चालक को झपकी आने से बताई जा रही हैं। एक्सप्रेसवे पर रविवार रात 12 बजे एक ट्रक किलोमीटर संख्या 226 सिरधरपुर गांव के सामने सड़क घेरकर खड़ा था। रात करीब 12 आगरा फोर्ट की बस खड़े ट्रक में पीछे से भिड़ गई। हादसे में 14 सवारी घायल हो गईं। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पांच एंबुलेंस से सभी घायलों को बांगरमऊ स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया साथ ही हाइड्रा मंगाकर क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाने का प्रयास शुरू किया। पुलिस रोडवेज बस हटवाने के बाद रात्रि 2:30 बजे क्षतिग्रस्त ट्रक को प्रीतमपुरा चौकी ले जाया जा रहा था, तभी आगरा फोर्ट की ही दूसरी रोडवेज बस इस ट्रक में पीछे से टकरा गई। हादसे में तीन सवारियों की मौत हो गई उसमें बैठी 17 सवारियां घायल हो गईं। फिर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घायलों को स्वास्थ्य केंद्र लाई। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों बसों के घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

ईरान-इस्राइल टकरावः यूएई में फंसे कई पंजाबी परिवार, ज्यादातर लोग पर्यटक

चंडीगढ़। ईरान-इस्राइल टकराव के बीच कई पंजाबी परिवार संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में फंस गए हैं। इनमें से ज्यादातर पर्यटक हैं जो अलग-अलग देशों में घूमने गए थे लेकिन फ्लाइट्स रद्द होने के कारण वह देश नहीं लौट पाए। पंजाब के एनआरआई मंत्री डॉ. रवजोत सिंह ने यूएई में फंसे पीड़ितों से फोन पर बात की। एक परिवार ने उन्हें बताया कि एयरपोर्ट में 60 से 70 पंजाबी परिवार उनके साथ थे। वह वहां घूमने गए थे। शनिवार को उनकी

शारजाह से अमृतसर के लिए फ्लाइट थी लेकिन इस बीच वहां से फ्लाइट्स बंद कर दी गई। उन्होंने दूतावास से फोन पर संपर्क करने का प्रयास पीड़ित ने बताया कि उन्हें एक होटल में रात गुजरानी पड़ी। हालांकि शनिवार सुबह एक जानकार के संपर्क के बाद वह उसके घर आ गए हैं। वह लगातार दूतावास से संपर्क करने में लगे हैं।

इसी तरह बठिंडा का दंपती भी दुबई हवाई अड्डे के बंद होने के कारण वहां फंसे हुआ है। उन्होंने बताया कि हमारे पास पैसे खत्म हो गए हैं और हमारे पास जरूरी दवाएं भी नहीं हैं। उन्होंने केंद्र सरकार से जल्द मदद पहुंचाने की अपील की है। विधानसभा स्पीकर कुलतार सिंह संधवां ने भी पीड़ित का वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया है।

ईरान के हमलों पर ब्रिटेन-फ्रांस-जर्मनी सख्त, जवाबी कार्रवाई की तैयारी

दुबई। ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी ने साफ कहा है कि वे अमेरिका के साथ मिलकर ईरान के जवाबी हमलों को रोकने के लिए तैयार हैं। इन तीनों देशों के नेताओं ने संयुक्त बयान जारी कर ईरान के हालिया हमलों पर गहरी नाराजगी जताई है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीएर स्टार्मर, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने कहा कि वे ईरान के लापरवाह हमलों से बेहद चिंतित हैं। उनका कहना है कि इन हमलों से क्षेत्र में मौजूद उनके सैनिकों और नागरिकों की जान खतरे में पड़ रही है।

ईरान के खिलाफ यूरोप में बन रहा मोर्चा

यूरोपीय देशों ने यह भी कहा कि वे इस मुद्दे पर अमेरिका और क्षेत्र के अन्य सहयोगी देशों के साथ मिलकर काम करेंगे। इसका मतलब साफ है कि ईरान के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक मजबूत मोर्चा बन सकता है। इस बयान से यह साफ हो गया है कि पश्चिमी देशों का धैर्य अब जवाब दे रहा है और अगर ईरान ने हमले जारी रखे, तो उसे कड़ा जवाब मिल सकता है।

ईरान ने यूएई पर 167 मिसाइलें दागीं

बता दें कि, ईरानी पलटवार का कहर सबसे ज्यादा यूएई पर टूटा है। यूएई के रक्षा मंत्रालय ने कहा, ईरान की तरफसे देश के कई हिस्सों में अब तक 165 बैलिस्टिक मिसाइल, 2 क्रूज मिसाइल और 541 ईरानी ड्रोन से हमला किया गया है। इनमें से 506 को हवा में ही रोककर नष्ट कर दिया गया, जबकि 35 देश के इलाके में गिरे, जिससे कुछ नुकसान हुआ। वायुसेना और एयर डिफेंस फोर्स ने 20 बैलिस्टिक मिसाइलों को नष्ट कर दिया और 8 मिसाइलों को समुद्र में गिरा दिया।

जरूरी और संतुलित कदम उठाने की तैयारी

तीनों नेताओं ने अपने बयान में कहा कि वे अपने हितों और अपने सहयोगी देशों की सुरक्षा के लिए जरूरी और संतुलित कदम उठाने को तैयार हैं। उन्होंने संकेत दिया कि ईरान की मिसाइल और ड्रोन लॉन्च करने की क्षमता को उसी जगह पर नष्ट करने के लिए रक्षात्मक कार्रवाई की जा सकती है, जहां से ये हमले किए जा रहे हैं।

एयरटेल-गूगल ने स्पैम सुरक्षा को मजबूत करने की साझेदारी

नई दिल्ली। भारत की अग्रणी टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर कंपनियों में से एक भारती एयरटेल और गूगल ने भारत में लाखों उपयोगकर्ताओं को सुरक्षित और प्रभावशाली मैसेजिंग अनुभव प्रदान करने के लिए साझेदारी की घोषणा की है।

एयरटेल की नेटवर्क इंटेलिजेंस और गूगल के रिच कम्युनिकेशन सर्विसेज प्लेटफॉर्म तथा स्पैम फिल्टरिंग को एक साथ लाने से उपयोगकर्ता अच्छी गुणवत्ता वाली फोटो और वीडियो का अनुभव कर सकते हैं। वे मैसेज रिएक्शन जैसे इंटरएक्टिव विकल्पों का भी लाभ उठा सकते हैं। साथ ही उन्हें उन्नत सुरक्षा व्यवस्था का लाभ मिलेगा जो मोबाइल स्पैम और डिजिटल धोखाधड़ी को काफी हद तक कम कर देता है। पिछले डेढ़ वर्ष में, एयरटेल ने कॉल और मैसेज दोनों के माध्यम से ग्राहकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उद्योग में पहली बार शुरू की गई, एआई-संचालित पहलों की एक श्रृंखला के जरिए स्पैम और डिजिटल धोखाधड़ी के खिलाफ भारत की लड़ाई का नेतृत्व किया है। ग्राहकों की सुरक्षा के लिए अपने सिद्ध रिकॉर्ड को साबित करते हुए एयरटेल ने अब तक अपनी सभी नवाचारी स्पैम विरोधी पहलों के माध्यम से 71 अरब स्पैम कॉल और 2.9 अरब स्पैम एसएमएस ब्लॉक किए हैं।

सुनील भारती मित्तल को 'जीएसएमए लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड'

नई दिल्ली। ग्लोबल सिस्टम फॉर मोबाइल कम्युनिकेशन्स (जीएसएमए) (तस्रू) ने भारती एंटरप्राइजेज के संस्थापक और चेयरमैन सुनील भारती मित्तल को बेहद खास 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' से सम्मानित किया है। यह सम्मान उन्हें दुनिया भर में दूरसंचार क्षेत्र का परिदृश्य बदलने और सरकारों, व्यवसायों तथा अरबों उपभोक्ताओं तक कनेक्टिविटी (संपर्क) के विस्तार में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए दिया गया है। जीएसएमए के इतिहास में केवल चुनिंदा व्यक्तियों को दिया जाने वाला यह सम्मान अब तक कुछ ही टेलीकॉम दिग्गजों को प्रदान किया गया है। यह सम्मान उन योगदानों को मान्यता देता है, जिन्होंने वैश्विक संचार व्यवस्था पर एक अमिट

और निर्णायक छाप छोड़ी है। बार्सिलोना में आयोजित 'मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस' के दौरान यह सम्मान उन्हें स्पेन के राजा महामहिम फेलिप षष्ठम, स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज, कैटलोनिया के राष्ट्रपति साल्वाडोर इला और वैश्विक उद्योग जगत के नेताओं की गरिमामयी उपस्थिति में प्रदान किया गया।

भारत को झटकाः ऑल इंग्लैंड में नहीं खेलेंगी पीवी सिंधू!

■ कोर्ट में उतरने से पहले ही क्यों आई बाहर होने की नौबत?

नई दिल्ली। ईरान-इस्राइल-यूएस के बीच बढ़ते सैन्य तनाव का असर अब खेल जगत पर भी साफ दिखने लगा है। बर्मिंघम में शुरू हो रही प्रतिष्ठित ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप से पहले भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधू दुबई में फंस गई हैं। खाड़ी क्षेत्र में हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण वह समय पर इंग्लैंड नहीं पहुंच सकीं हैं और उनके टूर्नामेंट से हटने की आशंका है। बताया जा रहा है कि दुबई में उनके ठहरने के स्थान के पास विस्फोट भी हुआ था, जिसके बाद उन्हें सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया। विश्व बैडमिंटन

महासंघ ने बयान जारी कर कहा, 'हम स्थिति पर रीयल-टाइम नजर बनाए हुए हैं और जिन खिलाड़ियों को देरी या रूट बदलने की समस्या हो रही है, उनकी मदद के लिए तैयार हैं।' सिंधू का पहला मुकाबला थाईलैंड की सुपनिदा कातेथोंग से होना था, लेकिन मौजूदा हालात में उनका कोर्ट पर उतरना मुश्किल नजर आ रहा है। जहां सिंधू की भागीदारी संदिग्ध है, वहीं लक्ष्य सेन और युवा खिलाड़ी आयुष शेट्टी वैकल्पिक मार्ग से बर्मिंघम पहुंच चुके हैं।

तीसरे दिन बढ़ी 'द केरल स्टोरी-2' की कमाई

मुंबई। रविवार का दिन कई फिल्मों के लिए मिलाजुला रहा है। 'द केरल स्टोरी 2' की रविवार को कमाई बढ़ी है। 'अस्सी' की कमाई में गिरावट दर्ज की गई है। 'स्क्रीम 7' के कलेक्शन में भी गिरावट देखने को मिली है। 'ओ रोमियो' का भी यही हाल है। आइए सभी फिल्मों के कलेक्शन पर एक नजर डालते हैं।

द केरल स्टोरी 2

रविवार को फिल्म 'द केरल स्टोरी 2' को बॉक्स ऑफिस पर वीकएंड का फायदा मिला है। तीसरे दिन इसने 5 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। दूसरे दिन इसने 4.65 करोड़ रुपये कमाए थे। पहले दिन फिल्म ने 75 लाख रुपये से खाता खोला था।

अस्सी

फिल्म 'अस्सी' को रिलीज हुए 10 दिन हो चुके हैं। रविवार को इसने 48 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। पहले दिन इसने 1 करोड़ रुपये से खाता खोला था। पहले हफ्ते में फिल्म की कमाई 6.95 करोड़ रुपये रही थी। अमेरिकी फिल्म 'स्क्रीम 7' ने तीसरे दिन 33 लाख रुपये का कलेक्शन किया है। दूसरे दिन इसने 50 लाख रुपये कमाए हैं। पहले दिन इसने 40 लाख रुपये से खाता खोला था। यह फिल्म 'स्क्रीम' फ्रेंचाइजी की सातवीं किस्त है।

राज्यसभा चुनाव: कांग्रेस में सर्वाधिक दावेदार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ से राज्यसभा की दो सीटों पर 16 मार्च को मतदान होना है। वर्तमान में दोनों सीटें कांग्रेस के पास हैं, लेकिन विधानसभा की मौजूदा संख्या बल को देखते हुए इस बार एक-एक सीट भाजपा और कांग्रेस के खाते में जाने की संभावना है। इसी के साथ दोनों दलों में दावेदारों की सक्रियता तेज हो गई है। खासकर कांग्रेस में अब तक सबसे अधिक नाम सामने आए हैं।

होली के अवसर पर कई संभावित प्रत्याशी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात कर रहे हैं। शुभकामनाएं देने के बहाने वे अपनी दावेदारी मजबूत करने में जुटे हैं और बायोडाटा भी सौंप रहे हैं। भाजपा और कांग्रेस दोनों ही प्रत्याशी चयन में जातिगत और क्षेत्रीय संतुलन को प्राथमिकता दे रही हैं। भाजपा बस्तर या दुर्ग संभाग से किसी नेता को आगे बढ़ा सकती है, जबकि कांग्रेस में सरगुजा संभाग से कई नाम चर्चा में हैं।

कांग्रेस पिछली बार अन्य राज्यों के नेताओं को टिकट देने से उपजे असंतोष को ध्यान में रखते हुए इस बार स्थानीय समीकरणों पर विशेष फोकस कर सकती है। सामाजिक संगठनों ने भी अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। साहू समाज और प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज सहित विभिन्न संगठनों ने अपने समाज से प्रतिनिधित्व देने की मांग की है।

क्या है जीत का गणित

नियम के मुताबिक रिक्त सीटों की संख्या में एक जोड़कर कुल विधायकों की संख्या से भाग दिया जाता है। दो सीटों में एक जोड़ने पर संख्या 3 होगी। 90 विधायकों को 3 से विभाजित करने पर 30 आता है, जिसमें एक जोड़ने पर 31 होता है। यानी किसी प्रत्याशी को जीत के लिए न्यूनतम 31 विधायकों का समर्थन आवश्यक है। यदि इस बार दावेदार मौका चूकते हैं तो उन्हें जून 2028 तक इंतजार करना पड़ सकता है, जब राजीव शुक्ला और रंजीत रंजन का कार्यकाल समाप्त होगा। मतदान मतपत्र के माध्यम से होगा और वरीयता अंकित करने के लिए केवल निर्वाचन अधिकारी द्वारा उपलब्ध कराए गए बैंगनी रंग के स्केच पेन का ही उपयोग मान्य रहेगा।

'छू लो आसमान' हॉस्टल के छात्र ने दे दी जान

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले के बालूद स्थित 'छू लो आसमान' बॉयज छात्रावास में कक्षा 10वीं के एक छात्र ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया है। मृत छात्र ने अपने हाथ पर पेन से संदेश लिखा था, अलविदा दोस्तों, ये मैं अपनी मर्जी से कर रहा हूं, किसी को परेशान न करें। वहीं घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है। मृतक की पहचान रौशन तेलाम के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, मृतक रौशन तेलाम कुआकोंडा ब्लॉक के नेरली गांव का निवासी था।

बसना में 1.37 करोड़ का गांजा जब्त

बसना/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले के बसना में पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतर्राज्यीय गांजा तस्करी गिरोह की कमर तोड़ दी है। घरेलू सामान की आड़ में छिपाकर ले जाए जा रहे करीब सवा दो क्विंटल से अधिक गांजा को जब्त करते हुए पुलिस ने एक शातिर तस्कर को रंगे हाथों दबोच लिया। जब्त माल की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 1.37 करोड़ रुपये आंकी गई है।

मिली जानकारी के अनुसार, बसना थाना क्षेत्र में मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर एक संदिग्ध अशोक लीलैंड (बड़ा दोस्त) वाहन को रोका। तलाशी के दौरान वाहन में घरेलू सामान के बीच बेहद शातिर तरीके से छिपाकर रखा गया 2 क्विंटल 74 किलो 900 ग्राम गांजा बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार, जब्त गांजा की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 1 करोड़ 37 लाख रुपये है। कार्रवाई के दौरान वाहन और एक मोबाइल फोन समेत कुल 1 करोड़ 44 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की गई है।

न्यूज गैलरी

बलौदाबाजार जिले के नए कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने संभाला पदभार

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले में नवपदस्थ कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने संयुक्त जिला कार्यालय में विधिवत पदभार ग्रहण किया। 2014 बैच के आईएएस अधिकारी श्री शर्मा इससे पूर्व रजिस्ट्रार सहकारी संस्थाएं, कलेक्टर बालोद एवं कलेक्टर कोरिया के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। पदभार ग्रहण के अवसर पर जिला अधिकारियों ने उन्हें गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। इसके पश्चात कलेक्टर श्री शर्मा ने अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया और विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास निर्माण की स्थिति, धान उठाव की प्रगति तथा लंबित राजस्व प्रकरणों के निराकरण की जानकारी ली। कलेक्टर ने अधिकारियों से टीम भावना के साथ बेहतर कार्य करने की अपेक्षा जताई। श्री शर्मा ने आगे कहा कि, स्वास्थ्य, पेयजल और शिक्षा के क्षेत्र में विशेष प्राथमिकता के साथ कार्य करने की बात कही। उन्होंने कहा कि जिला औद्योगिक क्षेत्र में आता है। इसलिए स्थानीय युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराने हेतु कार्ययोजना बनाकर काम किया जाएगा। इसके साथ ही जिले के वन क्षेत्र की संभावनाओं को देखते हुए पर्यटन विकास पर भी विशेष ध्यान देने की बात कही।

आठ साल से न्यूनतम मजदूरी नहीं बढ़ी, कर्मियों ने खोला मोर्चा

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य के शासकीय कार्यालयों में कार्यरत अनियमित कर्मचारियों ने वेतन पुनरीक्षण को लेकर सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप लगाया है। छत्तीसगढ़ प्रगतिशील अनियमित कर्मचारी फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल प्रसाद साहू ने कहा कि महंगाई साल दर साल बढ़ती जा रही है। लेकिन प्रदेश में पिछले ढाई साल से संविदा कर्मियों का वेतन नहीं बढ़ा। इसी तरह 8 साल से न्यूनतम मजदूरी भी नहीं बढ़ाई गई है। 'मोदी की गारंटी 2023' में कमेटी गठन की बात कही गई थी। हद तो यह है कि कमेटी गठित करने के आदेश में अनियमित कर्मचारियों का उल्लेख तक नहीं है। प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के बावजूद बजट में अनियमित कर्मचारियों के लिए कोई घोषणा नहीं की गई। भाजपा ने विपक्ष में रहते हुए हमारी सभी समस्याओं के समाधान का भरोसा दिया था। अगर मांगें पूरी नहीं की गईं तो जल्द ही आंदोलन किया जाएगा।

पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति सामान्य अफवाहों से दूर रहने की अपील

रायपुर/नवप्रदेश। अमरीका और ईरान के बीच जारी तनाव को लेकर पेट्रोल-डीजल की किल्लत की आशंकाओं के बीच राजधानी रायपुर में स्थिति पूरी तरह सामान्य है। रायपुर पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन ने स्पष्ट किया है कि राज्य में ईंधन की सप्लाई में किसी प्रकार की कोई बाधा नहीं है और पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। एसोसिएशन के पदाधिकारियों के अनुसार देश की रिफाइनरियों में करीब दो महीने का पेट्रोलियम भंडार मौजूद है। छत्तीसगढ़ के लगभग 1300 पेट्रोल पंपों और राजधानी के 100 से अधिक पंपों पर नियमित आपूर्ति जारी है। रायपुर शहर में प्रतिदिन लगभग 30 हजार लीटर पेट्रोल और 5 लाख लीटर से अधिक डीजल की औसत बिक्री के बावजूद किसी तरह की कमी की स्थिति नहीं बनी है। पदाधिकारियों ने कहा कि खाड़ी देशों में चल रहे युद्ध का तत्काल प्रभाव पेट्रोलियम सप्लाई पर पड़ने की संभावना नहीं है। लोगों से अपील की गई है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और अनावश्यक रूप से ईंधन का भंडारण न करें। होली के दिन भी राजधानी के अधिकांश पेट्रोल पंप खुले रहेंगे। शहर के भीतर कुछ पंपों पर आंशिक असर संभव है, लेकिन करीब 90 प्रतिशत पंपों में त्योहार के दिन भी पेट्रोल और डीजल की बिक्री जारी रहेगी। एसोसिएशन के सचिव अभय भंसाली ने कहा कि राजधानी और प्रदेश के सभी पंपों में पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। खाड़ी देशों से आने वाला पेट्रोलियम पहले से ही देश की चार-पांच बड़ी रिफाइनरियों में सुरक्षित भंडारित रहता है, जिससे आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित नहीं होती।

भारतीय वायुसेना अग्निवीर भर्ती हेतु ऑनलाईन आवेदन 10 मार्च तक

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। भारतीय वायुसेना अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि 10 मार्च 2026 तक निर्धारित की गई है। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार से प्राप्त जानकारी अनुसार भारतीय वायुसेना में अग्निवीर भर्ती हेतु ऐसे आवेदक जिनका जन्म 02 जुलाई 2007 से 02 जनवरी 2009 आयु 17 से 22 वर्ष के मध्य हुआ हो, वे ऑनलाईन पंजीयन हेतु पात्र होंगे। आवेदक किसी भी मान्यता प्राप्त संस्था अथवा बोर्ड से गणित, भौतिक एवं अंग्रेजी विषयों के साथ 50 प्रतिशत एवं अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंकों के उत्तीर्ण अथवा इंजीनियरिंग में 3 वर्ष का डिप्लोमा 50 प्रतिशत अंको के साथ ही अंग्रेजी में 50 प्रतिशत अंक हो अथवा किसी भी विषय में 12वी 50 प्रतिशत अंकों के साथ एवं अंग्रेजी में 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होना चाहिए। वायुसेना में अग्निवीर भर्ती के लिए केवल अविवाहित महिला एवं पुरूष आवेदक ही पात्र होंगे।

रायपुर में होली के दिन 65 करोड़ रुपए से अधिक की शराब बिक्री का अनुमान: आबकारी

होली पर आबकारी विभाग की बड़ी तैयारी, सभी ब्रांड्स का स्टाक मौजूद

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी में होली के दिन 65 करोड़ रुपए से अधिक की शराब बिक्री होने का अनुमान आबकारी विभाग के अधिकारियों को है। पिछले वर्ष होली में तीन दिन के भीतर पियक्कड़ 60 करोड़ रुपए से ज्यादा की शराब गटक गए थे। त्योहार को देखते हुए आबकारी विभाग ने अभी से तैयारी करते हुए शराब दुकानों में सभी ब्रांड की शराब स्टॉक करना शुरू कर दिया है। दुकानों में शराब की कमी न हो. इसके लिए बताया जा रहा है. आबकारी विभाग ने अतिरिक्त गाड़ियां किराए पर ली है।

अनुमान के मुताबिक, राजधानी में 35 प्रतिशत के करीब लोग होली के दिन शराब पीने के साथ पिलाने का काम करते हैं। होली के दिन ड्राई डे होने की वजह से शराब पीने-पिलाने के शौकीन अभी से शराब स्टॉक करने लगे हैं। आबकारी विभाग के अधिकारियों को इस बार होली में 65 करोड़ रुपए से ज्यादा शराब बिक्री होने का अनुमान है। जितनी शराब दुकानें हैं, उनके सुपरवाइजर से होली के एक सप्ताह पूर्व ही होली के लिए अनुमानित स्टॉक की जानकारी मंगाकर संबंधित दुकानों में शराब आपूर्ति शनिवार से शुरू कर दी है।

बार संचालकों पर अतिरिक्त शराब लेने दबाव: सूत्रों के मुताबिक, होली के दौरान शराब की बिक्री बढ़ाने बार संचालकों पर भी शराब का अतिरिक्त कोटा उठाने कहा गया। बताया जा रहा है, बार संचालकों को सामान्य दिनों की अपेक्षा 25 प्रतिशत ज्यादा स्टॉक उठाने के लिए कहा गया है। पियक्कड़ों के लिए राहत की बात यह रहेगी कि होली के एक दिन पूर्व शाम 5 बजे तक शराब दुकान बंद कर दी जाती थी। इस बार होली के एक दिन पूर्व अपने निर्धारित समय तक शराब दुकानें खुली रहेंगी।

शराब कोचियों पर आबकारी और पुलिस की निगरानी: बुधवार को ड्राई डे रहेगा, इस बात का शराब कोचिए फायदा उठाने देशी के साथ अंग्रेजी शराब दुकानों से खरीदी कर स्टॉक जुटाने में लगे हैं। ड्राई डे के दिन शराब कोचिए किसी तरह से शराब की अवैध बिक्री नहीं कर पाएं। इसके लिए पुलिस के साथ आबकारी विभाग की टीम मुखबिर की मदद से कोचियों की अभी से धरपकड़ तेज कर दी है।

अंग्रेजी शराब की डिमांड ज्यादा: होली के अवसर पर देशी की जगह अंग्रेजी शराब की डिमांड ज्यादा रहती है। सबसे ज्यादा डिमांड मध्यम दर्जे की शराब की मांग रहती है। होली में शराब की बिक्री प्रभावित न हो, इस बात को ध्यान में रखते हुए सभी शराब दुकानों में मध्यम दर्जे की चर्चित ब्रांड की शराब का स्टॉक किया जा रहा है। इसके अलावा गोवा स्टैंडर्ड की शराब का अतिरिक्त स्टॉक स्टोरेज करने की व्यवस्था की है।

सुकमा में निलंबित पंचायत सचिव गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजा

■ 3.23 लाख रुपए की शासकीय राशि हड़पने का मामला

सुकमा/नवप्रदेश। जिले के कोंटा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कामाराम में शासकीय धनराशि के दुरुपयोग के मामले में प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए निलंबित पंचायत सचिव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह कार्रवाई ग्रामीणों की शिकायत और विस्तृत जांच के बाद की गई, जिससे पंचायत स्तर पर जवाबदेही सुनिश्चित करने का संदेश गया है।

जिला प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत कामाराम की उड़के माड़े समेत 19 ग्रामीणों ने पंचायत में वित्तीय गड़बड़ी की लिखित शिकायत की थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कोंटा द्वारा जांच कराई गई। जांच में सामने आया कि संबंधित पंचायत सचिव मोहम्मद हाफिज खान ने ग्राम पंचायत कामाराम तथा ग्राम पंचायत सूरपनगुड़ा में पदस्थ रहते हुए कुल 3 लाख 23 हजार 760 रुपये की शासकीय राशि का गबन किया। जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने के बाद जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के निर्देश पर आरोपी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की प्रासंगिक धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शासकीय धन में किसी भी प्रकार की अनियमितता या हेराफेरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मामले की आगे की जांच जारी है।

ग्रामीणों ने जताया संतोष कार्रवाई के बाद क्षेत्र में संतोष का माहौल है। जिला प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि पंचायतों में वित्तीय पारदर्शिता बनाए रखने के लिए भविष्य में भी ऐसी अनियमितताओं पर कठोर कदम उठाए जाएंगे।

चारधाम यात्रा के नाम पर ठगी 4 लोगों से 85 लाख रुपए पार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में साइबर ठगी का नया पैटर्न सामने आया है, जिसमें ठग अलग-अलग तरीकों से लोगों के बैंक खातों में सेंध लगा रहे हैं। चारधाम यात्रा के लिए सीनियर सिटीजन कार्ड बनाने और निवेश पर भारी मुनाफे का झांसा देकर चार लोगों से करीब 85 लाख रुपये से अधिक की ठगी की गई है। पीड़ितों में एक रिटायर्ड आयकर अधिकारी भी शामिल हैं। सभी ने संबंधित थानों में शिकायत दर्ज कराई है और पुलिस मामलों की जांच कर रही है।

टिकरापारा निवासी 74 वर्षीय रिटायर्ड आयकर अधिकारी चोलाराम मरकाम को 8 फरवरी को तब ठगी का पता चला, जब वे बैंक में पासबुक अपडेट कराने पहुंचे। उनके खाते से 1.96 लाख रुपये अलग-अलग किश्तों में निकाल लिए गए थे। उन्होंने किसी को भी बैंक संबंधी जानकारी साझा नहीं की थी। मठपारा के विमल श्रीवास (52) को सोशल मीडिया पर सस्ते में उत्तराखंड चारधाम यात्रा का लिंक मिला। लिंक पर निजी जानकारी भरने और भुगतान करने के बाद उन्होंने 2.14 लाख रुपये जमा किए, लेकिन टिकट नहीं मिला। संपर्क करने पर दिए गए नंबर भी बंद मिले।

कोटा क्षेत्र के कारोबारी अमृत बिलथरे से भोपाल निवासी एक व्यक्ति ने बड़े मुनाफे का लालच देकर 75 लाख रुपये निवेश करा लिए। शुरुआती भुगतान के बाद आरोपी ने रकम लौटाने से इनकार कर दिया। वहीं छोटापारा के गुलाम खान (64) को कोलकाता हेड ऑफिस का अधिकारी बनकर फोन आया और मुफ्त सीनियर सिटीजन कार्ड बनाने का झांसा दिया गया। एपीके फाइल डाउनलोड करते ही उनके खाते से 5 लाख रुपये निकाल लिए गए।

अंग्रेजों के जमाने का सिक्का व सोने का हार सस्ते में देने का झांसा देकर ढाई लाख ठगे

रायपुर/नवप्रदेश। ठग मां-बेटे ने एक कर्मचारी को यह कहकर ठग लिया कि उनके पास हाथी को पहनाने वाला सोने का हार और अंग्रेजों के जमाने के सिक्के हैं। सोने के हार को सस्ते में बेचने का झांसा देकर दोनों ने ढाई लाख रुपए ठग लिए। इसकी शिकायत पर पुलिस ने ठगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। हालांकि अभी उनका पता नहीं चल पाया है। पुलिस के मुताबिक, महेश कानस्कर हेल्थ केयर सेक्टर में काम करते हैं। पिछले दिनों वह देवपुरी में अपने ऑफिस से पचपेड़ीनाका की तरफ लौट रहा था। इस दौरान वे थोड़ी देर के लिए एक जगह रुके। इस दौरान मजदूर जैसे हुलिए में राजेश प्रजापति मिला। उसने उसे अंग्रेजों के जमाने के सिक्के दिखाए। इन सिक्कों को देकर कुछ पैसों की मांग की।

सूरजपुर में दो सगे भाइयों की मौत

■ करंट से भाई की मौत के बाद दूसरे ने फांसी लगाई, टी-शर्ट पर लिखा था सुसाइड नोट

सूरजपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले के महेशपुर गांव में दो सगे भाइयों की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। पहले फेंसिंग तार में करंट लगने से बड़े भाई की मौत हुई और इसके कुछ ही दिन बाद छोटे भाई ने कथित रूप से फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। घटना से परिवार और गांव में शोक की लहर है।

मिली जानकारी के अनुसार, बीते रविवार को खेत में लगे फेंसिंग तार की चपेट में आने से नर्मदा प्रसाद की करंट लगने से मौत हो गई थी। इस घटना के बाद परिवार सदमे में था। बताया जा रहा है कि बड़े भाई की असामयिक मौत से आहत छोटे भाई गणेश राम ने डर और मानसिक तनाव के चलते यह आत्मघाती कदम उठा लिया।

फांसी के फंदे से लटका मिला दूसरे भाई का शव

सोमवार को गणेश राम का शव गांव के पास एक पेड़ पर फांसी के फंदे से लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही प्रेमनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

मृतक की टी-शर्ट पर लिखा था सुसाइड नोट

मामले में एक और चौंकाने वाली बात सामने आई है। मृतक की टी-शर्ट पर ही सुसाइड नोट जैसा संदेश लिखा मिला, जिसमें उसने अपनी पत्नी का नाम लिखते हुए 'रीना मुझे माफ कर देना' लिखा था। इस आधार पर पुलिस आत्महत्या की आशंका जता रही है, हालांकि हर पहलू से जांच की जा रही है।

पीएम रिपोर्ट के बाद होगा मौत का खुलासा

यह पूरी घटना प्रेमनगर थाना क्षेत्र की है। लगातार दो भाइयों की मौत से गांव में मातम पसरा हुआ है और लोग स्तब्ध हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि, पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत के सही कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा।

फर्जीवाड़ा: ग्रामीणों ने राजस्व विभाग पर लगाया मिलीभगत का गंभीर आरोप

शासकीय निस्तार भूमि पर घोटाला, पट्टा बनाकर अवैध कब्जा

सरगुजा/नवप्रदेश। क्षेत्र में शासकीय निस्तार की भूमि पर अवैध कब्जे की घटनाएँ थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ग्राम झरगंवा की 4 एकड़ 65 डिसमिल निस्तार भूमि पर फर्जी पट्टे और राजस्व विभाग की कथित मिलीभगत से कब्जा करने की ताज़ा कोशिश ने ग्रामीणों में आक्रोश फैला दिया। ग्रामीणों के विरोध के बाद बाहरी कब्जाधारी मौके से भाग निकला और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया।

शासकीय भूमि पर कब्जे की बड़ी कोशिश: ग्राम झरगंवा, बभनीनगढ़ के नीचे स्थित शासकीय निस्तार की 4.65 एकड़ भूमि पर मूलतः बारगीडीह और वर्तमान में रायपुर निवासी व्यक्ति द्वारा घेराव की कोशिश की जा रही थी। आरोप है कि राजस्व विभाग की कृपा से इस भूमि को खसरा नंबर 147/2 रकबा 0.5870 के आधार पर गलत तरीके से सोफिया फिरदोषी पत्नी मोहम्मद इमरान खान के नाम दर्ज बताया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि निस्तार भूमि का पट्टा पहले झरगंवा निवासी शाखा राम के नाम था, लेकिन उनकी मृत्यु के बाद बिना सहमति, बिना प्रक्रिया और बिना अधिकार इस भूमि को नए नाम पर दर्ज कर दिया गया।

पटवारी पर आरोप- 'दो वर्षों से कब्जाधारी को संरक्षण': ग्रामीणों ने झरगंवा के पटवारी राजेंद्र पैंकरा पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले दो वर्षों से वे अवैध कब्जाधारी को संरक्षण दे रहे हैं। इसी वजह से बाहरी व्यक्ति के हौसले बुलंद हुए और उसने लाखों रुपये का सामान गिराकर जेसीबी के सहारे घेराव शुरू कर दिया।

ग्रामीणों का उग्र विरोध, कब्जाधारी मौके से फरार

- जैसे ही ग्रामीणों को घेराव की जानकारी मिली, सैकड़ों ग्रामीण बभनीनगढ़ पहुँच गए। ग्रामीणों के विरोध के बाद कब्जाधारी डरकर मौके से भाग खड़ा हुआ, लेकिन जाते-जाते ग्रामीणों को जान से मारने की धमकी भी दे गया। इससे ग्रामीणों का आक्रोश और बढ़ गया।
- 'क्या शासकीय निस्तार भूमि बेची जा सकती है?'- ग्रामीण
- ग्रामीणों ने साफकहा कि, निस्तार की शासकीय भूमि न बिकी जा सकती है और न ही किसी बाहरी व्यक्ति के नाम दर्ज हो सकती है। उन्होंने राजस्व विभाग पर आरोप लगाया कि- ग्रामीणों को छोटे कामों के लिए तहसील कार्यालय में दौड़ाया जाता है
- लेकिन शासकीय भूमि को गलत तरीके से बाहरी व्यक्ति के नाम कर दिया जाता है
- मृतक शाखा राम की सहमति के बिना भूमि हस्तांतरण अवैध है

कवर्धा में 'छल्ला गैंग' का पर्दाफाश, छह लोग गिरफ्तार

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले के कुकदुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए लंबे समय से सक्रिय लुटेरा गिरोह 'छल्ला गैंग' का खुलासा किया है। पुलिस ने एक नाबालिग समेत कुल छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गैंग पर राहगीरों, व्यापारियों और बाहरी लोगों को धमकाकर लूटपाट करने के कई मामले दर्ज थे। कुकदुर थाना क्षेत्र के रहने वाले सभी आरोपी कई महीनों से सुनसान और अंधेरे रास्तों पर राहगीरों को रोककर लूट की घटनाओं को अंजाम दे रहे थे। शिकायतें बढ़ने के बाद पुलिस ने विशेष टीम बनाकर इन पर नजर रखी और सभी को दबिश देकर गिरफ्तार किया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, समाचार संपादक-संदीप दीवान, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com